रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 07 दिसम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-105 मूल्य 3.00 ₹

### क्विक न्यूज

## प्रोटेम स्पीकर को लेकर बृजमोहन के नाम की चर्चा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष के लिए भी कवायद शुरू हो गई है। जहां दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम पर विचार-विमर्श किया जा रहा है, वहीं संसदीय कार्यों के जानकार 8 बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के नाम की चर्चा प्रोटेम स्पीकर के रूप में की जा रही है। हालांकि इसको लेकर किसी भी प्रकार की पुष्टि पार्टी ने नहीं की है। मुख्यमंत्री पद के लिए दिल्ली में संभवतः मुहर लगेगी, उसके बाद पर्यवेक्षक रायपुर पहुंच सकते हैं। विधायक दल की बैठक औपचारिक रायशुमारी के बाद मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान संभव है। प्रोटेम स्पीकर के लिए बृजमोहन अग्रवाल के अलावा अजय चन्द्राकर, अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धरमजीत सिंह समेत अन्य पर विचार किया जा सकता है।

## कश्मीर में सत्तर वर्षों तक जिनके साथ अन्याय हुआ अब उनको मिलेगा न्याय : शाह

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में सत्तर वर्षों तक जिनके साथ अन्याय हुआ और जिन्हें अपमानित किया गया अब उनको सम्मान के साथ अधिकार मिलेगा। शाह ने लोकसभा में जम्मू-कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक पर छह घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए आज कहा कि 70 वर्षों से जिन पर अन्याय हुआ।

# अरुण साव और गोमती साय ने सांसद पद से दिया इस्तीफा

## मुख्यमंत्री को लेकर फैसला अभी तक नहीं

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव ने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दिया। वहीं साव अब विधायक बने रहेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में लोरमी सीट से अरुण साव विधायक चुने गए हैं। सीएम के दावेदारों में भी उनका नाम चल रहा है। साव के साथ सांसद गोमती साय और रेणुका सिंह के इस्तीफे की खबर है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री को लेकर नए चेहरे का चुनाव करना पड़ा तो इन्हीं में से कोई एक पर मुहर लग सकती है। वहीं आदिवासी चेहरे के रूप में विष्णुदेव साय का नाम भी प्रमुखता से सामने आया है। अरुण साव को लोरमी, रेणुका सिंह को भरतपुर-सोनहरत, गोमती साय को पत्थल गांव और विजय बघेल को पाटन से टिकट दिया था। इनमें से विजय बघेल को छोड़कर तीनों ने जीत हासिल की है। उधर, केंद्रीय नेतृत्व की ओर से विधायक चुने गए नेताओं को सांसद के पद से इस्तीफा देने कहा गया था। एक-एककर सभी ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है ।



### सामुहिक नेतृत्व में लड़ा गया चुनाव

छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 2023 का यह विधानसभा चुनाव सामुहिक नेतृत्व में लड़ा है। पार्टी ने किसी भी चेहरे को आगे नहीं रखा। चुनाव सिर्फ मोदी के चेहरे और मोदी की गारंटी पर लड़ा गया। ऐसे में राज्य की बागडोर किसे सौंपी जाएगी, फिलहाल इसका अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

## रमन पर फंस गया पेंच



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री पद को लेकर अभी भी पेंच फंसा हुआ है। दरअसल में इसके पीछे प्रमुख वजह डॉ. रमन सिंह हैं। सत्ता वापसी में सभी नेताओं के साथ डॉ. रमन सिंह की अहम भूमिका है। भूपेश सरकार और कांग्रेस पिछले 5 साल में लगातार रमन के चेहरे को भोथरा करते रही। रमन सिंह भी भूपेश बघेल और कांग्रेस सरकार को जमकर आड़े हाथ लिया। उसके बाद भी रमन आज भी लोकप्रिय बने हुए हैं। कहते हैं कि रमन सिंह ने विधानसभा चुनाव पूर्व राज्यपाल बनने के प्रस्ताव को खारिज करते हुए छत्तीसगढ़ के जनता की सेवा करना उचित समझा। दरअसल में भाजपा के अंदर रमन सिंह को लेकर पेंच इसलिए फंसा है कि जब रमन ने राज्यपाल बनने से इनकार कर दिया, तो वह विधानसभा अध्यक्ष का पद स्वीकार करने में कितनी रुचि दिखाएंगे। इसके साथ ही 15 साल तक राज्य में मुख्यमंत्री रहने के बाद रमन को उनसे कहीं जुनियर नेताओं के अधीन मंत्री पद पर कैसे विचार किया जाए। मोदी-2 में रमन सिंह को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भी जगह नहीं दी गई। तकरीबन 6 माह बाद पुनः लोकसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में रमन सिंह को केन्द्र में शायद ही जगह मिल सके। इन तमाम हालातों को देखते हुए रमन का क्या किया जाए? यह भी एक मंथन का विषय है। ऐसे में ऊंट किस करवंट बैठेगा, फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता।



### भाजपा नेताओं ने की पीएम मोदी और जे.पी. नड्डा से मुलाकात

चुनाव जीतकर आए मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात की। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, राजवर्धन सिंह राठौर, अरुण साव, रीति पाठक, गोमती साय समेत अन्य मौजूद रहे।

# सरकार ने खाद के भाव स्थिर रख किसानों को वैश्विक झटकों से बचाया : मांडविया

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि केंद्र ने किसानों के लिए रासायनिक उर्वरकों के दामों की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए पिछले 2-3 वर्ष के दौरान जिंसों की वैश्विक कीमतों में उछाल का पूरा बोझ अपने कंधे पर उठाया है। उन्होंने कहा कि यही कारण है भारत में एक ऐसे दौर में उर्वरकों की खपत में स्थिरता बनी रही और कृषि उत्पादन में नए रिकार्ड बने जबकि विश्व में उत्पादन में गिरावट दर्ज की गयी। मांडविया यहां उर्वरक उद्योग के एक सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। इसका अयोजन फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) ने किया था। रसायन एवं उर्वरक मंत्री ने कहा कि सरकार



ने देश में उर्वरकों का उत्पादन बढ़ाने , आपूर्ति के दौरान बिखराव और हेराफे री रोकने के कई उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि इससे उत्पादकता के नए रिकार्ड बने हैं। आत्मनिर्भरता के लिए सरकार के प्रयासों से यूरिया उत्पादन की करीब 30 लाख टन वार्षिक क्षमता के कारखानों का उद्धार किया गया जो बंद पड़े थे। उन्होंने कहा कि एक दो साल में उर्वरक उत्पादन की नयी क्षमताएं चालू होंगी।' मांडविया ने कहा कि सरकार फॉस्फेट और पोटाश आधारित उर्वरकों के लिए कच्चे माल की आपूर्ति की भरोसेमंद व्यवस्था करने में भी लगी है। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री प्रणाम' पहल के तहत धरती की पारिस्थितिकी को सुरक्षित रखने के लिए उर्वरक के संतुलित प्रयोग, वैकल्पिक उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्साहित करने ,जैविक खेती को बढ़ावा देने और संसाधनों के संरक्षण की प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा । उन्होंने इस क्षेत्र में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नवाचारों तथा खेतों में ड्रोन से उर्वरकों और दवाओं के छिड़काव में महिलाओं को जोड़ने की नमो ड्रोन दीदी योजना जैसी पहल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों का लक्ष्य है कि किसानों को उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में और समय पर आपूर्ति कर 14 करोड़ किसान परिवारों की मदद की जाए और नए उभरते वैश्विक उर्वरक बाजार में भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाया जाए।

## डॉ. चरणदास महंत या भूपेश बघेल बनाए जा सकते हैं नेता प्रतिपक्ष





**रायपुर।** राज्य में सत्ता गवाने के बाद कांग्रेस पार्टी डॉ. चरणदास महंत को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंप सकती है। महंत ने जांजगीर जिला में बेहतर प्रदर्शन करते हुए आलाकमान का विश्वास बरकरार रखा है। वहीं नेता प्रतिपक्ष के रूप में तेज तर्रार नेता के रूप में भूपेश बघेल पर भी मुहर लग सकती है। इसके अलावा पूर्व में नेता प्रतिपक्ष रहे टी.एस. सिंहदेव और रविन्द्र चौबे चुनाव हार चुके हैं। संसदीय मामले के जानकार कहे जाने वाले नेता मोहम्मद अकबर भी विधानसभा चुनाव में बुरी तरह पराजित हो गए। भूपेश मंत्रिमंडल के तीन सदस्य उमेश पटेल, कवासी लखमा और अनिला भेंड़िया ही चुनाव जीत सकी। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान यह जिम्मेदारी महंत या भूपेश को सौंप सकते हैं।



# दूसरे दिन भी चला निगम का बुलडोजर, अवैध कब्जाधारियों की खैर नहीं

## एनआईटी, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड, बकरा बाजार सहित संतोषी नगर क्षेत्र में हुई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा के बहुमत में आने के तुरंत बाद जिला प्रशासन अवैध कब्जाधारियों पर सख्त रूख अपनाया है। राजधानी में अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही दूसरे दिन भी जारी रही। पुलिस प्रशासन का सहयोग लेकर नगर पालिक निगम रायपुर के जोनों का अमला शहर के अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही करता नजर आया।

रायपुर नगर निगम द्वारा सघन अभियान चलाकर शहर के विभिन्न मार्गों पर निर्मित अवैध दुकानों को तोड़ने व ठेला गुमटी को हटाने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। निगम द्वारा पुलिस प्रशासन की मदद लेकर एनआईटी के पास दुकानदारी करने वाले ठेला-गुमटी के लगभग 57 दुकानदारों को हटाया गया। साथ ही इन्हें पुनः इस जगह पर अवैध रूप से दुकानदारी नहीं करने की चेतावनी भी दी गई। इन दुकानदारों को पूर्व में ही बता दिया गया था कि कल से यहां पर दुकान नहीं लगानी है। इसके बाद भी वे नहीं माने, तो निगम ने कार्यवाही कर दुकाने हटाई हैं। वहीं नगर निगम के जोन क्रमांक-3 की टीम द्वारा नगर निवेश विभाग और मुख्यालय उड़न दस्ता के साथ पुलिस प्रशासन बल की उपस्थिति में रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में कार्यवाही की गई। यहां पर शासकीय भूमि पर निर्मित 3 अवैध दुकानों को तोड़ने की कार्यवाही की गई। बतां दें कि इन दुकान मालिकों को पूर्व में ही अवैध निर्माण हेतु नोटिस प्रदान की गई थी। जिसके बाद भी इनके द्वारा स्वतः कार्यवाही नहीं की गई। नगर पालिक निगम के जोन-6 की टीम द्वारा रिंग रोड नम्बर-1 में बकरा मार्केट के पास अभियान चलाकर अवैध चबूतरे को हटाने सहित अवैध ठेला-गुमटी को जप्त करने की कार्यवाही की गई। साथ ही संतोशी नगर से बोरियाखुर्द रोड में भी अभियान चलाकर अवैध ठेला गुमटी को जप्त करने सहित अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।


गुंडे-बदमाशों की खैर नहीं, चलेगा बुलडोजर
रायपुर कलेक्टर की दो टूक, एसडीएम और निगम कमिश्नर करें सख्त कार्रवाई
बुलडोजर लेकर पहुंची निगम की टीम ने अवैध चौपाटी को हटाया
अब नहीं चलेगा गुंडाराज : बृजमोहन









## बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण भी सख्त, चखना सेंटरों पर लगातार होगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर शहर समेत ग्रामीण इलाकों में चखना सेंटरों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। तीन दिनों के भीतर सभी चखना सेंटरों को ध्वस्त किया जाएगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने बुधवार को इस आशय के निर्देश समय-सीमा की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में आज शाम तक और ग्रामीण इलाकों में दो दिन के भीतर शराब दुकानों के पास संचालित चखना सेंटरों को तोड़ा जाएगा। कलेक्टर ने नगर निगम, आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम को इस कार्रवाई को अंजाम देने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनदर्शन अब हर सोमवार को टीएल की बैठक के बाद दोपहर 12 बजे से होगा। समय-सीमा की बैठक भी मंगलवार की जगह हर सोमवार को सुबह 11 बजे होगी। जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं में प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। प्रत्येक मंगलवार को होने वाला जनदर्शन अब हर सोमवार को दोपहर 12 बजे से टीएल बैठक के पश्चात होगा। चुनावी आचार संहिता के चलते विगत दो माह से जनदर्शन का कार्यक्रम बंद था। जनदर्शन में कलेक्टर आम जनता से मिलकर उनकी समस्याएं सुनते है। उन्होंने सभी एसडीएम को स्कूल, आंगनबाड़ी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का लगातार दौरा कर व्यवस्था देखने कहा। कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी को प्रतिदिन रिकार्ड रूम का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग अभिलेख लेने कलेक्टोरेट के रिकार्ड रूम आते है। उन्हें अभिलेख प्राप्त करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने दो टूक कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बेमौसम बारिश को देखते हुए धान को बारिश से बचाने के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा की। अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। टीएल के लंबित प्रकरणों को कलेक्टर ने जल्द निराकृत करने कहा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, डीएफओ संजय यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल, एडीएम आर ए कुरूवंशी सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## शहर की सडकों पर घूमकर कब्जा हटाने कलेक्टर ने दिया निर्देश

पायनियर संवाददाता < अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुंदन कुमार शहरी व्यवस्था का जायजा लेने निरीक्षण पर निकले। शहरी व्यवस्था को सुदृढ एवं व्यवस्थित करने हेतु उन्होंने नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार के साथ शहर के अलग-अलग हिस्सों का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर का निरीक्षण कर कहा कि प्रशासन का मूल उद्देश्य लोगों के लिए सुविधाओं को बढ़ाना है, सजग होकर बेहतर शहरी व्यवस्था सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गुरुनानक चौक, सत्तीपारा, शिवाजी चौक का निरीक्षण कर वहां साफ -सफाई का जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि शहर में साफ -सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो, इसके लिए नियमित रूप से कचरे का कलेक्शन किया जाए। उन्होंने नालियों की नियमित सफाई पर भी विशेष जोर देने के लिए कहा। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, ठेले-गुमटियों वालों को नोटिस जारी कर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ कराए जाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर कुंदन ने इस दौरान जिला चिकित्सालय तथा मातृ शिशु चिकित्सालय का भी औचक निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने विभिन्न वार्डो का जायजा लेकर मरीजों एवं उनके परिजनों हेतु समुचित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिला चिकित्सालय के सामने अतिक्रमण पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित करते हुए ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय से 200 मीटर का एरिया नो पार्किंग जोन एवं नो वेंडिंग जोन होगा, नियमों का पालन कराने दो ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती करने के निर्देश दिए जिससे मरीजों को सुविधा हो।

## राज्यपाल ने डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन किया। उन्होंने अपने निवास में डॉ. अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज के वंचित एवं कमजोर तबके के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए हमेशा शोषितों और पीड़ितों के लिए आवाज बुलंद की और सदैव दलितों की सुरक्षा के लिए संघर्ष किया। भारत के संविधान निर्माण में उनकी मुख्य भूमिका थी। वे हमारे देश के गौरव पुत्र है। उनका योगदान चिरस्मरणीय है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, उप सचिव दीपक अग्रवाल सहित राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी बाबा साहेब अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## रायपुर रेल मंडल ने मनाया महापरिनिर्वाण दिवस

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल द्वारा संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) आशीष मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आर के साहू, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अखिल भारतीय रेलवे कर्मचारी एशोसिएशन के डिविजनल प्रेसिडेन्ट भोली चौधरी, मंडल सचिव श्री वाय के मिहुलिया, मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) राहुल गर्ग सहित सभी विभागों के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर व भगवान बुद्ध के चित्रों पर श्रद्धांजली स्वरूप श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अखिल भारतीय रेलवे कर्मचारी एशोसिएशन पदाधिकारी के द्वारा बुद्ध वंदना की गई, सभी कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी के जीवन से संबंधित विषयों एवं उनकी प्रखर मेधा एवं दूरदर्शिता पर प्रकाश डाला ।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस आज : सैनिकों के कल्याण के लिए दान की अपील

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सशस्त्र सेना झंडा दिवस प्रति वर्ष भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में हमारे देश में 07 दिसम्बर को हर्ष के साथ मनाया जाता हैं। इस परिप्रेक्ष्य में सचिव, राज्य सैनिक बोर्ड एवं संचालक सैनिक कल्याण, ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, व्ही. एस. एम (से.नि), द्वारा छत्तीसगढ के सभी नागरिक से अपील की गई है कि शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत् सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें। गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समस्त नागरिकों के लिये अपनी सेना में विषम एवं दुर्गम इलाकों में सेवारत् सैनिकों, वीर शहीदों के परिवार व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का उत्तम अवसर है, जिसमें सभी नागरिक दिल खोलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में बढ़ चढ़कर योगदान दे सकते हैं।

## सरकार बदलते ही जेल में मिलने वाली वीआईपी सुविधाएं बंद



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मनी लांड्रिंग, कोयला, शराब घोटाला और महादेव एप के मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद कैदियों की वीआइपी सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। जेल प्रशासन ने सरकार बदलते ही सुविधाओं पर रोक लगा दी है। महिला और पुरुष दोनों सेल में विशेष सुविधाएं मिल रही थी। उन्हें अब सामान्य कैदियों की तरह रखा जा रहा है। उनके साथ ही खाना भी दिया जा रहा है। जेल सूत्रों की मानें तो यह सुविधाएं सोमवार से बंद कर दी गई हैं। अब तक सभी को अलग-अलग बैरक में रखा गया था। वहां उनके खाने से लेकर सोने तक की सुविधाएं अलग थीं। खबर यह भी है कि एसी भी हटवा दी गई है। जेल प्रशासन को अंदेशा है कि कभी भी औचक निरीक्षण हो सकता है। ऐसे में तैयारी कर ली गई है। कैदियों को अपनी सामाजिक स्थिति और आर्थिक प्रोफाइल के आधार पर 'वीआइपी स्थिति' के लिए आवेदन करने का अधिकार है। आम तौर पर वीआइपी कैदी के लिए पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री, संसद सदस्य (एमपी), पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, उप-वक्ताओं, मौजूदा सांसद, विधायकों और न्यायिक मजिस्ट्रेट को चुना जाता है। ज्यादातर दोषी राजनेताओं के लिए यह विशेष स्थिति प्राप्त करना बेहतर रहने-खाने की व्यवस्था कर लेने का प्रवेश द्वार है।

### हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मामले की जल्द से जल्द जांच कर कोर्ट में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश

## शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक के खिलाफ अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिले के जिला शिक्षा अधिकारी व बिलासपुर संभाग के संयुक्त संचालक शिक्षा के पद पर रहे रामानंद हीराधर के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति मामले में जिला न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आय से अधिक संपत्ति मामले में चालान जिला न्यायालय में पेश किया गया। जिसके बाद अदालत ने पूर्व संयुक्त संचालक शिक्षा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। बिलासपुर संभाग के संयुक्त संचालक रामानंद हीराधार बिलासपुर जिले में जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर भी रहे थे। इस दौरान आय से अधिक संपत्ति बनाने के मामले में उनकी शिकायत हुई थी। मामले में जांच के बाद कुल 1 करोड़ 43 लाख रुपए की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर के निरीक्षक सी तिग्गा को प्रार्थी बनाकर 24 जून 2021 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1) (बी) व 13 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया था। रामानंद हीराधर ने अपने पद का फायदा उठा भ्रष्टाचार कर अपनी अपनी पत्नी व अपने दोनो बच्चों के नाम से कांकेर जिले के टिकरा व मानकेसरी गांव, रायपुर के अभनपुर, बायरन बाजार बिलासपुर के चांटीडीह, द्वद्व व मैक्स लाइफ इंश्योरेंस में इन्वेस्टमेंट की रकम की जानकारी जांच में मिली थी। पर्याप्त साक्ष्य के बाद भी आरोपी हीराधर के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही थी। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मामले की जल्द से जल्द जांच कर कोर्ट में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में जानकारी दी गई थी कि एसीबी में बार-बार आवेदन देने के बाद भी कार्यवाही आगे नहीं बढ़ाई जा रही है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस एन के चंद्रवंशी की डिवीजन बेंच में हुई। सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने एसीबी के एसपी को 6 सप्ताह के भीतर जांच पूरी कर सीआरपीसी की धारा 173/2 के तहत ट्रायल कोर्ट में चालान जमा करने के निर्देश दिए थे।

## भाजपा के झूठ के सामने हमारा सच दब गया : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को हराकर पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है, वहीं पीसीसी चीफ दीपक बैज ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार को लेकर कहा, जनादेश का हम सम्मान करते है, चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं आया, भाजपा के झूठ के सामने हमारा सच दब गया, छत्तीसगढ़ की जनता को हक मिले, इसके लिए संघर्ष जारी रहेगा, परिणाम को लेकर कहा ईवीएम पर सवाल उठ रहे है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। इतना ही नहीं बस्तर कांग्रेस के कई आदिवासी दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री भी हार गए हैं। इस हार को लेकर लगातार कांग्रेस के बड़े नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि हमने 5 साल की सरकार में बेहतर तरीके से काम किया है और हमारा घोषणा पत्र भी अच्छा रहा, लेकिन फिर भी हमें जनादेश नहीं मिला, इसमें कहां चूक हुई इसकी जरूर समीक्षा की जाए, हार की वजह को लेकर इस्तीफा देने के सवाल पर दीपक बैज ने कहा, हम सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़े पार्टी जो तय करेगी, पार्टी का निर्णय मान्य होगा। आदिवासी सीएम की मांग के सवाल पर कहा, भाजपा में कई अनुभवी आदिवासी लीडर है भाजपा आदिवासी सीएम बनाते है, तो इससे बेहतर क्या, वही बुलडोजर की कार्रवाई पर कहा, बीजेपी लगातार डराने की राजनीति करती आई है चुनाव के दौरान ईडी और आईटी के माध्यम से डराने का काम किया, ईवीएम पर उठ रहे सवाल पर कहा, ईवीएम मशीन पर सवाल अभी से नहीं भाजपा नेता आडवाणी ने सबसे पहले उठाया था कुरूद और दक्षिण विधानसभा में कुछ निर्दलीय प्रत्याशियों ने सवाल उठाया।

# चक्रवाती तूफान मिचौंग से प्रभावित आम जनता को पहुंचाई राहत

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर ने दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने चक्रवाती तूफान मिचौंग से प्रभावित आम जनता को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर ने सभी तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से कहा कि, लगातार बेमौसम बारिश और बढ़ी हुई ठंड के कारण लोगों के अस्वस्थ होने की संभावना बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सभी सार्वजनिक स्थलों के साथ ही प्रतीक्षालयों में अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इसके साथ ही सामाजिक भवन, मंगल भवन इत्यादि को खोलने के निर्देश भी दिए, जिससे लोगों को राहत मिले। उन्होंने सभी अधिकारियों को मुख्यालय में रहने के साथ ही मैदानी अमले को लगातार क्षेत्र में रहकर लोगों तक राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, इन परिस्थितियों में लोगों को पेट और वायरल संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं, जिनके लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध रखें। मितानीनों के पास भी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित रखें। कलेक्टर ने जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि लोगों को राहत पहुंचाने के लिए स्वयंसेवी संगठनों की सहायता भी लें। कलेक्टर ने धान के आवक और उठाव के संबंध में जानकारी लेते हुए धान की सुरक्षा के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने बेमौसम बारिश के कारण होने वाली फसल, पशु और जनहानि के आकलन के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग को निर्देश भी दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# नवनिर्वाचित विधायक चैतराम अटामी का किरंदुल प्रवास, विभिन्न स्थानों में किया गया स्वागत



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी बुधवार को किरंदुल प्रवास पर पहुंचे। सर्वप्रथम स्वागत कार्यक्रम किरंदुल प्रवेश द्वार से ही प्रारंभ हो गया जिसमें बीटीओए के द्वारा उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात किरंदुल सह प्रभारी भावना सक्सेना के नेतृत्व में निवास के सामने स्वागत कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। तत्पश्चात सुकरू कैंप अस्पताल पारा के जनता के द्वारा सत्संग मंदिर के सामने स्वागत किया गया तत्पश्चात बंगाली कैंप दुर्गा मंडप के सामने स्वागत किया गया तत्पश्चात हरि मंदिर के सामने स्वागत कार्यक्रम किया गया राधा कृष्ण मंदिर के सामने कार्यकर्ता व आम जनता के द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात राघव मंदिर में बैलाडीला देवस्थान समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, प्रकाशचंद्र जैन द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं के साथ में चैतराम अट्टामी ने राघव मंदिर एवम भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना की और कार्यकताओं से भेंट मुलाकात करके आभार व्यक्त किया। ततपश्चात गायत्री परिवार किरंदुल द्वारा सत्संग भवन में वैदिक रीति रिवाज से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किरंदुल क्षेत्र की जनता ने मुझे जो आशीर्वाद दिया है उसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा और क्षेत्र के जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रयास करता रहूंगा। कार्यक्रम में जिला महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह,संतोष गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राजू छालीवाल किरंदुल मंडल प्रभारी सत्यजीत सिंह चौहान प्रदेश मंडल अध्यक्ष धरमपाल मिश्रा कार्य समिति सदस्य मीरा तिवारी श्रम आयोग के पूर्व सदस्य आर सी नाहक पूर्व सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सोनी आर टी आई जिला संयोजक मनोज छलिवाल सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्रकाश जैन महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सालिनी कर्मा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निमाई पाल पूर्व मण्डल अध्यक्ष अमरीक सिंह सिंहासन गुप्ता एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं आम जनता उपस्थित रहे।

### बायपास सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण मुआवजा संबंधी शिकायत पर जांच समिति गठित

**कोंडागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा बायपास सड़क निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण में किसानों द्वारा समान दर मुआवजा राशि के वितरण की मांग संबंधी शिकायत पर जांच समिति गठित की गई है। इस समिति में संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एआर मरकाम और पंजीयन एवं मुद्रांक के उप पंजीयक नरेन्द्र कुमार नाग को सदस्य बनाते हुए एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस

**जगदलपुर।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कल 07 दिसंबर 2023 के अवसर पर कलेक्टर बस्तर विजय दयाराम के.को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा प्रातः साढ़े 10 बजे ध्वज प्रतीक लगाकर इस कार्यकम का शुभारम्भ किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त विंग कमांडर जेपी पात्रो ने बताया कि इसका आयोजन कलेक्टोरेट कार्यालय में होगा।

## एससी-एसटी एसोसिएशन द्वारा मनाया गया डॉ. अम्बेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल एनएमडीसी एससी एसटी एसोसिएशन द्वारा 6 दिसम्बर बुधवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की 67वीं महापरिनिर्वाण दिवस डॉक्टर बी आर अंबेडकर चौक किरंदुल में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि एवं त्रिशरण पाठ के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के संरक्षक आर राजा कुमार महाप्रबंधक उत्पादन महाप्रबंधक सर्विसेज सेल्वा कुमार संस्था पूर्व अध्यक्ष राजकुमार स्वामी वर्तमान अध्यक्ष बी एल तारम महासचिव दामोदर सिंह नाग पति राम बघेल नवीन क्रिकेटर कुशल ध्रुव सुखराम गावडे अनिल रात्रि बिहार देंगे त्रिलोक बंदे राजनाथ श्री मधुकर सीतापुराव एवं संस्था सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए बारिश के वजह से कार्यक्रम को सादगी के साथ संपन्न कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदानों को नमन किया गया।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 10 परिवारों के लिए 40 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को 40 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील बस्तर ग्राम कविआसना निवासी बैसाखू की मृत्यु सांप काटने से पत्नी दयमति को, ग्राम मरलेंगा निवासी गनपत की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी श्रीमती आयती को, तहसील भानपुरी ग्राम कुंगारपाल निवासी बीरबल कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी फुण्डी को, ग्राम कुंगारपाल निवासी युवराज कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पिता लखमुराम को, ग्राम मुण्डागांव कोहका सिवनी निवासी तीलूराम की मृत्यु पानी में डूबने से पिता सायतु पटेल को, ग्राम विश्रामपुरी नागरवाही निवासी बुल्लूराम कोर्राम की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी कसाई कोर्राम को, तहसील बास्तानार ग्राम तुरांगुर निवासी बामन की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी मालती गावड़े को, ग्राम बिरगाली नाकापारा निवासी सुकती की मृत्यु पानी में डूबने से पति कोया को, तहसील दरभा ग्राम चितापुर निवासी रामबती की मृत्यु सांप काटने से पति बंगालू को और तहसील तोकापाल ग्राम छापरभानपुरी निवासी कोसा की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति की गई है।

## किबईबालेंगा में क्विज प्रतियोगिता का हुआ समापन



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कोंडागांव जिला अंतर्गत किबईबालेंगा में संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता सफलता से सम्पन्न की गई हैं। इस प्रतियोगिता में कन्या आश्रम कोकोड़ी ने प्राथमिक शाला स्तर पर, कोकोड़ी की एक द्वितीय प्राथमिक शाला ने और बालेंगापारा के एक माध्यमिक शाला ने माध्यमिक शाला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। इस साफल्य के बाद, संकुल केन्द्र किबईबालेंगा ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार प्रदान किया है। प्रतियोगिता में अग्रसर होने वाले छात्र-छात्राओं को उत्कृष्टता की ओर प्रवृत्त करने के लिए यह पहल काबूल की गई है। यह क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता ने नए आविष्कारों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया हैं, जिससे बच्चों में विज्ञान और तकनीकी रूचि को बढ़ावा मिलेगा। इस सफल प्रयास से स्थानीय शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर एक और कदम बढ़ा है, जिससे आगे चलकर बच्चों को आविष्कारी बनने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा।

# शहर हमारा-कचरा भी हमारा, हमें ही प्रबंधन करने की जरूरत

- स्वच्छता दीदी के साथ कलेक्टर ने की परिचर्चा





पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि स्वच्छता का महत्ता को बहुत कम लोग समझते हैं। शहर को स्वच्छ रखने में स्वच्छता दीदियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वच्छता दीदी द्वारा की जा रही कचरा प्रबंधन के माध्यम से शहर को स्वच्छ रखने के साथ-साथ स्वच्छता दीदियों की मानदेय के अतिरिक्त अपशिष्ट पदार्थों से समूह के सदस्यों की अतिरिक्त आय को बढ़ाना भी जरूरी है। इसके लिए दीदियों को कचरा प्रबंधन में अधिक मेहनत करने की आवश्यकता होगी। साथ ही सोर्स सेग्रीगेशन के लिए नागरिकों को गीला-सूखा कचरा को अलग-अलग रखने हेतु जागरूक करना भी जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि शहर हमारा, कचरा भी हमारा और हमें ही प्रबंधन करने की जरूरत है, कचरा को आय का साधन मानते हुए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। कलेक्टर विजय बुधवार को टॉउन हॉल परिसर में एसएलआरएम व स्वच्छता मिशन से संबंधित महिला समूह की सदस्यों (स्वच्छता दीदी) से परिचर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी भी उपस्थित थे। परिचर्चा में स्वच्छता दीदियों ने कलेक्टर और आयुक्त नगर निगम के समक्ष अपनी समस्या और मांग रखी। कलेक्टर ने कचरा कलेक्शन में एसएलआरएम सेंटर के महत्व को बताते हुए कहा कि दो सप्ताह में सभी सेंटरों में 11 लाख 75 हजार से अधिक राशि की कमाई अपशिष्ट पदार्थों से की है। उन्होंने अंबिकापुर का कचरा प्रबंधन मॉडल और वहां के रोल मॉडल स्वच्छता दीदी शशीकला सिन्हा का उल्लेख करते हुए जगदलपुर की महिला समूह को प्रोत्साहित किया। साथ ही कचरा प्रबंधन के लिए प्रशासन द्वारा बाबू सेमरा में एमआरएफ सेंटर संचालित करने के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने नागरिकों को गीला-सूखा कचरा के अलग-अलग रखने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। इसके लिए सफाई दरोगा का भी सहयोग की बात कही। कचरा प्रबंधन के लिए एसएलआरएम सेंटर में प्रतिदिन गीला-सूखा कचरा के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की छटाई उसी दिन किया जाना है। कचरा प्रबंधन में लगे हुए स्वच्छता दीदियों को सप्ताहवार रोटेशन के आधार कार्य करवाने के लिए सेंटर प्रभारी द्वारा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही सुबह 7.30 बजे से कर्तव्य स्थल में उपस्थिति देते हुए जल्द से जल्द कचरा प्रबंधन को समाप्त करने का प्रयास किया जाना चाहिए। सेंटर की व्यवस्थाओं और समस्याओं का निराकरण के लिए समूह के सदस्य आपस में मिलकर करें। एसएलआरएम सेंटर की स्थापना के उद्देश्य को पूरा करने के लिए मेहनत होना चाहिए। प्रशासन एवं स्वच्छता दीदी की सहयोग से ही शहर को स्वच्छ रखना है। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वच्छता दीदियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एसएलआरएम सेंटर को चेक का वितरण किए। साथ ही सर्वश्रेष्ठ सेंटर की रूप में बोधघाट की स्वच्छता दीदियों को शॉल एवं श्रीफल भेंट किया गया।

## भाजपा एसटी मोर्चा महामंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री से मिलकर जीत की दी बधाई



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी ने आज रायपुर में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से सौजन्य भेंट की।इस दौरान नंदलाल ने रमन के ऐतिहासिक जीत पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई एवम शुभकामनाएं दी।

### कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के विज्ञान, गणित और कॉमर्स प्रदर्शनी और फूड फेस्टिवल को सराहा

# भविष्य के लिए तय किए लक्ष्य हेतु सतत प्रयास जरूरी : कलेक्टर विजय दयाराम के.

- विवेकानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बाल दिवस के तहत किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने विवेकानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बाल दिवस के तहत आयोजित विज्ञान, गणित और कॉमर्स प्रदर्शनी और फूड फेस्टिवल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अपने भविष्य के लिए तय किए लक्ष्य हेतु सतत प्रयास जरूरी है। स्कूली बच्चों ने विज्ञान, गणित और कॉमर्स प्रदर्शनी के लिए सकारात्मक ऊर्जा और समर्पण दिखाया जो उनके लगन को प्रदर्शित करता है। उन्होंने अपने स्कूली दिनों को याद करते हुए अच्छे प्रदर्शनी के लिए स्कूल के विद्यार्थियों और सभी शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम में कलेक्टर ने बच्चों के विभिन्न मॉडलों का अवलोकन कर प्रतिदिन में उनकी उपयोगिता का भी संज्ञान लिया। फूड फेस्टिवल में बच्चों द्वारा प्रदर्शित व्यंजनों का भी स्वाद लिया और सराहना किए। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य मनीषा खत्री ने स्कूल की गतिविधियों से अवगत कराते हुए संस्था के स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में देश-प्रदेश में अच्छे प्रदर्शन की जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्कूल के विद्यार्थी और क्लासिक डांसर सुजॉय को सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूल के स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अनियंत्रित पिकअप पुल से नीचे गिरी 15 से अधिक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल



पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com

जिले के अंतागढ़ थाना क्षेत्र में ग्रामीणों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पुल से नीचे जा गिरी, इस हादसे में 15 से अधिक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को अंतागढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है, जहां सभी का इलाज जारी है। अंतागढ़ थाना प्रभारी रोशन कौशिक ने बताया कि सभी घायलों को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है, दुर्घटना के संबंध में जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सरंडी से ग्रामीण पिकअप में सवार होकर कोयलीबेड़ा आदिवासी समाज के आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे, इसी दौरान अंतागढ़ के पास पिकअप के ड्राइवर ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया जिसके बाद पिकअप वाहन पुल से नीचे जा गिरी। हादसे के वक्त पिकअप में 20 से अधिक ग्रामीण सवार थे। इसमें से 15 ग्रामीणों को गंभीर चोट आई है। बता दें कि कोयलीबेड़ा में 06 दिसंबर को आदिवासी समाज ने 21 अक्टूबर को हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए मारे गए 02 नक्सलियों को आम ग्रामीण बताते हुए आंदोलन का आगाज किया है। इसमें क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए हैं। इस पिकअप वाहन से सवार ग्रामीण भी इसी आंदोलन में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना: रबी फसलों का बीमा 31 दिसम्बर तक

## कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथ को किया रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी मौसम वर्ष 2023-24 में कृषकों के मध्य जन जागरूकता तथा अधिक से अधिक कृषकों को बीमा आवरण में लाने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट परिसर से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न ग्रामों के लिए रवाना किया। फसल बीमा प्रचार रथ को रवाना करने के दौरान संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कलेक्टर छिकारा ने योजना से जुडे कृषि विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी को समन्वय कर फसल बीमा के सफल संचालन एवं योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। रबी फसलों के लिए बीमा कराने के लिए अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है। शासन द्वारा किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का संचालन किया जा रहा है। योजनांतर्गत रबी वर्ष 2023-24 हेतु जिले में गेहू (सिंचित, असिंचित) एवं चना फसल बीमा हेतु अधिसूचित है। योजनांतर्गत जिले के छुरा तहसील के दादरगांव, हरदी, रजनकट्टा, पोड़, आसरा, मोहतरा, खट्टी एवं तहसील राजिम के पोखरा, रावड़, कुम्ही तथा धुरसा ग्राम अधिसूचित है। ऋणी एवं अऋणी कृषक निकटतम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक या व्यावसायिक बैंकों तथा सामान्य सुविधा केन्द्रों में जाकर अपने फसल का बीमा करवा सकते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 03 वर्षों के लिए जिले में फसल बीमा के लिए बजाज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को अधिसूचित किया गया है। गेंहू सिंचित के लिए 32 हजार रू., गेंहू असिंचित के लिए 23 हजार रू. एवं चना फसल के लिए 34 हजार रू. बीमित राशि प्रति हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। रबी फसल के लिए बीमित राशि का डेढ़ प्रतिशत प्रीमियम के रूप में कृषक द्वारा वहन किया जाना है जो प्रति हेक्टेर चना हेतु 510 रू, गेंहू सिंचित के लिए 480रू., गेंहू असिंचित के लिए 345 रू. निर्धारित है। बीमा कराने हेतु कृषक आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि संबंधी दस्तावेज व फसल बुआई प्रमाण पत्र के साथ लोक सेवा केन्द्र अथवा संबंधित बैंक से सम्पर्क कर सकते है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील है कि रबी फसल हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 के पूर्व तक अपनी फसल का बीमा करवा लेवें एवं बीमा आवरण का लाभ उठावें। फसल बीमा के बारे मे टोल फ्री नम्बर 1800-209-5959 एवं किसान शिकायत निवारण टोल फ्री नम्बर 14447 तथा फार्ममित्र मोबाईल एप के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ गंभीरतापूर्वक बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन व जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, डीएमसी के.एस. नायक, ए पी सी मनोज केला के मार्गदर्शन में दसवीं -बारहवीं बोर्ड परीक्षा हेतु प्रश्नबैंक निर्माण हेतु कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष गरियाबंद में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर छिकारा ने कहा कि सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारी को सुनिश्चित करना एक ऐसा लक्ष्य है, जो विद्यार्थियों के सफलता को प्रदर्शित करता है। सभी शिक्षक ब्लू प्रिंट में दिए गए अंक के आधार पर तैयारी कराने से निश्चित ही सफलता मिलेगी। सभी शिक्षक समर्पण भाव से अध्यापन कार्य संपादित करे, जिससे विद्यार्थियों को सफलता मिलने में आसानी होगी। कलेक्टर ने कहा कि हमें ऐसे प्रश्नपत्र का निर्माण करना चाहिए जिसे कमजोर विद्यार्थी भी आसानी से हल कर सके। हमारा लक्ष्य शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर होना चाहिए। कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने कहा कि अध्यापन कराना भी एक कला है। सभी शिक्षक शाला में छात्र-छात्राओं को समर्पण भाव के साथ पढ़ाएं ताकि परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके। जो विद्यार्थी लगातार अनुपस्थित हैं उनके पालक से संपर्क कर उन्हें नियमित शाला भेजने हेतु प्रेरित करें। प्रत्येक विषय हेतु 65 विभिन्न विषय शिक्षकों की कोर कमेटी का गठन किया गया है। जो मासिक, तिमाही, अर्द्धवार्षिक एवं प्री बोर्ड पर सतत कार्य करते रहेंगे। प्रश्नबैंक निर्माण करते समय वैकल्पिक, लघुत्तरीय,अति लघुत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न का समावेश हो। शिक्षक भयमुक्त वातावरण का निर्माण कर अध्यापन करावे ताकि परीक्षा परिणाम अच्छा हो सके। डीएमसी के.एस नायक ने कहा कि प्रश्नबैंक का निर्माण करते समय इस बात पर ध्यान दिया जावे कि सभी छात्रों के लिए उपयोगी हो एवं कमजोर बच्चे भी आसानी से समझ सके। एपीसी मनोज केला ने कहा कि सभी नोडल एवं उनके सहयोगी शिक्षक एक निर्धारित समय में प्रश्नबैंक का निर्माण करते समय शब्दों, वाक्यों एवं मात्राओं की त्रुटि को सुधारकर उन्हें समग्र शिक्षा कार्यालय गरियाबंद अनिवार्य रूप से जमा करें।

# जिले के खिलाड़ियों ने नेशनल गेम्स गोवा में जीता स्वर्ण व कांस्य पदक

## सरायपाली के नीलसागर ने छत्तीसगढ़ को दिलाया स्वर्ण पदक



पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

37 वें नेशनल गेम्स का आयोजन गोवा में संपन्न हुआ। उक्त आयोजन में प्रदेश से 27 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया। इस नेशनल गेम्स में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से खिलाड़ियों ने सहभागिता की। छत्तीसगढ़ मिनीगोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव भूपेन्द्र प्रसाद के मार्गदर्शन व कुशल निर्देशन में प्रदेश टीम को कुल 5 पदक हासिल करने में कामयाबी मिली, जिसमें 1 स्वर्ण पदक, 1 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने सभी प्रतिभागी एवं पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रदेश टीम के मैनेजर हेमन्त खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि डबल इवेंट मेन्स में महासमुंद जिला के प्रतिभाशाली खिलाड़ी नीलसागर पटेल को स्वर्ण पदक, महिला टीम इवेंट में चैनकुमारी निषाद को कांस्य पदक तथा पुरुष सिंगल इवेंट में संजीव नायक को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। प्रदेश टीम में बतौर मैनेजर पिथौरा के हेमन्त खुटे के साथ महिला टीम की कोच कल्पना स्वामी तथा पुरुष टीम के कोच राणा अजय सिंह शामिल हुए। छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम में महासमुंद जिले से हीना निषाद, नीलम निषाद व तिस्ता खुटे की भी भागीदारी रहीं। खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे ने सभी प्रतिभागी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

# मौसम के बदलाव ने बढ़ाई किसानों की चिंता, रुक -रुक कर हो रही बारिश



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

मौसम में आए बदलाव के बीच एक बार फिर से बारिश की आशंका गहराने लगी है। पूरे दिन बादल छाए रहने के साथ ही कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में बारिश हो सकती है। वही बारिश की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बदलते मौसम से जहां किसान खेतों में अपनी खड़ी फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे हैं तो वहीं धान खरीदी केंद्र में धान की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। एक ओर जहां धान की बंपर आवक से खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। तो वहीं धान परिवहन को लेकर जिम्मेदार विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिसके कारण परिवहन तेज गति से होने के बजाय कछुआ चाल में हो रहा है। हम बात कर रहे हैं मल्दामाल उपार्जन केन्द्र की जहां 1 नवंबर से धान खरीदी शुरु हुई है। वहीं आज दिसंबर के प्रथम सप्ताह होने जा रहा है। लेकिन अब तक धान का परिवहन नहीं किया गया है। जिससे केन्द्रो में जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके चलते धान खरीदी में भी असर पड़ेगा। धान को बारिश से बचाने आला अधिकारियों द्वारा उचित दिशा निर्देश और मॉनिटरिंग करने की बात कही जा रही है। आपको बता दें कि 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू हुआ है जो आगामी 31 जनवरी तक चलेगा। जबकि धान के परिवहन की बात करें तो दूर अब तक केंद्र में उठाव की शुरूआत भी नहीं हुई है। जिसके कारण यहां हजारों क्विंटल धान तिरपाल ढक कर रखा गया है। किसान समय रहते धान को सुरक्षित स्थानों पर रखने का प्रयास कर रहे हैं। एक ओर जहां कटे हुए धान को बीड़ा बांध कर सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर खेतों में खड़ी फसल को जल्द से जल्द थ्रेशर के माध्यम से कटाई करने के प्रयास में जुटे हैं। इसके अलावा सब्जी की खेती से जुड़े किसान भी परेशान है। उन्हें चिंता सताने लगी है कि कहीं पर मौसम बारिश हुई तो इसका सीधा असर सब्जी के उत्पादन पर पड़ेगा। वही मुनगा मैं लगे फुल खराब मौसम के कारण झाड़ सकते हैं। वहीं अन्य सब्जियों में कीड़े मकोड़े का प्रकोप बढ़ सकता है। खराब मौसम की चपेट में आने से नुकसान होने की आशंका बनी हुई है।

# रामचण्डी महाविद्यालय द्वारा डमजीवक विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



रामचण्डी महाविद्यालय में डमजीवक विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया ।सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा सरस्वति मॉ के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. जुबराज खमारी (प्राध्यापक, सम्बलपुर वि.वि.) एवं प्राचार्य डॉ. एन.के.भोई का स्वागत किया गया। बी.एड विभागाध्यक्ष प्रदीप बारीक के द्वारा अतिथि परिचय एवं सेमिनार विषय पर संद्विप्त जानकारी दिया गया। अध्यक्षीय भाषण देते हुए प्राचार्य डॉ. एन.के.भोई द्वारा सेमिनार विषय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि स्कूल तथा क्लास रूम में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। कक्षा में शिक्षक को किन विधियों का इस्तेमाल करना है यह शिक्षक पर निर्भर करता है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में नित नये-नये अनुसंधान के साथ नये नये तकनीक का समनवय करना एक अच्छे शिक्षक पर निर्भर करता है। मुख्य वक्ता प्रो. जुबराज खमारी ने डमजीवक विषय में प्रकाश डालते हुए शिक्षा, शिक्षण विधि, शिक्षण कौशल को शिक्षण प्रक्रिया में उपयोगिता की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि शिक्षण विधि का उपयोग कहॉ, कैसे और किस तरह करना है यह शिक्षक की कुशलता पर निर्भर करता है। इस कार्यक्रम में रामचण्डी? महाविद्यालय एवं प्रतिभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के समस्त छात्र-छात्रा उपस्थित थे सेमीनार में उपस्थित प्रतिभा कॉलेज के राजन्द्र चौधरी, मुकेश कुमार पटेल, सुभाष पटेल, समीत कुमार बारीक, दमयन्ति पटेल, रूपानन्द बारिक एवं रामचण्डी महाविद्यालय के लव कुमार पटेल, सुनिल पटेल, रजनी प्रधान, भरत प्रधान एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफगण का विशेष योगदान रहा।

# जनभावनाओं के अनुरूप छग में आदिवासी मुख्यमंत्री बनेः आरएन ध्रुव

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



छग राज्य में सन 2011 के जनगणना अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या 2,55,45,198 है जिसमें कुल आदिवासियों की जनसंख्या 78,22,902 है। छग में कुल आदिवासी जनसंख्या का 55 प्रतिशत आदिवासी गोंड़ समाज की है अर्थात आदिवासी गोंड़ समाज की जनसंख्या 42,94,404 है। छग का प्रत्येक तीसरा मतदाता आदिवासी है। छग पूर्णतः आदिवासी बाहुल्य राज्य है। विधानसभा चुनाव 2023 में आदिवासी समाज ने पूरे छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी को जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी का परिणाम है कि आज छग में भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रचंड बहुमत से बनने जा रही है। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली को ईमेल के माध्यम से पत्र लिखकर अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय सचिव आर एन ध्रुव द्वारा समाज की ओर से निवेदन किए हैं कि छग में सबसे बड़े समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री बनाकर ऐतिहासिक निर्णय लिया जावे। समाज आपका सदैव आभारी रहेगा।

# 10 दिसम्बर को मनाया जाएगा वीर भूमि सोनाखान में शहादत दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर चंदन कुमार ने आगामी 10 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत मे सोनाखान में आयोजित होने वाली कार्यक्रम की तैयारी का बैठक कर जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को समय सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने संभावित वीआईपी मूवमेंट के चलते लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को हैलीपेड,टेंट निर्माण सहित मेले में लगनी वाली सभी मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही मेला स्थल में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियो को अस्थाई पेयजल,स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल कैंप,वन विभाग बेरिकेटिंग,पंचायत एवं आदिवासी विभाग को स्मारक स्थल सहित संग्रहालय की साफ-सफाई कर तैयार करने के कहा गया है।पुलिस विभाग को भी पार्किंग सहित सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी करने कहा गया है। बैठक में कलेक्टर चंदन कुमार ने दो टूक कहा की यह मेला श्रद्धा एवं शौर्य की याद में लगने वाली बड़ी मेला है। जिसमें आसपास के आदिवासी समाज के लोग सहित अन्य आम लोग भी दूर दराज से आकर मेले में शामिल होते है। मेले में आने वाले किसी भी नागरिकों को कोई तकलीफ न हो इसका हम सब को ख्याल रखना चाहिए। बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, डीएफओ मयंक अग्रवाल,अपर कलेक्टर बीसी एक्का,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव सहित समस्त विभागो के जिला आधिकारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब हैं की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के गौरव के रूप में 10 दिसंबर को बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है एवं मेले का आयोजन 8 दिसंबर से प्रारंभ होकर 10 दिसंबर तक होता है।

# नैतिकता के नाते इस्तीफा दें महापौर-विजय मोटवानी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



बीते विधानसभा चुनाव में नगर निगम क्षेत्र की जनता ने जो जनादेश दिया है निगम महापौर के काले कारनामों का परिणाम है। इनके घोटालों की लंबी फेहरिस्त है। महापौर विजय देवांगन में जरा भी नैतिकता होगी तो तत्काल इस्तीफा देना चाहिये। आगे नगर निगम के पार्षद विजय मोटवानो ने आरोप लगाया कि एनयूएलएल के माध्यम से नेहरू गार्डन के बगल में रैन बसेरा के लिए लाखों रुपये की सामग्री खरीदी गई है, परंतु ये सामान बाजार मूल्य से भी अधिक दाम पर खरीदी की गई है। 1000 रुपये की एलईडी 13000 में, 450 रू में एक लीटर फिनाईल की बोतल खरीदी गई है, जबकि इसका एमआरपी 75 रूपये है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी तरह हार्पिक को 475 रूपये लीटर में खरीदा गया है, जिसका एमआरपी 109 रूपये है। इसके अलावा कई अन्य सामानों की खरीदी में भी भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ दी गई है।

# शहर के चारों तरफ भूमाफियाओं का जाल, आखिर कब चलेगा बुलडोजर

## सत्तापक्ष से जुड़े भूमाफिया का जिले में बोलबाला

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने छग प्रदेश के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को एक संदेश देकर किसी भी प्रकार की पुरानी तारीखों पर गलत कार्यों को समाहित नहीं करने की हिदायत दी है। यह संदेश व्हाट्सअप ग्रुप में वायरल हुआ है। लेकिन धमतरी जिले में ऐसे कुछ अधिकारी आज भी पुराने तारीखों पर अपने गलत कार्यों को समाहित करने मुस्तैदी के साथ जुटे हुए हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण अवैध प्लाटिंग, भूमाफियाओं द्वारा खरीदी गई भूमि एवं पूर्ववर्ती शासन द्वारा फ्रीहोल्ड करने शासकीय भूमि को धनाड्य व्यक्तियों को आबंटित किये जाने का मामला प्रमुख है। इसमें यह भी लोगों की शिकायत है कि रेत, मुरूम माफियाओं पर अभी तक कोई लगाम नहीं लगने की वजह से सफेदपोश नेता इस कार्य को द्रुतगति से जारी रखे हुए हैं जिससे धमतरी जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म है। शहर के चारों तरफ बेखौफ होकर चल रहे अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास पर प्रशासन का बुलडोजर प्रशासन का बुलडोजर कब चलेगा, जनता इस घड़ी का बेसब्री से इंतजार कर रही है क्योंकि कांग्रेस शासन में अपने आप को एक बड़े नेता का खास बताकर अधिकारियों पर रौब जमाने वाले भूमाफिया ने शहर के चारों तरफ अपना राज कायम कर लिया है। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद एक ओर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को हिदायत देते हुए ऐसे गलत कार्यों को प्रश्रय नहीं दिये जाने की बात कही है वहीं दूसरी ओर धमतरी जिले में पुराने दस्तूर में कार्य हो रहा है जबकि चुनाव परिणाम आने के बाद रायपुर जिले में अभी से लॉ-एंड-ऑर्डर की स्थिति पर गौरोफिक्र करते हुए आक्रामक पूर्व मंत्री भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने गुण्डो, बदमाशों पर नकेल कसने के साथ साथ अवैध प्लाटिंग, अतिक्रमण पर डोजर तक चलवा दिया है जिससे जिलेवासियों को यह उम्मीद है कि धमतरी जिले में भी उपरोक्त माफियाओं के ऊपर त्वरित कार्यवाही होगी। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक ऐसी कोई कार्यवाही नहीं होने से पूर्ववर्ती सरकार से जुड़े तथाकथित व्यक्तियों द्वारा व्यापक पैमाने पर उपरोक्त कार्य करवाया जा रहा है। इस कार्य में क्षमता से अधिक मजदूर एवं व्यक्तियों को शामिल कर जल्द से जल्द उक्त कार्य को पूरा कराये जाने की कवायद की जा चुकी है। नगर निगम क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में भूमाफियाओं द्वारा सस्ते दर पर भूमि खरीदकर वहां आसपास रिक्त पड़ी शासकीय भूमि को भी उक्त अवैध प्लाटिंग में शामिल कर लिया गया है जो नई सरकार के किसी चुनौति से कम नहीं है। जिले के जागरूक नागरिकों का यह भी कहना है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार का प्रमुख कारण रेत माफिया, मुरूम माफिया, शराब माफिया, भूमाफिया जैसे अनैतिक कार्यों से जुड़े लोगों की पूरे प्रदेश में तूती बोली जाती थी, सत्ता परिवर्तन का कारण प्रमुख कारण इस बात को भी बताया जा रहा है। धमतरी जिले में अवैध प्लाटिंग, भूमाफियाओं द्वारा अवैध कालोनियों का निर्माण, महानदी एवं समीपस्थ नदियों से रेत का उत्खनन तो लंबे समय से चले आ रहा है जिसकी वजह से अब महानदी में रेत की मात्रा न के बराबर हो चुकी है। उक्त क्षेत्र में रेत की जगह अब मुरूम नजर आ रही है। सबसे चिंतनीय विषय यह है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गरीब व्यक्तियों को उनके काबिज वाली शासकीय भूमियों को आबंटित किये जाने का निर्देश दिया गया था। लेकिन इसमें देखा जा रहा है कि संबंधित कार्यालय द्वारा धनाड्य व्यक्तियों को बड़े-बड़े भूभाग का आबंटन किये जाने जैसी शिकायत भी प्राप्त हो रही है। उक्त कार्यालय द्वारा बिना खसरा एवं हल्का पटवारी के ऐसे कार्य किये जा रहे हैं। इससे एक ओर गरीबों को दी जानी वाली योजना साधन संपन्न व्यक्तियों के लिये एक वरदान साबित हो रही है और मनमाफिक ऐसे भूमियों को अपने नाम पर कराने ये सफल भी हो गये हैं जिसका पता पिछले दो साल से किये गये नामांतरण कार्यवाही की जांच से पता चल सकता है। इस प्रकरण में आपदा प्रबंधन विभाग आदि विभागों का हवाला देकर इस प्रकार की कार्यवाही संपादित की जा रही है जो कि अनुचित है। कुछ लोगों ने बताया कि हमारा प्रकरण उक्त कार्यालय में लंबित है। लेकिन हम सिर्फ आना जाना कर रहे हैं जबकि जिन व्यक्तियों ने उक्त कार्यालय में भेंट पूजा चढ़ाई है उनका कार्य द्रुतगति से हो चुका है। भाजपा की प्रदेश में शानदार वापसी के साथ साथ लोगों को अब बनने वाली नई सरकार से काफी आशाएं हैं। धमतरी जिले में एक ओर कुछ अधिकारियों के प्रश्रय से उपरोक्त कार्य नियम विरूद्ध किये जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर शहर की जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सड़क, बिजली, पानी जैसे समस्याएं विद्यमान हैं। जिले के कुछ अधिकारी अवैधानिक कृत्य करने वालों से सांठगांठ कर उपरोक्त कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कर रहे हैं, वह भी पिछली तारीख पर। शहर के अनेक जागरूक लोगों ने कहा है कि जिस प्रकार रायपुर में पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक श्री अग्रवाल द्वारा तात्कालिक कार्यवाही की गई है, उसी तरह ऐसे निष्क्रिय अधिकारियों के विरूद्ध भी कार्यवाही होनी चाहिये जिन्होंने शासन का आदेश बताकर गरीबों का कम, और अमीरों के नाम पर शासकीय भूमि को आबंटित करने में लंबा-चौड़ा खेल किया है। अब देखना है कि शहर के जागरूक लोगों की उक्त अभिलाषा कब पूरी होती है।

# ईवास स्कूल परिसर में दिव्यांग सम्मान समारोह का आयोजन



**कार्यक्रम को सफल बनाने दो सौ दिव्यांग जन हुए शामिल**

**सरायपाली।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर स्थानीय इवास इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में दिव्यांग सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। जिसमें लगभग 200 दिव्यांगजन शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेन्द्र नंद, रूपेश कुमार, संजीव बाघ, मोहन नंद, प्रहल्लाद कन्हेर, शरद ताण्डी, सुनील साहू का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम के लिए विगत दो महीने से रूपरेखा तैयार की गई थी, जिसमें नंद ने सरायपाली के सभी क्षेत्रों में घर-घर जाकर दिव्यांगजनों की सूची तैयार किया। सर्वे के अनुसार उनके द्वारा 253 दिव्यांग जनों को इस आयोजन में सम्मानित करने हेतु आमंत्रित किया गया था, जिसमें से 200 दिव्यांगजन सम्मिलित हुए। नंद ने बताया कि उनके द्वारा इस सम्मान समारोह का आयोजन विगत 6 वर्षों से किया जा रहा है। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को कम्बल, शॉल, टिफिन,पानी बॉटल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जो अपने निवास से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में सक्षम नहीं थे उनके लिए इवास स्कूल के द्वारा बस की व्यवस्था भी की गई थी।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देशन में जिले भर में चला अवैध चखना सेंटर पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

## पुलिस की दबिश से अवैध चखना सेंटर चलाने वाले संचालकों पर मचा हड़कंप

- अड्डेबाजी करने वाले, खुले में शराब पीने वाले एवम अवैध चखना सेंटर चलाने वाले कुल 50 से अधिक लोगो पर की गए सख्त कार्यवाही।
- थाना दुर्ग के नयापारा एवम सुपेला के अवैध रूप से संचालित चखना सेंटर पर कार्यवाही।

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत कुमार के मार्गदर्शन में जिला दुर्ग में अपराध नियंत्रण हेतु समस्त थाना एवं चौकी में अवैध रूप संचालित चखना सेंटरों में कार्यवाही हेतु अभियान चलाया गया। अभियान में चाकूबाजी करने वाले , अड्डेबाजी करने वालो, खुले में शराब पीने वालो पर सख्त कार्रवाई की गई। सभी थाना क्षेत्र में शाम के समय एक साथ कार्यवाही से बदमाशो एवम संदिग्ध रूप से घूमने वालो में हड़कंप मच गया। संपूर्ण दुर्ग जिले के थाना क्षेत्र में दिनांक 04.12.2023 एवम दिनांक 05.12.2023 की कुल 50 से अधिक लोगो के विरुद्ध कार्यवाही की गई, ये कार्यवाही खास तौर पर संवेदनशील इलाकों के आस पास, अड्डेबाजी करने वाले एरिया में प्वाइंट लगाकर किया गया। थाना दुर्ग के नयापारा में अवैध रूप से संचालित चखना सेंटर पर दबिश देकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं इसी तरह थाना सुपेला के अवैध चखना सेंटर एवं खुले में शराब पीने वाले अड्डे बाजी करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की गई। दुर्ग पुलिस की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# प्रशासनिक लापरवाही के चलते पार्षद खुद कर रहे नालियों की सफाई

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com




बलरामपुर रामानुजगंज जिले में प्रत्येक माह लाखों रुपए स्वच्छता अभियान के नाम पर खर्च की जा रही है लेकिन इस जिले के नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्र में गंदगी का अंबार पसरा हुआ है मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं अध्यक्षों की लापरवाही से शासन एवं प्रशासन के साख पर खुलेआम बट्टा लगाने का काम किया जा रहा है क्योंकि जिले के वरिष्ठ अधिकारी इस दिशा में इतने लापरवाह साबित हो रहे हैं कि पार्षद अब खुद अपने से नाली की सफाई करने में लगे हुए हैं। जिले के राजपुर नगर पंचायत क्षेत्र के पार्षद पुरानचंद जायसवाल के द्वारा अपने मोहल्ले में कई बार साफ सफाई करने का आग्रह विभाग के सीएमओ से लेकर सफाई कर्मचारी तक को किया गया इसके बावजूद भी इस पर ध्यान नहीं देने के कारण पार्षद पुरनचंद जायसवाल ने खुद कुदाल लेकर अपने वार्ड के नालियों के सफाई करने के लिए उन्हें उतरना पड़ा। इस संबंध में पुरांचन्द जायसवाल ने कहा कि हमारे वार्ड की जनता हमें पार्षद के रूप में चुनी है और गंदगी के कारण लोगों का रहना दूभर हो गया है इसलिए मैंने इस वार्ड की सफाई का बीड़ा उठाया है और आज खुद ही नाली सफाई कर रहा हूं। सफाई करते हुए एवं अपने बात रखते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। जो पूरे सरगुजा संभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है यदि समय रहते प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही पर पाबंदी नहीं लगाया गया तो जनता की गाड़ी कमाई यूं ही अपने ऐसो आराम के लिए इसी तरह लूटते रहेंगे और कागजों में स्वच्छता अभियान का बिन बजाते रहेंगे।

# जिले में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को किया गया सील

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर राजीव जेम्स कुजूर एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी के संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम बरियों एवं चरगढ़ में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक की जांच कर सील कर दिया गया। एसडीएम को सूचना मिली कि ग्राम बरियों में डॉ.ए.पी.मिश्राबी.ए.एम.एस.के द्वारा अवैध रूप से क्लिनिक का संचालन किया जा रहा है। प्राप्त शिकायत के आधार पर संयुक्त टीम द्वारा क्लिनिक का जांच किया गया,जांच में पाया गया कि संचालनकर्ता द्वारा क्लिनिक का नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन नहीं कराया गया है। साथ ही क्लिनिक में आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा एलोपैथिक ईलाज भी किया जा रहा है तथा किसी भी प्रकार का दस्तावेजों का संधारण नहीं किया जा रहा है। इसी प्रकार संयुक्त टीम ने ग्राम चरगढ़ में संचालित क्लिनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जांच में पाया गया कि चौधरी मेडिकल हाल के नाम से ग्राम चरगढ़ में मेडिकल दुकान संचालित है जहां एक लड़के के द्वारा मेडिकल दुकान का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है, उक्त लड़के के द्वारा दो महिलाओं का इलाज भी किया जा रहा था। साथ ही दुकान के नाम पर अंदर अवैध रूप से क्लिनिक का संचालन भी किया जा रहा है तथा मरीजों को भर्ती करने के लिए चार बेड भी लगाया गया था। उक्त लड़के से पूछ-ताछ करने पर संतोष जनक जवाब नहीं दिया गया। संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए उक्त दोनों क्लिनिक को सील कर दिया गया है।

# सामाजिक संगठन जीई फाउंडेशन का सालाना आयोजन

## बीएसपी, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, जिला व पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि होंगे शामिल, सैंकड़ों नि:शक्त बच्चे 'उड़ान' में 10 को दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

सामाजिक संस्था गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से दिव्यांग बच्चों के लिए वृहद खेल व कला-सांस्कृतिक समारोह 'उड़ान' का भव्य आयोजन 10 दिसंबर रविवार को भिलाई निवास के सामने स्थित दिव्यांग खेल मैदान में सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। जिसमें दुर्ग सहित विभिन्न जिलों के 16 स्कूलों के 400 से ज्यादा बच्चे भाग लेंगे। इस दौरान दिव्यांग बच्चे न सिर्फ अपनी खेल प्रतिभा दिखाएंगे बल्कि अपने सपनों में रंग भरते हुए पेंटिंग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लेंगे। आयोजन में भिलाई स्टील प्लांट, सशस्त्र सीमा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) सहित, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बताया कि नि:शक्तजन स्कूलों से प्रतिभागी दिव्यांग बच्चों ने पंजीयन करवा लिया है और आयोजन स्थल पर भी तत्काल पंजीयन की सुविधा दी जाएगी। इसके अंतर्गत स्कूलों तक पहुंच नहीं रखने वाले और रजिस्ट्रेशन से चूक गए दिव्यांग बच्चों के आयोजन स्थल पर पहुंचने पर तत्काल पंजीयन कर उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में इन प्रतिभागियों व उनके शिक्षक-पालक सहित सैकड़ो लोगो के आने की संभावना है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों की हौसला अफजाई के लिए दर्शकों से उपस्थिति का आग्रह किया है।




# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत 20 दिसम्बर तक आवेदन प्रस्तुत

## परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रूपये से अधिक नहीं हो

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना वर्ष 2023-24 अंतर्गत आवेदन पत्र 20 दिसंबर तक आमन्त्रित है। ऋण लेने के इच्छुक हितग्राही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन पत्र आवश्यक सहपत्रों के साथ जमा कर सकते हैं। योजना अंतर्गत उद्योग क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रूपये सेवा क्षेत्र में अधिकतम 10 लाख रूपये एवं व्यवसाय क्षेत्र में अधिकतम 2 लाख रूपये आवेदक द्वारा ऋण आवेदन किया जा सकता है। योजनान्तर्गत सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को 10 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख रूपये तक, अन्य पिछड़ा वर्ग/ महिला/अल्प संख्यक/ विकलांग/ भूतपूर्व सैनिक/ नक्सल प्रभावित आवेदकों को 15 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख 50 हजार रूपये तक एवं अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को 25 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख 50 हजार रूपये मार्जिन मनी (अनुदान राशि) की पात्रता है। इस योजना की पात्रता आवेदक छ.ग. के मूल निवासी हो, न्यूनतम 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य हो (विशेष समुदाय को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट), परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रूपये से अधिक नहीं हो। उक्त योजना में लाभ लेने के लिए हितग्राहियों को निम्न, दस्तावेज के साथ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जी.ई रोड मालवीय नगर चौक के पास दुर्ग में 20 दिसम्बर 2023 तक आवेदन प्रस्तुत किये जा सकते है।

# वित्तीय साक्षरता विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय महाविद्यालय में कम्प्यूटर एवं वाणिज्य विभाग की तरफ से एसव्ही वेल्थ पार्टनर्स के तत्वावधान में छात्र छात्राओं के लिए वित्तीय साक्षरता विषय पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देष्य युवा पीढ़ी में बचत और निवेष के बारे में जागरूकता लाना था। मुख्य वक्ता एस व्ही वेल्थ पार्टनर्स के विमल झा शेयर मार्केट एक्सपर्ट ने म्यूचुअल फंड, एसआईपी,स्टॉक मार्केट आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बचत एवं निवेश के महत्व को समझाया कि वे अपनी छोटी-छोटी बचत को सही दिशा में निवेश कर के अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। विद्यार्थियों ने मुख्य वक्ता से अपने सवाल पूछ कर वित्तीय जानकारी भी प्राप्त की। प्राचार्य प्रो.एन.के.देवांगन अनिल पाल अरूण कुमार ओम शरण शर्मा सूरज मिश्रा उपस्थित रहे।

# रफ्तार का कहर हाईवा ने बाइक सवार को मारी टक्कर मां की मौत बेटा घायल



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर से 7 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 में ग्राम बिटाल के पास एक तेज रफ्तार हाईवे ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें एक महिला की मौत हो गई है. जानकारी के अनुसार खडगांव के रहने वाले जयलाल उम्र 35 वर्ष अपनी मां रजई बाई उम्र 60 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी ए एस 9169 से दल्ली राजहरा से खडगांव जा रहे थे. विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार हाईवा क्रमांक सीजी 8 ए सी 1296 ने जोरदार टक्कर मार दी द्य जिसके कारण दोनों वहीं पर गिर पड़े द्य गंभीर चोट लगने के कारण घटनास्थल पर ही महिला रजई बाई की मौत हो गई. प्रत्यदर्शियों ने महिला एवं उनके पुत्र को शासकीय अस्पताल चिखलाकसा लाया गया. घायल पुत्र जिसके सिर पर गंभीर चोट आई है. इनका इलाज चल रहा है. डॉक्टर ने बताया कि बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर किया जाएगा. दल्ली राजहरा पुलिस प्रशासन द्वारा हाईवा को जप्त कर लिया गया है. नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी.

# बिगड़े मौसम ने बिगाड़ी लोगों की दिनचर्या, सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

बे मौसम की बारिश से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। दिनभर बादलों की ओट में सूर्य देव छुपे हुए हैं। वही सर्दी के मौसम में और ज्यादा सर्द भर रहा हो गया है। लोगों को दिन में भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। साथ ही ऐसे मौसम में लोगों की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है। सर्दी खांसी से लोग ग्रसित होने लगे हैं। वहीं अधिकांश लोग आवश्यक कार्य होने पर ही बाहर बाजार में देखें गया हैं। स्कूली बच्चों को भी इस बदलते मौसम में परेशान होते देखा गया है। इस तरह से बदलते



मौसम से हर कोई परेशान होकर मौसम खुलने की आस लगाए बैठा है।

### बदलते मौसम में सेहत का रखें ध्यान

बदलते मौसम में सेहत का भी ध्यान जरूरी है। डाक्टर कोसरिया ने बताया कि ठंड से खुद को बचाने के लिए खुद को हमेशा गर्म कपड़ों से ढक कर रखें।इस दौरान खास तौर पर अपने कानों और सिर का ध्यान रखें। सर्दियों की शुरुआत के साथ ही ठंडी चीजों का सेवन भी बंद कर दें। ठंडी चीजों से सर्दी जुकाम होने का खतरा सबसे अधिक होता है ।नियमित रूप से आप काढ़े का सेवन भी कर सकते हैं। जो शरीर में गर्माहट बनाने के साथ ही सर्दी से भी हमें दूर रखता है।

### बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

मौसम अचानक परिवर्तन आ गया है। बादली जाने के साथ ही सर्द हवाएं तेज हो गई है?। बूंदाबांदी के बाद बुधवार को सुबह 5 से ही हल्की बारिश हुई। क्षेत्र में उसके पश्चात से समाचार लिखे जाने तक बूंदाबांदी होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ गई है। किसानों से खरीदा गया हजारों क्विंटल धान उपार्जन केन्द्रों में रखा है। बारिश से यह धान भी भीग गया है। वहीं खेतों में धान की फसल काट कर रखा हुआ है साथ ही खड़ी फसल को भी बारिश से नुकसान हो सकता है बारिश व सर्द हवाओं के कारण ठंड के एक बार फिर लौट आने से लोगों को गर्म कपड़े निकालना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से आसमान पर बादलों की आवाजाही ने किसने की धड़कनें बढ़ा दी है ?। बारिश से कोहरा भी बढ़ गया है इसी आशंका के चलते किसान विभिन्न प्रकार के जतन कर रहे है। इस बार मौसम किसानों को परेशान करने में लगा हुआ है। आए दिन आसमान में बादलों के डेरे और कभी तेज पानी तो कभी बूंदाबांदी से फसलों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। मंगलवार को भी सुबह से ही बादल छाए रहे और दोपहर से अंचल में बूंदाबांदी और तेज पानी गिरता रहा। मौसम का यह अंदाज खेतों में खड़ी फसल के लिए अब अधिक नुकसान पहुंच रहा है क्योंकि पकी हुई फसल गिर रही है मौसम विभाग की माने तो हल्की बारिश की संभावना है इधर चक्रवात मिचौग का भी असर दिख रहा है। बारिश के आसार जताए गए हैं।

## कैमरे के सामने किसी कलाकार को पेश करने से पहले सबसे चुनौतीपूर्ण काम होता है उस कलाकार को किरदार में ढालने का

# फिल्म रमाई की शूटिंग, डेढ़ घंटे की मेहनत एक डॉक्टर को ढाल दिया अम्बेडकर के रूप में

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



फिल्मों की शूटिंग में कैमरे के सामने किसी कलाकार को पेश करने से पहले सबसे चुनौतीपूर्ण काम होता है उस कलाकार को किरदार में ढालने का। इस काम में माहिर हैं बॉलीवुड में करीब 25 साल से सक्रिय सीनियर मेकअप आर्टिस्ट जुबैर अहमद। जुबैर को बॉलीवुड में गुड्डु भाई के नाम से जाना जाता है। गुड्डू ने बॉलीवुड में कई प्रमुख कलाकारों को नए गेटअप में ढाला है। हाल के बरसों में जीनत अमान, असरानी, जॉनी लीवर से लेकर कई कलाकारों के गेटअप कहानी की मांग के मुताबिक बदल चुके हैं।

गुड्डु इन दिनों इस्पात नगरी भिलाई में हैं और यहां बड़े बजट की हिंदी फीचर फिल्म 'रमाई' में अपना योगदान दे रहे हैं। यह फिल्म भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पत्नी रमा बाई अम्बेडकर के संघर्ष पर आधारित है। फिल्म में डॉ. अम्बेडकर की भूमिका में भिलाई स्टील प्लांट के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 की बर्न यूनिट के प्रभारी और सेवाभावी चिकित्सक डॉ. उदय नजर आएंगे। वहीं डॉ. अम्बेडकर की पत्नी रमा बाई अम्बेडकर की भूमिका डॉ. उदय की पत्नी प्रेरणा निभा रही हैं। फिल्म में डॉ. उदय दंपति को डॉ. अम्बेडकर दंपति में ढालने सक्रिय सीनियर मेकअप आर्टिस्ट जुबैर अहमद उर्फ गुड्डु भाई रोजाना डेढ़ से दो घंटा देते हैं। गेटअप बदलने के दौरान गुड्डु ने बताया कि मेकअप करने से ज्यादा चुनौतीपूर्ण गेटअप बदलना होता है। उन्होंने बताया कि यहां उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के कालखंड खास कर देश की आजादी और उसके बाद के दौर का करीब छह माह तक अध्ययन किया। इसके अलावा डॉ. अम्बेडकर से जुड़ी तमाम फिल्में भी देखी। इसके बाद उन्होंने डॉ. उदय को डॉ. अम्बेडकर के तौर पर ढालने का काम शुरू किया। गुड्डु बताते हैं कि उन्हें ऐतिहासिक और पौराणिक पात्रों को मेकअप-गेटअप के जरिए रि-क्रिएट करना सबसे बेहतर काम लगता है। यहां डॉ. उदय को शूटिंग के लिए डॉ. अम्बेडकर के पात्र में ढालने रोजाना एक से डेढ़ घंटा लगता है। जिसमें मेकअप की कई परतें चेहरे पर चढ़ाई जाती है। वहीं बालों को भी पात्र के अनुरूप संवारा जाता है। यह काम काफी धीरज का है, इसके बाद ही वांछित परिणाम मिलता है। गुड्डु ने बताया कि पहली बार जब उन्होंने डॉ. उदय को डॉ. अम्बेडकर के रूप में ढाला तो फोटोग्राफ्स देखकर हर कोई हैरान रह गया। यहां तक कि फिल्म में शाहू जी महाराज की भूमिका करने जा रहे वरिष्ठ अभिनेता रजा मुराद ने भी खूब तारीफ की। गुड्डु ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हैं और वर्ष 1997 से फिल्म नगरी मुंबई में सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि अब तक ढेर सारी फिल्मों, टीवी सीरियल औऱ शो से उन्हे जुड़ने का मौका मिला।

हाल ही में उन्होंने उत्तराखंड में आयोजित रामलीला के पात्रो को भी मेकअप-गेटअप के जरिए संवारा। गुड्डु ने बताया कि डॉ. अम्बेडकर के पात्र मे डॉ. उदय को ढालने के बाद उनकी अगली चुनौती वरिष्ठ अभिनेता रजा मुराद को शाहूजी महाराज की किरदार में ढालने की है। जल्द ही रजा मुराद भिलाई आ रहे हैं और यहीं 'रमाई' फिल्म की शूटिंग करेंगे।

# शांत परिक्षेत्र के 100 मीटर दूरी तक तेज ध्वनि प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा पारित अन्तरिम आदेश के परिपालन में शिक्षण संस्थाओं की शैक्षणिक गतिविधियां, वृद्धजनों, नि:शक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने कोलाहल अधिनियम-1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला दुर्ग की सीमा के अंतर्गत समस्त शासकीय, अशासकीय हॉस्पिटल, समस्त शासकीय, अशासकीय शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय, धार्मिक संस्थाओं व समस्त शासकीय कार्यालय क्षेत्र के 100 मीटर की परिधि को शांत परिक्षेत्र (जोंस ऑफ साइलेंस) घोषित किया है। द नॉइज पॉल्युशन रूल्स, 2000 के नियम 3(1) एवं 4(1) के तहत परिवेशीय ध्वनि पैमाने की सीमा दिन (सुबह 6 बजे से 10 बजे तक) एवं रात (रात्रि 10 बजे से 6 बजे तक) हेतु पृथक-पृथक एरिया निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार औद्योगिक क्षेत्र हेतु दिन के समय के लिए 75 डीबी एवं रात के समय के लिए 70 डीबी सीमा निर्धारित की गई है। इसी प्रकार वाणिज्यिक क्षेत्र हेतु दिन के समय के लिए 65 डीबी एवं रात के समय के लिए 55 डीबी, आवासीय क्षेत्र हेतु दिन के समय के लिए 55 डीबी एवं रात के समय के लिए 45 डीबी एवं शांत परिक्षेत्र हेतु दिन के समय के लिए 50 डीबी एवं रात के समय के लिए 40 डीबी सीमा निर्धारित किया गया है।

# संसद का शीत सत्र हंगामी शुरुआत

**संसद के शीत सत्र** की हंगामी शुरुआत हुई है जिसमें कई प्रमुख विधेयकों के मंजूर होने की आशा है। भारतीय जनता पार्टी-भाजपा हालिया विधानसभा चुनावों में विजयों से उत्साहित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा प्रकट की है कि विपक्ष अपनी हार की कड़वाहट सदन में नहीं घोलेगा। उन्होंने विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की अपील की है। भाजपा शीत सत्र में दोनों सदनों में आक्रामक कांग्रेस से मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। यह सत्र खासकर कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह चुनावों में पराजय के बाद अपनी छवि सुधारने तथा विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में वर्चस्व बनाए रखने का प्रयास कर रही है। चूंकि यह संसदीय चुनाव से पहले अंतिम सत्र से पहले वाला सत्र है, इसलिये सरकार इसमें यथासंभव अधिकाधिक विधेयकों को मंजूर कराना चाहती है। वर्तमान संसद का अंतिम सत्र बजट सत्र होगा और उसमें मुख्यतः लोकसभा चुनाव तथा बजट पर ध्यान केन्द्रित होगा। इस सत्र ने महत्वपूर्ण चर्चाओं और बहसों के लिए मंच सजा दिया है जो लोकसभा चुनाव के बाद देश का विधायी परिदृश्य निर्धारित करेंगी। 22 दिसंबर को समाप्त होने वाले वर्तमान शीत सत्र के हंगामी होने की आशा है। इसमें बदले हुए राजनीतिक परिवेश में 21 विधेयकों पर विचार का समग्र एजेंडा रखा गया है। लोकसभा की 'इथिक्स कमेटी' ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की 'सवालों के लिए नकद' शिकायत पर सदस्यता समाप्त करने की संस्तुति की है जिसे सदन में इस सत्र में रखा जाएगा। इस पर हंगामा स्वाभाविक है। हालांकि, इसे सोमवार को भोजनावकाश के पहले उस दिन के एजेंडे में पांचवें स्थान पर होने के बावजूद नहीं रखा गया, जिससे विपक्षी दलों को अनुमान लगाने के अवसर मिले। कांग्रेस ने संसदीय समितियों के कामकाज पर चिन्ता जताते हुए नियमों एवं प्रक्रियाओं की समीक्षा का अनुरोध किया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि महुआ मोइत्रा प्रकरण में आगे क्या होता है।

शीत सत्र का एक मुख्य विधायी बिंदु भारतीय दंड संहिता-आईपीसी, दंड प्रक्रिया संहिता-सीआरपीसी तथा भारतीय साक्ष्य कानून का स्थान लेने वाले तीन विधेयक होंगे। यह विधिक ढांचे में एक बड़े परिवर्तन का संकेत हैं जिन पर दोनों सदनों में तीखी बहस की उम्मीद है। एक और विवादास्पद मुद्दा मुख्य निर्वाचन आयुक्त-सीईसी व निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी विधेयक है। आशंका है कि विपक्षी सांसद इस विधेयक का घोर विरोध करेंगे। संसदीय कामकाज की सूची में 19 विधायी कार्य तथा दो वित्त विधेयक हैं। इसके साथ ही सत्र में 2023-24 की पूरक अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण, उन पर चर्चा और मतदान होगा। इसके अलावा 2020-21 के अतिरिक्त अनुपूरक अनुदानों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा तथा संबंधित विनियोग विधेयक को स्वीकार किया जाएगा। एजेंडे में अनेक विधेयकों के शामिल होने तथा उन पर होने वाली संभावित राजनीति के चलते यह सत्र राजग सरकार के विधायी एजेंडे तथा विपक्षी दृढ़ता की कठोर परीक्षा लेगा। देश की जनता इस संसदीय सत्र की कार्यवाहियों पर कड़ी नजर रखेगी क्योंकि उसके द्वारा चुने नीति-निर्माता अनेक ऐसे मुद्दों पर विचार करेंगे जिनसे देश का विधिक एवं राजनीतिक परिदृश्य निर्धारित होगा। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या संसद के शीत सत्र में कामकाज सुचारु ढंग से चलेगा अथवा यह बहिर्गमन व शोरशराबे का शिकार बन जाएगा? यदि संसदीय सत्र के कामकाज में बाधा आती है तो यह सामान्य रूप से पूरे देश का तथा खासतौर से लोकतंत्र का नुकसान होगा।

# कांग्रेस जनता-जनार्दन के 'मन से उतरी' और भाजपा वापस 'मन में उतरी'

## सवाल आख़िरी तक सत्ता और संगठन के कांग्रेसी कर्णधारों का पीछा कतई नहीं छोड़ेंगे। बात निकलेगी, जरूर निकलेगी और तय मानिए कि बात दूर तलक जाएगी भी।



**अनिल पुरोहित**
वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक

**सत्ता** में रहकर जिन राजनीतिक विकारों का शिकार होने में भारतीय जनता पार्टी को छत्तीसगढ़ में 15 साल का वक्त लगा था और जनता ने पक्का मन बनाकर उसे न केवल सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया था, अपितु विधानसभा में संख्याबल की दृष्टि से दयनीय स्थिति में ला दिया था, उन विकारों की शिकार कांग्रेस सत्ता में आते ही इतनी तेजी से हुई और इतनी ज्यादा हुई कि छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस की सरकार को छत्तीसगढ़ पर असहनीय बोझ मानकर 'अपने मन से उतारने में' जरा भी देर नहीं की और पाँच साल में जनता जनार्दन ने भाजपा को वापस 'अपने मन में उतारने' का संकल्प साकार कर 75 पार का दंभ भरती कांग्रेस को अब तक के हुए पाँच चुनावों में सबसे न्यूनतम संख्याबल के साथ विपक्ष की भूमिका सौंप दी। इन चुनाव नतीजों ने राममनोहर लोहिया की याद ताजा कर दी जो कहते थे कि जिंदा कौमें पाँच साल इंतजार नहीं करतीं। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव-2023 के नतीजों को इसी परिप्रेक्ष्य में समझा जा सकता है जिसने तमाम एक्जिट पोल को धता बताकर भाजपा की भारी बहुमत की सरकार बनाने का एक्जेक्ट पोल सामने रखकर सभी राजनीतिक पंडितों को खामोश कर दिया है।

छत्तीसगढ़ के चुनाव में कांग्रेस की हार सत्ता के गुमान में जनादेश के अपमान का परिणाम है। सत्तावादी अहंकार से लबरेज कांग्रेस आखिर तक जन-मन को भाँपने में नाकारा साबित हुई और जिस चुनावी मैदान में वह टहलने के लिए उतरी थी, उस पर उसे हाँफते हुए सत्ता की चौखट से बाहर ही ढेर होते इस प्रदेश ने देखा। सरप्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ में बिजली बिल हाफ का वादा करके सत्ता में आई कांग्रेस की सरकार ने अनियमित और अघोषित बिजली कटौती को लेकर उठी आवाज को दबाने के लिए जिस फुर्ती से दो पत्रकारों पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज किया, वहीं से पत्रकार सुरक्षा का ढोल पीटती कांग्रेस के इरादे समझ आ गए थे, पूत के पाँव पालने में नजर आ गए थे। मंत्रियों से लेकर विधायकों तक और कांग्रेस के नेताओं, उनके परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों तक के सत्तावादी अहंकार के प्रदर्शन का यह सिलसिला कांग्रेस के पूरे पाँच साल के शासनकाल में कभी बैंक कर्मी के साथ मारपीट, तो कभी अफसरों के साथ गाली-गलौज, धमकी-चमकी और कभी अपने निज सहायकों के सार्वजनिक अपमान और कभी महिलाओं के साथ बदसलूकी व अनाचार के रूप में चलता रहा। अपने किए वादों से मुकरने का जैसा राजनीतिक चरित्र छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने पाँच वर्षों में प्रदर्शित किया, पुलिस जवानों के परिजनों पर, वादों की याद दिलाकर भर्ती और रोजगार की मांग करते युवाओं पर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, संविदा व अस्थायी/दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों पर आतंक का कहर बरपाया, उसने जन आक्रोश का एक ऐसा ज्वालामुखी तैयार किया कि आज उसके लावे में झुलसी कांग्रेस कराह रही है। अपनी इस नियति की पटकथा कांग्रेस के मदांध सत्ताधीशों ने खुद अपने हाथों पाँच सालों में लिखी है। सत्ता संस्थान को अपने राजनीतिक अंतर्कलह का केंद्र बनाकर सबने अपनी-अपनी महत्वाकांक्षाओं को अपने राजनीतिक कद से भी ज्यादा बड़ा माना और नतीजा यह हुआ कि प्रदेश में न तो कानून के राज का कोई खौफ रह गया था, न जनता की तकलीफें सत्ताधीशों और सामंती नौकरशाहों को विचलित कर रही थीं। चहुँओर माफियाओं ने जंगलराज जैसे हालात कायम कर रखे थे। बढ़ते अपराधों ने कदम-कदम पर लोगों को असुरक्षित और सशंकित कर रखा था, तीन साल की मासूम बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाएँ तक रोज वहशी दरिंदों के हाथों अपनी अस्मत को लहूलुहान होते देखने को विवश थीं पर सरकार न कुछ देखने को, न सुनने को और न ही कुछ बोलने को तैयार थी। महिला सशक्तीकरण कांग्रेस का राजनीतिक जुमला बनकर रह गया। गंगाजल की सौगंध खाकर पूर्ण शराबबंदी का किया गया वादा केवल झाँसा साबित हुआ और प्रदेश की मातृ-शक्ति इसके दुष्परिणामों की शिकार होकर अपने परिवार को टूटते-बिखरते देखती रही। यह विश्वासघात की पराकाष्ठा थी। सूखे नशे के काले कारोबार के साथ ही ऑनलाइन सट्टेबाजी की अंधी गलियों में धकेलकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जाता रहा, उन्हें आखिरी के कुछ महीनों को छोड़कर उस बेरोजगारी भत्ता तक के लिए मोहताज रखा गया जिसके कसीदे पढ़ते हुए और इसके लिए बजट के प्रावधानों की व्याख्या करते हुए 2018 के विधानसभा चुनावों के लिए घोषणा पत्र जारी करते समय उस समिति के प्रमुख टीएस सिंहदेव ने राहुल गांधी को 'सर-सर' संबोधित करने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराया था। रोजगार मुहैया कराने के नाम पर कोरोना काल में शराब कारोबार की कोचिया बनी भूपेश सरकार ने इन प्रतिभासंपन्न युवाओं को डिलीवरी ब्वॉय बना डाला और पीएससी परीक्षाओं में घोटालों का करतब दिखाकर कांग्रेस नेताओं और बड़े नौकरशाहों के परिवार वालों को नियुक्ति दे दी और युवाओं के सपनों को चूर-चूर कर दिया।

बीते पाँच सालों में शराब, कोयला परिवहन, गौठान, गोबर, पीडीएस राशन, जमीन, रेत, प्रधानमंत्री अन्न योजना के चावल में भ्रष्टाचार और घोटालों के जितने मामले सामने आए, उसने भूपेश सरकार के राजनीतिक चरित्र को इतना दागदार कर दिया था कि अंत तक वह इसे धो नहीं सकी। महादेव एप पर पाबंदी लगाने का अधिकार अपने पास होते हुए भी प्रदेश सरकार ने उसे बंद करने का काम नहीं किया और इसके लिए भी वह केंद्र सरकार पर ही आखिर तक ठीकरा फोड़ती रही। अपने ऊपर लगे आरोपों के जवाब में वह भाजपा की पूर्ववर्ती राज्य सरकार को भ्रष्ट बताने में ही लगी रही। दूसरों के दोष दिखाकर अपने दोषों को सही ठहराने की इस राजनीतिक निर्लज्जता को प्रदेश ने सिरे से खारिज कर दिया है। विडम्बना यह रही कि भ्रष्टाचार के जिन मामलों के लिए कांग्रेस के नेता और स्वयं निवर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उनकी सरकार के लोग भाजपा सरकार पर हमलावर हो रहे थे, पाँच साल तक सत्ता में रहकर भी उनमें से किसी भी एक मामले की जाँच कराने का वे न तो नैतिक साहस दिखा सके, न ही राजनीतिक इच्छाशक्ति जुटा सके! उल्टे, कोरोना सेस का हिसाब देने से प्रदेश सरकार मुँह चुराती रही परंतु मुख्यमंत्री बघेल समेत तमाम कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पीएम केयर की राशि को लेकर सवाल दागते रहे। केंद्र सरकार की उन जनकल्याणकारी योजनाओं को रोककर 'बदलापुर की राजनीति' इस स्तर तक लेकर चले गए कि प्रदेश के लाखों गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास से ऐलानिया यह कहकर वंचित कर दिया कि इसमें चूँकि 'प्रधानमंत्री' शब्द जुड़ा है, इसलिए इसका पूरा पैसा केंद्र सरकार दे। भाजपा ने सवाल उठाया कि राजीव मितान क्लब के लिए जो पैसा प्रदेश के सरकारी खजाने से खर्च हो रहा है, वह क्या 'गांधी परिवार' वहन कर रहा है? अपने ऊपर उठते सवालों का जवाब देने के बजाय कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार मर्यादाओं को ताक पर रखकर सियासी लफ्फाजियों के जरिए समाज को जाति. धर्म के राजनीतिक खाँचों में बाँटने का उपक्रम करती रही। जातिगत जनगणना का उछाला गया जुमला इसी अभियान की एक कड़ी था, जिसे प्रदेश की जनता ने पूरी सख्ती से नकारकर एक नई राजनीति के सूत्रपात का जनादेश दिया है। आरक्षण के नाम पर पूरे कार्यकाल में भूपेश सरकार और कांग्रेस के लोग इरादतन राजनीतिक पाखंड का प्रदर्शन कर राज्यपाल तक के पद की संवैधानिक गरिमा और विश्वसनीयता पर सवाल उठाते रहे लेकिन क्वांटीफायबल डाटा की वह फाइल राज्यपाल को नहीं सौंपी, जिसकी मांग राजभवन करता रहा। इसके अलावा सीबीआई को छत्तीसगढ़ में प्रतिबंधित करके और 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री को आईना भेजकर मुख्यमंत्री बघेल ने जिस राजनीतिक अपसंस्कृति का बीजारोपण किया था, वह भी कांग्रेस के इस पराभव की एक वजह रही है। प्रदेश में ईसाई मिशनरियाँ आदिवासी बहुल इलाकों में जबरिया धर्मांतरण करा रही थीं और प्रदेश सरकार आदिवासी संस्कृति और अपनी आस्था व परंपराओं की रक्षा के लिए सामने आए लोगों को ही मनमानी धाराएँ थोपकर जेल दाखिल करती रही। भगवा झंडे के अपमान से उद्वेलित बहुसंख्यक समाज का आक्रोश कवर्धा में फूटा तो प्रदेश सरकार तुष्टीकरण पर उतर आई, बिरनपुर में लव जिहाद का विरोध करने पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने मॉब लिंचिंग कर भुनेश्वर साहू की निर्मम हत्या कर दी और उन आरोपियों, जिनमें एक मंत्री का बेहद करीबी था, को बचाने के फेर में दूसरे मामले तैयार कर बहुसंख्यक समाज के युवकों को जेल में डालकर एक नए तरह का आतंकराज कायम किया गया।

इधर अपराधों की नित-नई कलंक गाथाएँ लिखी जा रही थीं, वहीं दूसरी तरफ नक्सलवाद खून की नदियाँ बहाने पर आमादा हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नक्सलियों की मांद में जाकर इस समस्या का समाधान तलाशने की जद्दोजहद कर रहे थे और नक्सलियों की धमकी से दुबकी मुख्यमंत्री बघेल की सरकार शहीदों का अंतिम संस्कार तक उनके गाँव में नहीं करा पा रही थी। एक सरकार के लिए, एक संवेदनक्षम लोकतांत्रिक शासन-व्यवस्था के लिए इससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता था? प्रदेश पूछता रहा कि कांग्रेस और नक्सलियों के बीच यह रिश्ता क्या कहलाता है, और नक्सली भूपेश सरकार को 'अपनी सरकार' बताकर टारगेट किलिंग कर भाजपा नेताओं की जिंदगियाँ तमाम करते रहे, बारुदी विस्फोट करके जवानों को मौत की नींद सुलाते रहे, पुलिस की मुखबिरी का शक जताकर निर्दोष आदिवासियों, नागरिकों, अफसरों-कर्मचारियों का कत्ल-ए-आम करते रहे। कांग्रेस के लोग खुलेआम भाजपा का प्रचार करने वालों को मार डालने की धमकी देते रहे, (चुनाव के दौरान इस धमकी पर नक्सलियों ने अमल भी किया और पहले अक्टूबर में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के ग्राम सरखेड़ा में बिरझू तारम और फिर नवंबर में नारायणपुर क्षेत्र में ग्राम धौड़ाई में सभा संबोधित करते हुए रतन दुबे की हत्या कर दी), खुद मुख्यमंत्री बघेल बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को 'गुण्डा' कहते सुने गए, पर इसे हेट स्पीच नहीं माना गया और शासन-प्रशासन हाथ-पर-हाथ धरे बैठा रहा, लेकिन सरकार के खिलाफ जब-जब सोशल मीडिया पर सवाल उठे, जब-जब सनातन धर्म को लेकर कोई पोस्ट सामने आई, भूपेश सरकार ने उसे हेट स्पीच बताकर उन सबके खिलाफ मामले दर्ज करवाने में कोई देर नहीं की। 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' या 'हिन्दुस्थान जिंदाबाद' भिलाई में एक सिख युवक की निर्मम हत्या हो गई और आरोपी मृतक के शव पर नाचते रहे, परंतु इस पर कार्रवाई करते शासन-प्रशासन के हाथ-पैर फूलते नजर आए। प्रदेश का कोई इलाका ऐसा नहीं बचा था जहाँ सत्ता की धौंस दिखाकर अन्याय, आतंक और अत्याचार की पराकाष्ठा नहीं की गई हो। और, बात सिर्फ इतनी ही नहीं है। अपनों के साथ दगाबाजी करके सत्ता के गलियारों में नित-नए राजनीतिक षड्यंत्रों के जाल बुने गए ताकि कोई उनके मुकाबले अपने ऊँचे कद को साबित न कर पाए। आज कांग्रेस के वे दिग्गज, जिनकी हारने की कल्पना खुद भाजपा के लोग नहीं कर पा रहे थे, चुनाव क्या यूँ ही हार गए हैं? क्या 'भू-पे' स्कीम से नहीं जुड़ने की कीमत इन दिग्गज नेताओं ने चुनाव हारकर चुकाई है? वे कौन लोग थे, जो एक 'समुदाय विशेष' के लोगों को मतदान के दिन शाम को मतदान से दूर रहने के लिए आर्थिक रुप से 'पुरस्कृत' कर रहे थे? उन्हें मतदान से विमुख करने के लिए किसने धनराशि मुहैया कराई? ये सवाल आखिरी तक सत्ता और संगठन के कांग्रेसी कर्णधारों का पीछा कतई नहीं छोड़ेंगे। बात निकलेगी, जरूर निकलेगी और तय मानिए कि बात दूर तलक जाएगी भी।

# जलवायु परिवर्तन : चुनौतियां और कॉप 28



**विवेक सक्सेना**
(लेखक, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में महानिदेशक हैं)

**ज**लवायु परिवर्तन और उसके दुष्प्रभावों से पूरी दुनिया चिंतित है। जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर सभी पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक विचार-विमर्श में केंद्र स्तर हासिल कर लिया है। इसी क्रम में एक बार फिर 30 नवंबर से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में शुरू हुए जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) से संबंधित सीओपी (कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज) के 28वें सत्र के दौरान 190 से ज्यादा देश विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। इस सम्मेलन में दुनिया भर के देश जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा कर रहे हैं और वैश्विक मंथन के साथ-साथ पिछले सम्मेलनों में लिए गए निर्णयों में हुई प्रगति की समीक्षा भी कर रहे हैं। भारत ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए हाल के वर्षों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई ठोस पहल की हैं। इस आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए, भारत सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अक्टूबर 2023 में ग्रीन क्रेडिट योजना (जीसीपी) और नियमों को अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति और समुदाय को स्वस्थ और पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना है- मैत्रीपूर्ण जीवनशैली।

ग्रीन क्रेडिट योजना की अवधारणा पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल परिस्थितियों से लाभ उठाने की एक बहुत ही सरल प्रक्रिया पर आधारित होगी। इसलिए, आम लोगों, सामुदायिक संगठनों, उद्योगों और निगमों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तावित ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम (जीसीपी) के तहत पर्यावरण-सकारात्मक कार्यों को अपनाने और समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत को राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने में भी सक्षम बनाएगा। ), यूएनएफसीसीसी को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न हितधारकों के स्वैच्छिक पर्यावरणीय कार्यों के लिए प्रोत्साहन की परिकल्पना की गई है। वर्तमान में वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों के लिए दिशा-निर्देश एवं नियम अधिसूचित किये गये हैं। सतत कृषि,




अपशिष्ट प्रबंधन, वायु प्रदूषण में कमी, मैंग्रोव संरक्षण और बहाली, निर्माताओं द्वारा इकोमार्क-आधारित व्यापार, सतत भवन और बुनियादी ढांचा अन्य क्षेत्र हैं जिन्हें वित्तीय प्रोत्साहन के लिए ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम (जीसीपी) के तहत भी शामिल किया जाएगा। इस योजना के तहत, विभिन्न हितधारकों को ग्रीन क्रेडिट का लाभ उठाने के लिए प्रतिस्पर्धी बाजार-आधारित व्यापार को प्रोत्साहित करके स्वेच्छा से पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की दृष्टि से सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करना है ताकि व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना किया जा सके। इसका उद्देश्य गतिविधि के अनुसार ऋष्टा आवंटित करना और मापने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करना है। गतिविधि की प्रगति की पुष्टि करना और बड़े पैमाने पर जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और मिशन जीवन के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए पर्यावरण-सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करना। यह पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली अपनाने और मूल्यों और नीतियों के आधार पर सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरा करने में भी सहायता करेगा। जीसीपी व्यक्तियों, किसान उत्पादक संघों, पर्यावरण-अनुकूल कृषि, उद्योगों, शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों, निजी क्षेत्र, उद्योगों, गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक संगठनों आदि को व्यापार योग्य ग्रीन क्रेडिट के रूप में पर्यावरण-अनुकूल सकारात्मक कार्यों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा।

जिसके लिए कार्यक्रम के अंतर्गत बाजार आधारित प्रणाली की परिकल्पना की जा रही है। ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के अधिसूचित प्रारूप के अनुसार प्रमाणित ग्रीन क्रेडिट को कार्यक्रम प्रशासक द्वारा एक इकाई के रूप में सत्यापित किया जाएगा, जिसका लाभ बाजार के अनुसार निर्धारित किया जाएगा-आधारित मूल्यांकन. पात्र इकाई को ग्रीन क्रेडिट इकाइयाँ उत्पन्न करने के लिए पंजीकरण करना होगा। हरित ऋष्टा की इकाइयों के रूप में पंजीकृत इकाइयों की गतिविधियों को प्रमाणित करने के लिए तृतीय-पक्ष प्रमाणीकरण की व्यवस्था होगी। इसके तहत, उपभोक्ता या समुदाय द्वारा ग्रीन क्रेडिट प्राप्त करने या खर्च करने की कोई भी गतिविधि बाजार-आधारित सत्यापन के अधीन है। हरित ऋष्टा की मात्रा और मूल्य अधिकृत एजेंसी द्वारा निर्धारित किया जाएगा और गतिविधि से जुड़े पर्यावरणीय सकारात्मक लाभों पर निर्धारित किया जाएगा। ग्रीन क्रेडिट की मात्रा और मूल्य केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों और मानदंडों के अनुसार अधिकृत एजेंसी द्वारा निर्धारित की जाएगी। ग्रीन क्रेडिट को बढ़ावा देने से कई लाभ होंगे, जैसे हरित उद्योगों को बढ़ावा, और प्रदूषण नियंत्रण जो सुनिश्चित करेगा हवा और पानी की गुणवत्ता में सुधार और जैव विविधता की सुरक्षा।

सामुदायिक और व्यक्तिगत तौर पर वृक्षारोपण की गति बढ़ेगी। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का भी समाधान किया जाएगा। ग्रीन क्रेडिट योजना प्रधान मंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए मिशन लाइफ के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक नवीन और अनूठी पहल है। पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को समायोजित करके इस अनूठी पहल को वैश्विक स्तर पर अन्य देशों द्वारा भी अपनाया जा सकता है।

# आप की बात

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## संसद में हंगामा

**संसद** के शीतकालीन सत्र में 16 से अधिक विधेयक पेश किए जाने हैं। यह विधेयक अत्यंत महत्वपूर्ण है। मगर हाल ही के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष द्वारा संसद की कार्यवाही में रोड़ा डालने के लिए पूरी मुस्तैदी से तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पहले ही दिन कह दिया कि हार का गुस्सा संसद में नहीं निकले। मगर अभी तक का अनुभव यही बताता है कि इन सभी विधेयकों इन पर संसद में पर्याप्त बहस होने की गुंजाइश कम है। हालांकि, सत्ता पक्ष व विपक्ष में रचनात्मक दृष्टिकोण से इतने महत्वपूर्ण मुद्दों और विधेयकों पर विचार होना चाहिए ताकि उनमें उचित सुधार किया जा सके। यदि ऐसा नहीं होता है तो बिना बहस के यह विधेयक पारित हो जाएंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि जनता द्वारा सदन में भेजे विपक्षी सदस्यों क्या उपयोगिता है? इन तीन राज्यों की हार के बाद कांग्रेस सहित विपक्षी इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को सकारात्मक राजनीति करना चाहिए और अपनी तर्कसंगत बहस से चर्चा में भाग लेकर जनता के दिल पर अपना प्रभाव छोड़ना चाहिए। जनता ने बता दिया है कि अब केवल मुफ्त की रेवड़ियों का लालच देने से ही राज्यों या केन्द्र में सत्ता नहीं मिलने वाली है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## महिलाओं का समर्थन

**मध्य प्रदेश**, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत दिलाने में महिलाओं का विशेष हाथ है। भाजपा के पक्ष में युवाओं और बुजर्गों ने तो बढ़चढ़ कर वोट डाले, साथ ही महिलाओं ने भी भाजपा को तकरीबन 50 फीसदी मतदान किया। ध्यान देने वाली बात है कि लंबे समय तक नेताओं का महिलाओं की तरफ कोई खास ध्यान नही था। इंदिरा गांधी ने महिलाओं को हर क्षेत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद भाजपा ने पिछड़ी व दलित महिलाओं को अहमियत देनी शुरू की और उनके हित के लिए विभिन्न योजनाओं को शुरू किया। जिसके चलते उन्हें 2014 और 2019 में सत्ता भी मिल गई। भाजपा द्वारा शुरू जनधन योजना के तहत महिलाओं को अहसास दिलाया गया कि उनके पास भी पैसे हैं। इससे उन्हें सुरक्षित, स्वाभिमानी और पहले से बेहतर जिंदगी का अहसास हुआ। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई लाड़ली बहिना योजना के चलते भाजपा को उम्मीद से कहीं ज्यादा वोट और सीटें भी मिली। महिलाओं के समर्थन से किसी भी राजनीतिक दल का कल्याण हो सकता है।

– **निधि जैन,** गाजियाबाद

## पराजय से सबक

**अमेरिकी** राष्ट्रपति कैनेडी ने कहा था कि जीत के सौ बाप होते हैं और हार अनाथ होती है। यह कथन मौजूदा भारतीय सन्दर्भ में बिलकुल फिट है। रविवार को हुई मतगणना से देश की मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी भी बिलकुल अनाथ जैसी हो गयी है। कुछ विशेषज्ञ इस परिणाम को 2024 का सेमीफाइनल मानते हुए बीजेपी को 400 से ज्यादा लोकसभा सीट देने की बात करने लगे हैं। अभी से ऐसी भविष्यवाणी ठीक नहीं होगी। यह चुनाव 28 विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के लिए अंतिम बार गंभीरता से अपने भविष्य के बारे में सोचने का अवसर है। गठबंधन ने राज्यों के चुनाव में न उतर कर भारी भूल की है। इन राज्यों के चुनावों में आप, सपा, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ व भारत आदिवासी पार्टी आदि को अपने साथ लेना चाहिए था। इसकी शुरुआत होने पर शायद परिणाम कांग्रेस के लिए उतना बुरा नहीं होता। देखना होगा कि अब इंडिया गठबंधन किस दिशा में चलता है। कांग्रेस को अब हर क्षेत्रीय पार्टी को समुचित अवसर देना होगा, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी केवल क्षेत्रीय दलों के कल्याण हेतु अपना बलिदान नहीं दे सकती है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

# डी ए व्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के बच्चों का संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में रहा दबदबा

## डी ए वी जांता अंडर 14 ओवरआल चैंपियनशिप रनरअप विजेता बनें

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



डी ए वी नेशनल स्पोर्ट्स के संभाग स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शानदार समापन हुआ। डी ए व्ही पब्लिक स्कूल सेक्टर दो भिलाई के तत्वावधान में संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ के कुल 10 जिलों के 18 स्कूलों के लगभग 800 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न 30 खेलों में हिस्सा लिया, दो दिवसीय खेल का आयोजन हुआ था, इन खेलों में तीन स्तरों के बच्चों का खेल आयोजन रखा गया था जिसमे पहला अंडर 14,दूसरा अंडर 17 व तीसरा अंडर 19 इन तीनों स्तरों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेल समापन समारोह के मुख्यातिथि डी ए व्ही संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रमुख डिप्टी रीजनल ऑफिसर,क्षेत्रीय अधिकारी (प्रक्षेत्र अ)डी ए वी नेशनल स्पोर्ट्स छत्तीसगढ़ जोनल कोऑर्डिनेटर माननीय प्रशांत कुमार जी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे, संभागीय स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में खेल विभाग के क्लस्टर प्रमुख डॉ बी पी साहू व होस्ट स्कूल डी ए व्ही सेक्टर दो के प्राचार्या प्रियंका शुक्ला उपस्थित रहें। डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि दो दिवसीय तीनो स्तर के खेलों में डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें अंडर 17 कबड्डी बालिका प्रथम,अंडर 14 कबड्डी बालक प्रथम, अंडर 14 कबड्डी बालिका द्वितीय, दौड़ में 1500 मी दौड़ ठगेश्वरी साहू अंदर-19 प्रथम, अंडर 14 बालक 1500 मी सीताराम प्रथम, 200 मी, अंडर 14 गोपाल प्रथम, अंडर 800 मी दौड़ बालिका ठगेश्वरी प्रथम, अंडर 19, 800 मी लिकेश बालक सेकंड, 200 मी अंडर19 तारिणी थर्ड, लॉन्ग जंप नीलम अंडर 19 सेकंड, हाई जंप सुरुचि प्रथम, हाई जंप टिकेश्वरी चौहान अंदर 14 सेकंड, हाई जंप अंडर 17 जानकी थर्ड, लॉन्ग जंप नीलम अंडर 19 सेकंड, रिले रेस 4 सौ मी से 400 मीटर अंडर 14 बालक सीताराम व साथी प्रथम, इस तरह से कुल 18 खेलों में डी ए वी जांता ने प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान बनाया है,साथ ही गोल्ड मैडल व सिल्वर मैडल लाकर बच्चों ने विभिन्न खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, अंडर 14 में बिलासपुर डी ए वी विनर व डी ए वी जांता ओवरआल चैंपियनशिप रनर अप घोषित टीम भी बने। छत्तीसगढ़ डी ए वी प्रमुख डी आर ओ प्रशान्त कुमार ने खेल प्रतियोगिताओं का समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में आकर सभी जिलों के बच्चों को उत्साहित किए साथ ही सभी बच्चों को अपने उद्बोधन के माध्यम से बताया कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए खेल से हमारे मानसिक शारीरिक व बौद्धिक आदी सभी गुणों का विकास होता है तथा विभिन्न प्रकार के खेल में हार और जीत तो लगी रहती है परंतु हमेशा हमें खेल भावना से खेल खेलना है और अभी जो बच्चे खेल में प्रथम व द्वितीय आए हैं वे सब को जोनल लेवल खेल प्रतियोगिता कोरबा में आयोजित होने वाली खेल के लिए आयोजित 8 से 10 दिसम्बर में सामिल होंगे। समापन समारोह के मुख्यअतिथि प्रशांत का कहना है कि डी ए व्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों को प्रमुख रूप से सर्वांगीण विकास के साथ आगे बढ़ाना मेरा एक सपना है व उनकी सर्वांगीण विकास के लिए यह विभिन्न प्रकार के खेलों में अग्रिम हो रहे और वास्तव में डी ए वी स्कूलों व डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर यह खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर यह साबित कर दिया है कि मुख्यमंत्री स्कूलों के विद्यार्थियों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। डी ए व्ही स्कूलो के क्लस्टर एक के खेल प्रभारी (क्लस्टर इंचार्ज) डॉ साहू व होस्ट स्कूल के प्राचार्या,व स्कूलों के प्राचार्य में डी ए वी मोनेट स्कूल के प्राचार्य,व डी ए वी जामुल के प्राचार्य सहित विभिन्न स्कूलों के खेल शिक्षक व छात्र-छात्राए उपस्थित रहें।

# 6 दिसम्बर से मनाया जा रहा फसल बीमा सप्ताह



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी वर्ष 2023-24 में 06 दिसंबर से 12 दिसंबर 2023 तक फसल बीमा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तारतम्य में जिले के अधिसूचित रबी फसलों के अधिक से अधिक कृषकों के मध्य फसल बीमा के प्रचार-प्रसार के लिए बनाएं गए बीमा रथ को जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सभी बीमा रथ ग्राम स्तर पर कृषि विभाग के मैदानी अमलों का सहयोग लेते हुए फसल बीमा का प्रचार-प्रसार कृषको के मध्य करेंगें। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि राकेश शर्मा, कैलाश चन्द्रवंशी, रामविलास चंद्रवंशी, जिला प्रतिनिधि रविन्द्र यादव, प्रकाश चन्द्रवंशी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय थे।उप संचालक कृषि राकेश शर्मा ने बताया कि रबी वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत कुल चार फसलों मुख्यतः गेंहू, चना, सरसों एवं अलसी को जिलें के लिए अधिसूचित किया गया है। बीमा कराने के लिए कुल बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत किसानो द्वारा प्रीमियम राशि देय है। प्रीमियम राशि देय के रूप में चना फसल के लिए प्रति हेक्टेयर 570 रूपए, गेंहू सिंचित के लिए 630 रूपए, गेंहू असिंचित के लिए 345 रूपए, अलसी के लिए 240 रूपए एवं राई-सरसों के लिए 345 रूपए प्रति हेक्टेयर बीमा प्रीमियम दर देय होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हो रही बेमौसम बारिश से खरीफ 2023 के अरहर एवं कटे हुए धान फसल में हो रही फसल क्षति की सूचना इन फसलो में बीमा कराए हुए कृषकों के द्वारा संबंधित बीमा कंपनी के टोल फ्री नम्बर 1800-209-5959 पर 72 घंटे के अतंर्गत दिया जा सकता है।

# कांग्रेस नेता इंजीनियर योगेश्वर चन्द्राकर ने भाजपा को जीत के लिए दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



विधानसभा चुनाव 2023 छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों का परिणाम आ गया है इसके लिए स्थानीय युवा नेता कांग्रेस इंजीनियर योगेश्वर चन्द्राकर ने भाजपा को इस जीत के लिए शुभकामनाएँ एवं बधाई दिए और साथ साथ कहाँ कि जीत के साथ ज़िम्मेदारी और गम्भीरता नए सरकार कि बड़ जाती है इंजीनियर योगेश्वर चन्द्राकर ने बताया की भाजपा को छत्तीसगढ़ के किसानो , आदिवासी , दलितों , महिलाओं से किए अपने एक एक गारंटी को दिए गए समय में पूर्ण करना चाहिए । अपने राजधर्म का कर्तव्यपूर्व निर्वहन करना ही प्राथमिकता होने चाहिए आगे युवा नेता कांग्रेस इंजीनियर योगेश्वर चन्द्राकर ने कहा कि भाजपा एक सर्वधर्म सम्भव के मूल्यों के ऊपर आगामी 5 सालों तक सरकार निर्वहन करेगी ऐसी आशा है और कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ विधानसभा में एक शक्तिशाली सकारात्मक विपक्षी का होने दयतित्व का निर्वहन करेगी । युवा नेता कांग्रेस इंजीनियर योगेश्वर चन्द्राकर ने नवनिर्वाचित सरकार से ये माँग की है दिसंबर के महीने में दक्षिण भारत के तमिलनाडु से उठे मौसम की वजह से छत्तीसगढ़ के किसान भाइयों के फ़सल का भारी नुक़सान हुआ है उसका विशेष ध्यान देते हुए उनके मुवाजे का प्रबंध करना चाहिए इस मौसम की वजह से किसान भाइयों का चाहे धान का फ़सल हो , राहर के पेड़ से इस बदलिनुमा मौसम से सारे फूल झड़ गए जिससे किसान वर्ग काफ़ी चिंतित है ये नए सरकार कर प्रथम कर्तव्य होना चाहिए की उनके हितों का ध्यान रखे युवा नेता कांग्रेस इंजीनियर योगेश्वर चन्द्राकर ने आगे कहा की भाजपा को छत्तीसगढ़ के आम जनता ने उनकी अपेक्षा से ज़्यादा बहुमत दिया है ये गुमान में ना रहे की इस सवेधानिक व्यवस्था में कोई जातिगत राजनीति करने से बचे और जैसा की ये सविधान हमें ये अधिकार देती है की आर्थिकरूप से , सामाजिकरूप से , और राजनैतिक रूप से सबके विचारो का सम्मान हो सबके अधिकारो का सम्मान हो यह नैतिक ज़िम्मेदारी नवनिर्वाचित सरकार की है । दिसम्बर का महीना महान समाज सुधारक , महान शिक्षाविद् , महान सविधान निर्माता परम पूज्य बोधिसत्व बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर और महान छत्तीसगढ़ के समाज सुधारक बाबा गुरु घासीदास जी का पवित्र महीना होने के नाते हमारे लिए गर्व की बात है।

# विधानसभा चुनाव सम्पन्न होते ही निर्माण कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

## प्रधानमंत्री आवास से लेकर अधोसंरचना विकास के कार्यों को समय पर करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 संपन्न होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में कराए जा रहे निर्माण कार्यो ने गति पकड़ ली है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से लेकर अधोसंरचना विकास के कार्यों को समय पर पूरा करने विभाग के मैदानी कर्मचारी लगातार फील्ड का निरीक्षण कर रहे हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण, स्वच्छ भारत अभियान के तहत सेग्रीगेशन शेड निर्माण, महात्मा गांधी नरेगा योजना के विभिन्न कार्यों के साथ अन्य विकास कार्य हो रहे हैं, जिसे समय पर पूरा करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास स्वीकृत कर दिया गया है। आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त की राशि भी जारी किया गया है। ऐसे हितग्राही जिनका आवास निर्माण हो रहा है, उन्हें दूसरे एवं तीसरी किस्त की राशि दी जा रही है। आवास निर्माण के हितग्राहियों को मैदानी कर्मचारी आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन देकर निर्माण कार्य जल्द पूरा करने प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत सेग्रीगेशन शेड निर्माण का कार्य हो रहा है। इन कार्यों को ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। इसी तरह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के विभिन्न कार्य प्रारंभ किया जा रहे हैं, जिसमें ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिल सके। सभी जनपद पंचायतों को निर्देश दिया गया है कि नरेगा योजना के अंतर्गत कार्यों की आवश्यकता अनुसार निर्माण कार्य स्वीकृत करने प्रस्ताव जिला पंचायत में प्रस्तुत किया जाए। जिससे कि ग्रामीणों की मांग पर अधिक से अधिक कार्य प्रारम्भ कर ग्रामीणों को रोजगार दिया जा सके।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर सैनिकों के कल्याण के लिए दान की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




सशस्त्र सेना झंडा दिवस प्रति वर्ष भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में हमारे देश में 07 दिसम्बर को हर्ष के साथ मनाया जाता हैं। इस परिप्रेक्ष्य में सचिव, राज्य सैनिक बोर्ड एवं संचालक सैनिक कल्याण, ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, व्ही. एस. एम (से.नि), द्वारा छत्तीसगढ के सभी नागरिक से अपील की गई है कि शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत् सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें। गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समस्त नागरिकों के लिये अपनी सेना में विषम एवं दुर्गम इलाकों में सेवारत् सैनिकों, वीर शहीदों के परिवार व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का उत्तम अवसर है, जिसमें सभी नागरिक दिल खोलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में बढ़ चढ़कर योगदान दे सकते हैं। झंडा दिवस की यह राशि घायल सैनिकों के पुनर्वास, शहीद सैनिकों के परिवार को आर्थिक सहायता एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों हेतु कल्याणकारी योजनाओं एवं पुनर्वास में उपयोग की जाती है। विदित हो कि दान की गई समस्त राशि, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 के अंतर्गत आयकर से मुक्त होगी। उपरोक्त दान राशि, 'सचिव, छत्तीसगढ़ के पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए समामेलित विशेष निधि'' ए/सी नंबर- 20246292607 IFSC Code-IDIB000Rz18 के नाम पर भेजी जा सकती है। इसके अलावा समीप के सैनिक कल्याण कार्यालय से सम्पर्क कर चेक आरटीजीएस ड्रॉफ्ट के माध्यम या बारकोड के व्दारा दिया जा सकता हैं।

# पीएम किसान सम्मान निधि अब सरपंच भी आएंगे दायरे में

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16 वीं किश्त के संबंध में शासन की गाइड लाइन के आधार पर निर्देश जारी किए हैं। सात बिंदुओं की गाइड लाइन में कहा है कि अगर निर्धारित मापदंड पूर्ण करते हों, तो वर्तमान सरपंच पदधारी व पूर्व सरपंच पीएम किसान सम्मान निधि के पात्र हैं। ऐसे में सरपंच या पूर्व सरपंच होने के कारण उन्हें अपात्र नहीं किए जायेंगे। उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना इस योजना का प्रसार करने प्रशिक्षण, मेले, अभियान चलाने कहा है। पीएम किसान योजना के मोबाइल एप व हितग्राही किसानों के लिए नवीन सुविधा किसान ई-मित्र चैटबॉट का सघन प्रचार करने कहा गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजनांतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रदाय नवीन निर्देशों की जानकारी के संबंध में जिले के सभी विकासखंड वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। उप संचालक कृषि, जिला बेमेतरा ने पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि योजना का लाभ प्रदान करने, पात्रता रखने वाले सभी हितग्राही किसानों की अधूरी प्रक्रिया को 30 दिन के भीतर पूर्ण कराया जाए। कृषि उप संचालक ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत आगामी 16वीं किश्त जारी किए जाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया तय समय में पूर्ण किए जाने शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराया है। सात बिंदुओं की गाइड लाइन में बताया गया है कि वर्तमान सरपंच पदधारी व पूर्व सरपंच प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पात्र हैं। यदि वे इस योजना के अंतर्गत सभी निर्धारित मापदंड पूर्ण करते हैं, तो सरपंच या पूर्व सरपंच होने के कारण योजनांतर्गत अपात्र नहीं किया जाना है। विभागीय प्रशिक्षण, मेले, अभियानों जैसे प्रचार-प्रसार कार्यकमों के माध्यम से पीएम किसान योजना के मोबाइल एप व हितग्राही किसानों के लिए नवीन सुविधा किसान ई-मित्र चैटबॉट का सघन प्रचार किया जाना है। आगामी 16 वीं किश्त के लिए लॉट ओपनिंग तिथि 20 दिसंबर व लॉट क्लोजर और आरएफ्टी साइनिंग तिथि 10 जनवरी, एफ्टीओ जनरेशन और स्वीकृति जारी करते 11 से 15 जनवरी के निर्धारित तिथियों में भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शासन से जारी गाइड लाइन के अनुरूप कार्यवाही कर शासन की गाइड लाइन का पालन सुनिश्चित करें।

# 8 विपत्तिग्रस्त परिवार को 32 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत 08 विपत्तिग्रस्त परिवार को 32 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रकरण के तहत विपत्तिग्रस्त परिवार को चार लाख रूपए दी जाएगी। इसके तहत सहसपुर लोहारा तहसील के ग्राम पावले निवासी कु. ज्योति निर्मलकर की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता रोहित निर्मलकर को, ग्राम कटोरी निवासी कु. साधुर्वे की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता बहुर सिंह को, ग्राम सुकतरा निवासी कीर्तन पटेल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नी श्रीमती कौशिल्या पटेल को, बोड़ला तहसील के ग्राम सिवनीकला निवासी प्रेमलाल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता परभू को, ग्राम सरोधादादर निवासी शहर बैगा की ग्राम के तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पित्नी श्रीमती कुवंरिया को, पिपरिया तहसील के ग्राम बिटकुलीखुर्द निवासी देवकी धुर्वे की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता अश्वनी धुर्वे को, पंडरिया तहसील के ग्राम पुटपुटा (आमाटोला) निवासी बुधराम की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके माता श्रीमती बिसाहीन बाई को और कवर्धा तहसील के ग्राम मजगांव निवासी राजेश्वरी गंधर्व की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता बलदाउ गंधर्व को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तीन वाहन रथ को हरी झंडी

## फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने आज यहां प्रातः कलेक्ट्रेट परिसर में आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर ''फसल बीमा सप्ताह'' में आज 06 दिसम्बर 2023 के दौरान छठवें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना फसल बीमा सप्ताह के तहत तीन प्रचार वाहन रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये प्रचार वाहन रथ ज़िले के कम बीमा आवरण वाले क्षेत्रों में रबी फसल नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में फसल बीमा कराओं सुरक्षा कवच पाओ का प्रचार कर किसानों को फसल बीमा के लिए जागरूक करेंगे। कलेक्टर ने फसल बीमा में सेल्फ़ी खिचवाई। कलेक्टर एल्मा ने कहा कि जिले के पात्र किसानों ने अब तक मौसमी रवि वर्ष 2023-24 हेतु अधिसूचित फसलें चना, अलसी, गेहूं,-सिंचित, गेहूं-सिंचित,गेहूं-असिंचित, राई-सरसों का फसल बीमा नहीं कराया है, वे किसान 31 दिसंबर 2023 तक बीमा करा सकते है। साथ ही जिला स्तर पर रबी 2023-24 में अधिक से अधिक अऋणी कृषकों को बीमा आवरण में लाने हेतु प्रचार-प्रसार के कार्यक्रम प्रारंभ किये गये है। अधिक जानकारी के लिए समस्त कृषक बन्धु बीमा कंपनी बजाज एलायंज कंपनी लिमि. के टोल फ्री नम्बर 18002095959 पर सम्पर्क कर सकते है। इस अवसर पर फसल बीमा सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत बीमा रथ को रवाना करने के कार्यक्रम के दौरान उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना, वरिष्ठ कृषि अधिकारी सी.एस बंछोर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी चिंताराम रावटे, सहायक नोडल अधिकारी अरविंद वर्मा, जिला जनसंपर्क अधिकारी शशिरत्न पाराशर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी वर्ष 2023-24 हेतु फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 तय की गयी है। इसके तहत गेहूं फसल हेतु 525 रुपये प्रति हेक्टेयर, चना फसल हेतु 585 रुपये प्रति हेक्टेयर, अलसी फसल हेतु 240 रुपये प्रति हेक्टेयर एवं राई-सरसों फसल हेतु 345 रुपये प्रति हेक्टेयर कृषक देय बीमा प्रीमियम राशि तय की गई है। ऋणी किसानों का बीमा संबंधित बैंक, सहकारी समिति द्वारा अनिवार्य रूप से किया जायेगा, उन्हें केवल घोषणा एवं बुवाई प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि अऋणी कृषकों को बैंक, सहकारी समिति एवं लोक सेवा केन्द्र में बीमा प्रस्ताव फार्म नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भू-स्वामित्व साक्ष्य (बी-1 पंचसाला), किरायेदार, साझेदार कृषक का दस्तावेज, बुवाई प्रमाण पत्र एवं घोषणा पत्र प्रदाय कर 31 दिसंबर 2023 तक बीमा करा सकते है। अधिक जानकारी हेतु अपने क्षेत्र के कृषि अधिकारी से संपर्क करें। मालूम हो कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के उद्देश्य का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लक्ष्य फसल क्षेत्र में टिकाऊ उत्पादन का समर्थन तो करता ही है, बल्कि अप्रत्याशित घटनाओं, विपदाओं से उत्पन्न फसल क्षति/क्षति से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान भी करता है। खेती-किसानी में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए किसानों की आय को स्थिर करता है। फसल बीमा कृषि क्षेत्र के लिए ऋण का प्रवाह सुनिश्चित करता है जो खाद्य सुरक्षा, फसल विविधीकरण और कृषि क्षेत्र के विकास और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के साथ-साथ किसानों को उत्पादन जोखिमों से बचाने में भी योगदान देता है। अधिसूचित फसल मौसम के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि संचालन ऋण स्वीकृत किए गए सभी किसानों को, जिन्हें अनिवार्य रूप से कवर किया जाएगा।

# अवैध धान के आवक पर साइबर सेल व चक्रधरनगर पुलिस की कार्रवाई

## ओडिसा से लाया जा रहा 120 कट्टा अवैध धान पकड़ा



पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में धान खरीदी के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा वर्चुअल मीटिंग में थाना प्रभरियों तथा साइबर सेल की टीम को सीमावर्ती उड़ीसा राज्य से जिले में धान लाकर मंडियों में खपाये जाने को लेकर विशेष निगाह रखने के निर्देश दिये गये है। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारियों द्वारा अवैध धान के आवक को रोकने मुखबिर लगाकर सूचना प्राप्त की जा रही है। इसी क्रम में सुबह थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कनकतुरा उड़ीसा की ओर से दो ट्रैक्टरों में 4 व्यक्ति धान लेकर रायगढ़ मंडी की ओर निकले हैं। थाना प्रभारी द्वारा खाद्य अधिकारियों को सूचना देकर क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही साइबर सेल की टीम को साथ लेकर एकताल बैरियर पहुंचे। मौके पर चक्रधरनगर पुलिस, साइबर सेल और खाद्यविभाग की संयुक्त टीम द्वारा दो ट्रैक्टर सीजी 13 ए- 2475 एवं सीजी 13 वाई- 5158 में कुल 120 कट्टा धान करीब 50 क्विंटल धान रखा हुआ पाया गया, पूछताछ में ट्रैक्टर में मौजूद व्यक्ति- मनोज कुमार चैहान निवासी धनवारडेरा, भोजराज तंटी निवासी जरायबोगा सुंदरगढ़, अनिल सिदार एकताल डिपापारा और तेजसन सिदार एकताल डिपापारा द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिए जाने पर खाद्य अधिकारियों द्वारा अवैध धान मय ट्रैक्टर समेत जप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में फूड इंस्पेक्टर अंजनी कुमार राव और उनकी टीम तथा पुलिस टीम से टीआई निरीक्षक प्रशांत राव अहेर थाना प्रभारी चक्रधरनगर, थाना चक्रधरनगर के सहायक उप निरीक्षक नंदकुमार सारथी, आरक्षक सुशील मिंज और साइबर सेल के प्रधान आरक्षक बृजलाल गुर्जर, आरक्षक पुष्पेंद्र जाटवार, धनंजय कश्यप शामिल थे।

## सरपंच भी आएंगे किसान सम्मान निधि के दायरे में

**कोरबा।** कृषि उप संचालक ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त जारी करने के संबंध में शासन की गाइड लाइन के आधार पर निर्देश जारी किए हैं। सात बिंदुओं की गाइड लाइन में कहा है कि अगर निर्धारित मापदंड पूर्ण करते हों, तो वर्तमान सरपंच पदधारी व पूर्व सरपंच पीएम किसान सम्मान निधि के पात्र हैं। ऐसे में सरपंच या पूर्व सरपंच होने के कारण उन्हें अपात्र नहीं किया जाना चाहिए। इस योजना का प्रसार करने प्रशिक्षण, मेले, अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं। पीएम किसान योजना के मोबाइल एप व हितग्राही किसानों के लिए नवीन सुविधा किसान ई-मित्र चैटबॉट का सघन प्रचार करने कहा गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रदाय नवीन निर्देशों की जानकारी के संबंध में जिले के सभी विकासखंड वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। उप संचालक कृषि जिला कोरबा ने इस पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि योजना का लाभ प्रदान करने पात्रता रखने वाले सभी हितग्राही किसानों की अधूरी प्रक्रिया को 30 दिन के भीतर पूर्ण कराया जाए।

# धारदार टांगी से युवक की हत्या

## आपसी विवाद बना हत्या की वजह

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के कापू थाना क्षेत्र के ग्राम सोनपुर में आपसी विवाद के बाद सोमवार की शाम एक युवक की धारदार टांगी मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए आरोपी की पतासाजी में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कापू थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सोनपुर निवासी संजय पिता कार्तिकराम प्रधान उम्र 28 साल की सोमवार की शाम गांव में खून से लथपथ लाश मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक के गले में टांगी के वार से गहरे निशान दिखाई दे रहे थे। गांव के ग्रामीणो ने हत्या की घटना से कापू पुलिस को अवगत कराया जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है। बताया जा रहा है कि अज्ञात आरोपी के द्वारा हत्या की इस वारदात को अंजाम दिया गया है। प्रारंभिक जांच के बाद कापू पुलिस के अनुसार हत्या का यह मामला जमीन संबंधी विवाद के कारण हो सकता है। बहरहाल कापू पुलिस अज्ञात आरोपी तक पहुंचने गांव के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गरीब कल्याण योजना को 1 जनवरी 2024 से अगले 5 वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा



**मुंगेली।** जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेत्री दुर्गा उमाशंकर साहू ने कहा कि गरीब कल्याण योजना को 1 जनवरी 2024 से अगले 5 वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। इस योजना से 81 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। यह मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेत्री दुर्गा उमाशंकर साहू ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में लगभग 13.50 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा के स्तर से ऊपर उठे। यह मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। दुर्गा साहू ने बताया कि गरीब कल्याण योजना से 81 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। आगामी 5 वर्षों में इस योजना पर 11 लाख करोड रुपए से अधिक व्यय किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के लिए कितना ज्यादा एवं गंभीर मनन करते हैं इसका प्रमाण 29 नवंबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल की कैबिनेट बैठक में लिए गए गरीब कल्याण योजना से लिया जा सकता है। कोविड एवं महामारी की मार से सबसे ज्यादा पीड़ित गरीबी रेखा में जाने वालों की पीड़ा को समझ कर मोदी ने उन्हें आगामी 5 वर्षों तक भूखे रहने की आशंका अथवा पीड़ित रहने से मुक्ति कर दिया है। यह नरेंद्र मोदी की अति महत्वाकांक्षी मानव पीड़ा को समझने और उसे दूर करने की पराकाष्ठा है।

# गंगा मैया की झूठी कसम खाने वाली सरकार को उखाड़ फेंका जनता ने : अंकित अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की बहुत बड़ी जीत को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश नेता अंकित अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए और छत्तीसगढ़ की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में राम राम राज्य आ गया है सुशासन का कमल खिल गया है इसका सबसे बड़ा श्रेय छत्तीसगढ़ की जनता को मिलता है जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रति अपना विश्वास दिखाया है और निश्चित ही भारतीय जनता पार्टी जनता के विश्वास पर खरी उतरेगी,कांग्रेस की भूपेश सरकार को लेकर अंकित अग्रवाल ने कहा कि इन्होंने जो माँ गंगा का अपमान की उनकी झूठी क़सम खाई उसका ही यह फल है पूरा भारत आज माँ गंगा को पवित्र मानता है उनको पूजता है सनातन धर्म का जो अपमान किया वो आज तक नहीं बचा छत्तीसगढ़ में सनातन धर्म की जीत हुई है, सक्ती विधानसभा को लेकर अंकित अग्रवाल ने कहा कि हमे दुख है कि हम सक्ति विधानसभा जीत नहीं पाये यहाँ के प्रत्याशी डाक्टर खिलावन साहू ने बहुत मेहनत की कार्यकर्ताओं ने भी अपनी पूरी ताक़त दिखाई लेकिन फिर भी निराशा हाथ लगी इस पर भी हमारे पार्टी के वरिष्ठ जन बैठ कर समीक्षा करेंगे कि कहा पर चूक हुई अंकित अग्रवाल ने कहा कि मैं मानता हूँ कि सक्ती विधानसभा की हार एक एक कार्यकर्ता की हार है,भारतीय जनता पार्टी के अंकित अग्रवाल से जब पूछा गया कि आप अपना नेता किसे मानते है तो उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही मेरा नेता है संघठन ही सर्वोपरि है,अंकित अग्रवाल के बारे में बता दे कि अंकित ने 2010 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपनी छात्र जीवन राजनीति की शुरुवात की थी अग्रवाल ने विद्यार्थी परिषद में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उसके बाद सक्ती नगर मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष रहते भूपेश सरकार के ख़िलाफ़ कई सारे आंदोलन धरना प्रदर्शन किया उसके पार्टी ने उन्हें प्रदेश में स्थान दिया और लगातार अंकित अग्रवाल कांग्रेस सरकार के ख़िलाफ़ अपनी प्रतिक्रिया देते रहते थे।

# पुन्नूलाल मोहले मुंगेली विधानसभा में लगातार चैथी बार भारतीय जनता पार्टी की तरफ से विधायक निर्वाचित हुए

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली ब्लाक के ग्राम दशरंगपुर निवासी पुन्नूलाल मोहले मुंगेली विधानसभा में लगातार चैथी बार भारतीय जनता पार्टी के तरफ से विधायक निर्वाचित हुए हैं। इससे पूर्व मोहले तीन बार विधायक एवं चार बार सांसद रह चुके हैं। ये उनकी लगातार ग्यरारवीं विजय रही है। मोहले सामान्य कृषक परिवार से हैं। वे आठवीं पूर्व माध्यमिक परीक्षा बिलासपुर संभाग शाला ब्रुक्स उच्चतर माध्यमिक शाला मोतिमपुर, जरहागांव से 1966 में उत्तीर्ण किया। हाईस्कूल की परीक्षा सन 1968 में माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल से उत्तीर्ण किया। बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा सन 1979 में एसएनजी महाविद्यालय से उत्तीर्ण किया। भाजपा के कद्दावर नेता तथा छत्तीसगढ़ राज्य के पिछले दस वर्षो से खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री रहे पुन्नूलाल मोहले ने तत्कालीन बिलासपुर जिले के ग्राम पंचायत सोढ़ार से सरपंच के रूप में राजनीति में कदम रखा। सन 1977 में सरपंच से अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने वाले मोहले 1978 में जनपद पंचायत के अध्यक्ष बनकर क्षेत्र की राजनीति में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। पुन्नूलाल मोहले को 1980 में अपने पहले विधानसभा चुनाव में जरहागांव विधानसभा सीट से शिवप्रसाद ओझा से उनको हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद मोहले ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसके बाद पुन्नूलाल मोहले 1983 में जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष के रूप में उभरकर सामने आये। सन 1985 में उन्होने शिवप्रसाद ओझा को पांच सौ एक मतों के अंतर से हराकर पहली बार विधानसभा क्षेत्र जरहागांव में मध्यप्रदेश विधानसभा से, विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए और निरंतर छठवीं बार विधायक के रूप में खुद को स्थापित कर अपनी जीत का रिकार्ड बनाये रखा। सन 1990 में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति मध्यप्रदेश शासन में इन्हें अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया।

# शिक्षक संघ जिला इकाई मुंगेली ने नई सरकार बनने पर दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छ. ग. शालेय शिक्षक संघ जिला इकाई मुंगेली ने नई सरकार बनने पर बधाई दी है और नई सरकार से आने वाले समय में शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ पारस्परिक विश्वास स्वर्णिम राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। संघ के जिलाध्यक्ष दीपक वेन्ताल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पुनीता मिश्रा ने कहा की विधान सभा चुनाव के पहले भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी - 2023 के नाम से प्रदेश के शिक्षको के लिए कुछ वादे किये है। जिसमे सरकार बनने पर प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान डी ए देने,सहायक शिक्षको की वेतन विसंगति दूर करने, सभी कर्मचारियों को क्रमोंन्ति का लाभ देना शिक्षको को इन सभी वादो को अविलंब पुरा किये जाने की अपेक्षा है। साथ ही शिक्षक एल बी संवर्ग को संविलियन से पहले शिक्षाकर्मी के रूप मे किये गये सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन देने, पूर्ण पेंशन के लिए 33 साल की निर्धारित सेवा अवधि को घटाकर केंद्र के समान 20 वर्ष करने की भी अपेक्षा है। संघ के जिलाध्यक्ष दीपक वेन्ताल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पुनीता मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष नेमी चंद भास्कर, दुर्गेश देवांगन, मोहन कश्यप, मोहन उपाध्याय, बीरबल सोनकर, राजेंद्र नेताम, राधेश्याम राय, विवेक गोविद, प्रकाश श्रीवास।

# चुनावी चर्चा का बाजार गर्म, परिणाम को लेकर विचार करती चैपाल सजी

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



विधानसभा चुनाव की मतगणना के बाद परिणाम सामने आ चुके है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है। चुनाव निपटने से अधिकारी कर्मचारियों ने जहां राहत की सांस ली। शासकीय कार्यालयों में चुनाव की थकान नजर आ रही है। दूसरे दिन चुनाव की खुमारी छाई रही। चुनावी चर्चा का बाजार गर्म हो चुका है एक तरफ तो पार्टी के लोगों के बीच अपनी हार और जीत को लेकर चिंतन मंथन चल रहा है तो दूसरी ओर जनता के बीच भी इस परिणाम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। जगह-जगह अब परिणाम को लेकर विचार करती चैपाल सजी हुई है। लोग किसी का हंसी मजाक भी उड़ा रहे हैं तो किसी के जीत को लेकर हैरानी भी जता रहे है। कोई कह रहा है कि हमने तो सोचा नहीं था कि ऐसा भी हो जाएगा तो कोई कह रहा है मुझे तो पहले से ही विश्वास था कि इस बार भारतीय जनता पार्टी ही जीतेगी। लोगों में यह भी चर्चा है कि अब पिछड़े हुये क्षेत्र मुंगेली जिले का तेजी से विकास होगा। डबल इंजन की सरकार के साथ कद्दावर क्षेत्रीय विधायक भी सत्ताधारी पार्टी के ही है। जिसका लाभ जिले को मिलेगा। दूसरे दिन भी चुनावी चौपाल की तर्ज पर चुनाव के परिणाम की चर्चा गर्म रही। शहर के चौक-चौराहों, पान ठेले, होटल, ठेले, खोमचे, खेल मैदान सहित कई दुकानों में अब तक चुनावी चर्चा के लिए लोगों का जमघट लग रहा है।

जिले से ही मुख्यमंत्री बनेगा, इसको लेकर भी चर्चा जोरों से है। कौन-कौन सा विभाग किसको दिया जाएगा, कौन आयोग एवं मण्डल में जायेंगे, इसकी भी समीक्षा लोगों के द्वारा की जा रही है।

# औरदा सरपंच सचिव की मनमानी से परेशान ग्रामीण, गरीब के राशन डकारने का आरोप लेकर पहुंचे कलेक्टर के पास



पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

खरसिया विकासखण्ड के ग्राम पंचायत औरदा में इन दिनों गांव की जनता ने पंच, सरपंच, सचिव के विरुद्ध ग्रामीण जनों ने मोर्चा खोल दिया हैं, ग्रामीण का कहना है गांव के पंच सरपंच के मिलीजुली जुगलबंदी के चलते गांव के 500 से 600 राशनकार्ड धारकों के साथ अन्याय हो रहा हैं। सरपंच सचिव की मनमानी चरम सीमा पर है। हितग्राहियों का आरोप है कि राशन वितरण किए बिना ही हितग्राहियों को गुमराह कर बायोमैट्रिक में घर घर जाकर अंगुठे ले कर कहा जाता हैं कि हमने "तुमन के अंगुठा ल" आनलाइन अपडेट कर दिए हैं। अब जब भी राशन आप लोगो के नाम का आएगा आप सभी को सुचित कर राशन वितरण के लिए सुचना दे दिया जाएगा कहते हुए गांव के पंच-सरपंच और सचिव अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। ग्रामीण हितग्राही हर माह यही बात सुन सुन कर त्रस्त होकर बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे। रायगढ़ कलेक्टर को अपनी आप बिती बताते हुए दोषियों के उपर कड़ी से कड़ी दण्ड देकर दण्डित करने की गुहार लगाते हुए ग्रामीण हितग्राहियों ज्ञापन सौंपा है। जिसमे जिला कलेक्टर के द्वारा जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।

# तड़के अचानक बज उठा सेंट्रल बैंक का सायरन, तत्काल मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे टीआई घरघोड़ा

- बैंक प्रबंधन की दिखी लापरवाही, टीआई ने प्रबंधन को व्यवस्था दुरूस्त करने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



धरमजयगढ़ रोड़ स्थित सेंट्रल बैंक घरघोड़ा का अलार्म कल सुबह अचानक बजने लगा क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही घरघोड़ा पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी घरघोड़ा शरद चन्द्रा को सूचना देकर बैंक के लिये रवाना हुये। तत्काल मौके पर टीआई शरद चन्द्रा अपने स्टाफ के साथ पहुंचे और सुरक्षा उपाए अपनाते हुये पूरे बैंक परिसर को चेक किये। इस दौरान बैंक के मुख्य शटर में एक ताला लगा हुआ और एक ताला खुला हुआ मिला। बैंक पर सिक्युरिटी गार्ड मौजूद नहीं था। टीआई घरघोड़ा द्वारा उच्च अधिकारियों को सूचना देकर बैंक स्टाफ को मौके पर बुलाये। कुछ देर बाद बैंक मैनेजर और उनका कुछ स्टाफ बैंक पहुंचा।

पुलिस टीम और बैंककर्मियों बैंक अंदर जाकर तसल्ली पूर्वक निरीक्षण किया गया किसी प्रकार की सेंधमारी व अन्य घटना नहीं हुई थी। बैंक मैनेजर ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण सायरन बजी है। बैंक के उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी। थाना प्रभारी घरघोड़ा ने बैंक की सुरक्षा व्यवस्था पर आपत्ति जताते हुए बैंक मैनेजर को सुरक्षा व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिये गये हैं।

## छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के सदस्यों सहित भागवताआचार्य श्रेया रानी भी हुई शामिल

# शक्ति के सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में हुआ महाआरती का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ति
www.dailypioneer.com





शक्ति शहर के थाना चौक स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में महाआरती एवं महा भोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महा आरती कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी को भोग प्रसाद के साथ किया गया, जिसमें सर्वप्रथम सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हनुमान भक्तों ने जय श्री हनुमान-जय श्री राम के श्रीघोष के साथ इस महाआरती कार्यक्रम में सहभागिता की,तो वहीं कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन शक्ति जुलाई इकाई के अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं सदस्य भी शामिल हुए तथा इस पूरे कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध भागवत आचार्य श्रेया रानी भी अपने परिवार के साथ शामिल हुई एवं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित ओमप्रकाश वैष्णव के कुशल सानिध्य में एवं श्री हनुमान सेवा परिवार शक्ति के सदस्यों की उपस्थिति में बारिश के बावजूद महा आरती के कार्यक्रम का उत्साह के साथ आयोजन हुआ एवं मंदिर के बाहर बने मंच पर आगंतुकों ने जहां महा आरती की तो वहीं हनुमान जी की आरती के साथ ही पूजा-अर्चना संपन्न हुई एवं आगंतुक जनों ने हनुमान चालीसा का पाठ भी पढ़ा इस दौरान कार्यक्रम का संचालन करते हुए हनुमान सेवा परिवार शक्ति के नारायण प्रसाद कोडके मौर्य ने कहा कि विगत 28 सप्ताह से निरंतर या महाआरती का कार्यक्रम हो रहा है, एवं प्रत्येक मंगलवार को रात्रि 7:00 बजे से हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना यहां हो रही है,वहीं पंडित ओमप्रकाश वैष्णव ने भी विधिवत्त महा आरती के कार्यक्रम को संपन्न कराया तथा इस दौरान हनुमान जी को 51 दीप समर्पित किए गए तथा 5 दिसंबर को आयोजित महा आरती के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंदिर के पुजारी पंडित ओमप्रकाश वैष्णव, श्री हनुमान सेवा परिवार शक्ति के नारायण प्रसाद कोडके मौर्य,छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन शक्ति जिला इकाई के अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अमरलाल अग्रवाल कॉन्टैक्टर, पंकज अग्रवाल, कमल अग्रवाल खुशबू गारमेंट, बजरंग अग्रवाल चिंटू, सुप्रसिद्ध भागवत कथा आचार्य श्रेया रानी, सीनियर एडवोकेट चितरंजन प्रसाद पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता भरत रिंकू निर्मलकर, वीरेंद्र देवांगन, गोवेर्धन देवांगन, महेंद्र गबेल, नरेंद्र कुमार अग्रवाल, सुमित दरयानी,शामिल थे,तथा महाआरती के कार्यक्रम में सुंदर फोटोग्राफी का कार्य भरत निर्मलकर रिंकू द्वारा,हनुमान जी का श्रृंगार संजय तंबोली द्वारा, सिंदूराभिषेक गुंजन एजुकेशन सेंटर के संचालक नितिन सोनी, रामगोपाल देवांगन, अनूप गर्ग हटरी एवं सावित्री यादव द्वारा, सुंदरकांड श्याम रावलानी, राजेश अग्रवाल, अयोध्या टेलर, कैलाश अग्रवाल, उमेश साहू आरक्षक द्वारा पढ़ा गया, शक्ति के थाना चौक स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में हो रहे इस महा आरती के कार्यक्रम में जहां लोगों का उत्साह देखते ही बनता है तो वहीं मंगलवार को 7 बजते ही लोग अपने सारे काम छोड़कर इस महाआरती में शामिल होते हैं एवं ऐसी मान्यता है कि थाना चौक स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर के दर्शन मात्र से ही लोगों के सारे कासन का निवारण होता है।

## कोरबा हवाई पट्टी का हुआ कायाकल्प-रनवे पर नहीं घुस सकेंगे जानवर

**कोरबा।** कोरबा शहर के रूमगरा में स्थित हवाई पट्टी का लंबे समय बाद कायाकल्प हुआ हैं। हवाई पट्टी के अंदर रनवे पर कोई अनाधिकृत व्यक्ति या जानवर न पहुंचे इसके लिए चारों ओर कंटीले तार से फेंसिंग कराने के साथ ही ग्रीन नेट लगाया गया हैं। सुरक्षित तरीके से प्लेन की लैंडिंग व टैक ऑफ हो सके इसके लिए रनवे के आसपास साफ-सफाई कराकर अब नए सिरे से डामर की टायरिंग कराई गई हैं। आने वाले विजिटर के लिए बने रेस्ट रूम का भी रंग-रोगन किया गया हैं। आसमान से कोरबा के हवाई पट्टी होने का पता चल सके इसके लिए चबूतरा बनाकर "KORBA" लिखा गया हैं, जिससे आसमान पर उड़ रहे विमान से शहर का पता चल सके।

# डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जी के 67वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर अम्बेडकर चौक रायपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

## दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के महामानव डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि






पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

06 दिसम्बर 2023 को बाबा साहेब अम्बेडकर चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बौद्ध समाज के अतिरिक्त अम्बेडकर अनुयायी बड़े पैमाने पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। सर्वप्रथम त्रिशरण पंचशील भन्ते शीलरत्न के द्वारा करायी गयी और दो मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आर.एस. कुरील, उप कुलपति महात्मा गांधी हर्टिकल्चर दुर्ग थे। विशेष अतिथि अध्यक्षता बी.एस. जागृत, प्रदेश अध्यक्ष, महासचिव भोजराज गौरखेड़े, प्रदेश कोषाध्यक्ष नीलकंठ सिंघाड़े, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय संघटक सी.एल. महेश्वरी, विशेष अतिथि दिलीप वासनीकर विभागीय जांच आयुक्त, डॉ. रमेश सुकदेवे राष्ट्रीय मासिक पत्रिका तथागत संदेश के संचालक, भन्ते पुज्यनीय भदन्त शीलरत्न बिरबिरा के द्वारा बताया गया कि बाबा साहेब जी ने जो मिशन का आदेश दिया है, उसे दृढ़तापूर्वक सारे संगठन एक होकर प्रबुद्ध भारत के निर्माण करने में अग्रसर हो, यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महामानव डा बाबा साहेब आंबेडकर जी विनम्र, शांत, अनुसंधान, विषलेसेशन चिंतन और अत्यधिक तर्कसील विद्वान और शीलवान थे देश हित में मरने और मिटने को तैयार थे। कार्यक्रम में उप कुलपति डॉ. कुरील द्वारा जानकारी दी गई कि डॉ. अम्बेडकर जी के द्वारा उनके जीवन में किये गये अच्छे कार्यों के प्रेरणा के रूप में हमें शैक्षणिक संस्थाओं का निर्माण करना चाहिए और उस आधार पर लोगों के जीवन में परिवर्तन करना चाहिए। भन्ते शीलरत्न ने अपने उद्बोधन में बताया कि बाबा साहेब ने अपने जीवन में कठिन परिस्थितियां होते हुए भी उच्च शिक्षा प्राप्त किया और उन्होंने शिक्षा को सर्वाधिक महत्व दिया और वे सविधान निर्माता है, सच्चे राष्ट्रभक्त और देशभक्त है । उनके बताये मार्ग को हमें संकल्प के रूप में लेना चाहिए और दृढ़ संकल्प लेकर उनके मिशन को आगे बढ़ाने में एकजुट होना चाहिए। तथागत संदेश के संचालक डॉ. रमेश सुकदेवे ने जानकारी दिया कि बाबा साहेब के आखरी 05 दिसम्बर अत्यंत संवेदनशील और करूणामयी थे, जब वे बुद्धा एंड हिज धम्मा की पुस्तक का अंतिम प्रस्तावना की ओर अग्रसर थे और उसी रात उनका महापरिनिर्वाण हो गया। इंजी. बिंबिसार ने जानकारी दी कि डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जी के अतुलनीय और अविस्मरणीय और अपराजेय ग्रन्थों में भगवान बुद्ध और उनका धम्म जिसको वे अंगीकार कर प्रमाणित किये थे, उसका हमें दृढ़ संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम अपने जीवन में आगे कैसे बढ़ें। कार्यक्रम के मध्य में उत्तर विधानसभा के विधायक पुरन्दर मिश्रा बाबा साहेब अम्बेडकर चौक पर आये जिसका बौद्ध समाज के लोगों ने पर्याप्त सम्मान देते हुए उन्होंने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उन्होंने अपने उद्बोधन में यह बताया कि डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने इस देश का सविधान लिखा है, इसलिए हमें अपने पुरखों के द्वारा किये गये अच्छे कार्यों को याद करते हुए उन पर जीवन अमल करना चाहिए। डॉ. बाबा साहेब जी ने आपको बहुत बड़ा सविधान दिया है, जिस पर सब कुछ समाहित है, जिसका आप सबको, हमको अमल करना है। जाति प्रमाण पत्र की समस्या को लेकर भारतीय बौद्ध महासभा भीमनगर वार्ड अध्यक्ष करूणा वासनिक के द्वारा विधायक को आवेदन पत्र दिया गया, उन्होंने तत्काल उसके समस्या का निराकरण करने का पूर्ण आश्वासन दिया। मंच का संचालन भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश महासचिव भोजराज गौरखेड़े के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बेनीराम गायकवाड, सुनील बान्द्रे, अनुप केलकर, यशवंत ठाकरे, जी.एस. मेश्राम, मदन मेश्राम, कमलेश रामटेके, इंजीनियर बिंबिसार, योगेश रावत, संदीप डोंगरे, राहूल रामटेके, संजय गजघाटे, विजय गजघाटे, शशांक ढाबरे, रमाकांत रामटेके, प्रकाश भालाधरे, राष्ट्रपाल बान्द्रे, अनिल बोरकर, महेश बोरकर, प्रणय सोनटेके, अंशु डोंगरे, रामभाऊ डोंगरे, संतोश बोरकर, दिलीप टेमुरने, के.एम. भगत, सिद्धार्थ पाटिल, आर.के. चैहान, सुरेन्द्र कोलेकर, राजकुमार मेश्राम एवं महिला प्रतिनिधियों में करूणा वासनिक, रजनी घरडे, संगीता रामटेके, पुष्पा सचदेवे, रूपलता कानेकर, पुष्पा वैद्य, अंजू मेश्राम, वैशाली मेश्राम, संध्या बडोले, सुनंदा बघेल, अंजू बंसोड़, सरस्वती चौहान, अनिता मेश्राम, छाया मेश्राम, मोतीमाला कोलेकर एवं बहुत से लोग श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# गाजे-बाजे के साथ किया गया अक्षत कलश का स्वागत



पायनियर संवाददाता रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का प्रतिष्ठित अक्षत कलश अयोध्या से चल कर बुधवार को दोपहर 1:00 बजे के लगभग रामानुजगंज में पहुंचा जिसका स्वागत धर्म स्वावलंबियों ने बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया साथ ही नगर भ्रमण करते हुए राममंदिर में कलश स्थापित किया गया जिसे अगले दिनो से अन्य ग्रामों में भेजने का कार्य किया जाएगा। गौर तलब है कि अयोध्या में निर्माण हो रहे भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम जी का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होना सुनिश्चित किया गया है। इसी कड़ी में अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा हेतु अक्षत कलश पूरे देश भर में घुमाया जा रहा है। इसी दौरान आज नगर में अक्षत कलश का आगमन हुआ जिसका स्वागत बाजे-गाजे के साथ धर्म स्वालंबियों के द्वारा पावर हाउस हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना से प्रारंभ कर नगर भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर,मां महामाया मंदिर से होते हुए श्री राम मंदिर में अक्षत कलश को स्थापित किया गया जिसे अगले दिनो से अन्य ग्रामों में भेजने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर उषा गुप्ता सुनील गुप्ता जुगल किशोर केसरी शैलेश गुप्ता राजू केसरी सहित अन्य महिला एवं पुरुष लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने बाबा साहब का पुण्य स्मरण किया




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन रायपुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज के नेतृत्व में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण अर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गैदू, कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री सुबोध हरितवाल, संयुक्त महामंत्री शिव सिंह ठाकुर, अशोक राज आहूजा, प्रदेश सचिव रेहान खान, नंदकुमार पटेल, मेहमूद अली, रोशन सिंह, भवानी मरकाम, सुरेश यादव, मो. सिद्दीक, मतीन खान, अमित मित्तल, रवि शर्मा तथा सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, इंटक, एनएसयूआई एवं मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठों, विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीपीएस बालको का मॉडल सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित

पायनियर संवाददाता बालकोनगर
www.dailypioneer.com




दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको की टीम ने सीबीएसई क्षेत्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी-2023(भुवनेश्वर क्षेत्र) में भाग लिया। यह प्रदर्शनी एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल रायपुर में 4 एवं 5 दिसंबर को आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में जूनियर एवं सीनियर वर्ग में 25 स्कूलों के 45 मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय की कक्षा छठवीं की छात्राएं पूर्वा पटेल एवं आकांक्षा पटेल ने विज्ञान शिक्षक प्रवीण पटेल के मार्गदर्शन में इस दो दिवसीय प्रदर्शनी के जूनियर वर्ग में भाग लिया। प्रदर्शनी का थीम समाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के युग में स्वास्थ्य जीवन (पर्यावरण के लिए जीवन शैली), कृषि संचार एवं परिवहन एवं कम्प्यूटेशनल सोच पर आधारित था। विद्यालय का मॉडल जीवन पर आधारित हरा शहर था। जिसकी सभी निर्णायक मंडल के सदस्यों के साथ-साथ प्रदर्शनी में आने वालों आगतुंकों ने सराहना की। विद्यालय की टीम को दिल्ली में जनवरी 2024में प्रस्तावित सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी के राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया। इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य कैलाश पवार एवं विद्यालय परिवार ने प्रतिभागियों अभिभावकों एवं संबंधित शिक्षक को उनके सराहनीय योगदान के लिए शुभकामनाएँ दी।

# ए के इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग मनेद्रगढ़ के छात्र छात्राओं द्वारा निकाली गई एड्स जागरूकता रैली

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



1 दिसंबर 2023 से आरम्भ एड्स जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शहर के चैनपुर में संचालित ए के इंस्टीट्यूट आफनर्सिंग मनेद्रगढ़ के छात्राओं ने एड्स जागरूकता रैली निकाली। के साथ ही सप्ताह भर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। रैली का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेद्रगढ़ से किया गया रैली गांधी चौक से फुहारा चौक से होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समाप्त हुई। इस अवसर पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा एड्स रोग के कारण गंभीरता लक्षण रोकथाम एवं उपचार की सुविधाओं के विषय में विस्तृत जानकारी आमजन को दी। एके इंस्टीट्यूट नर्सिंग के छात्रों द्वारा मनेद्रगढ़ में निरंतर यथोचित अवसर पर नसिंग शिक्षा से आम जनों तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने एवं जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखने एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के लाभ लेने हेतु सजक रहने हेतु प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थ प्राचार्य ने कहा कि एड्स का ज्ञान बचाए जान, हर जान कीमती है जिसकी सुरक्षा करना स्वयं प्राणी का कर्तव्य होता है। उन्होंने कहा कि कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। इस दौरान विद्यार्थियों ने बताया कि हमें एड्स से बचाव के लिए सदैव सतर्क रहना चाहिए। शैक्षिक सत्र में डायरेक्टर डॉ.ए के ओझा द्वारा एड्स के एक एचआईवी के बारे और इसके फैलने के कारणों जैसे अवैध संबंध, ब्लड ट्रांसफ्यूजन, एचआईवी संक्रमित सुइ को चुभन, पैतृक संक्रमण आदि की जानकारी देते हुए इसकी पूर्ण क्लीनिकल जांच से अवगत कराया। एड्स के उपचार एवं प्रबंधन की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि एचआईवी संक्रमण को रोकने के लिए इसके शुरुआती लक्षणों जैसे वजन में कमी, न रुकने वाला डायरिया, लगातार बुखार आदि को पहचान कर उचित जांच कराना आति आवश्यक है, वर्तमान में उपलब्ध मेडिसन एवं कुछ सावधानियों के साथ लंबी आयु वाला सामान्य जीवन संभव है, बस जरूरत है कि बीमारी को छुपाएं नहीं तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और किसी भी प्रकार के रोग ग्रस्त होने या ऑपरेशन आदि के समय इसकी जानकारी अवश्य दें जिससे उपचार के दौरान सावधानी बरती जा सके और किसी अन्य व्यक्ति के संक्रमित होने की संभावना को रोका जा सके।

# स्कूली बच्चों के बीच रखी गई विभिन्न प्रतियोगिताएं

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झगराखाण्ड में 5 दिसम्बर 2023 को द ऑल इंडिया एसोसिएशन मनेद्रगढ़ समर्पण क्लब की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रवलित कर किया गया। पूजन के बाद सभी अतिथियों का स्वागत कर गीत संगीत का आयोजन हुआ। स्वागत उद्बोधन प्रधान अध्यापिका वीरांगना श्रीवास्तव ने किया। क्लब की अध्यक्ष प्रीति जायसवाल, वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया,वरिष्ठ पदाधिकारी इंदिरा सेंगर ने अपने उद्बोधन में बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्लब के द्वारा बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें चित्रकला, निबंध लेखन, चम्मच रेस, मटका फोड़ आदि में स्कूल के बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान महिलाओं के बीच रस्सा कसी का कार्यक्रम भी रखा गया था जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया के द्वारा प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के बच्चों को स्वेटर प्रदान किया गया। प्रतिभा अग्रवाल के द्वारा प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गये साथ ही क्लब के द्वारा बालिकाओं को सैनिटरी पैड भी दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद विद्यालय परिवार की ओर से क्लब की महिलाओं को स्मृति चिन्ह भेट स्वरूप दिया गया।कार्यक्रम विद्यालय परिवार की सहभागिता से हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्लब की एरिया सचिव पम्मी अरोड़ा, क्लब कोषाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, लीना शाह विद्यालय परिवार के शिक्षक रामानुज तिवारी, शुभम, शिक्षिका कावेरी सिंह, वंदना सिंह, अनुपमा सिंह विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# डिश टीवी ने 'माय डिश टीवी ऐप' पर पहली बार वॉइस सर्च फीचर की सुविधा के साथ उपभोक्ता अनुभव को बढ़ाने की पहल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

dishtv | d2h | WatCHO

इंटरएक्शन को बढ़ाने और इंटरफेस और मनोरंजन अनुभव को पुनः परिभाषित करने के लिए एक आकर्षक पहल के रूप में, डिश टीवी, भारत की प्रमुख DTH कंपनी ने अपने मोबाइल एप्लिकेशन - 'माय डिश टीवी एप्लिकेशन' में एक वॉइस सर्च सुविधा को लांच किया है। DTH इंडस्ट्री में इस तरह की पहल प्रगति का संकेत है। वॉयस सर्च फीचर इसके पहले ही मौजूद सर्च सुविधाओं के साथ उपभोक्ताओं को एप्लिकेशन के साथ वॉइस कमांड का उपयोग करने की सुविधा प्रदान करती है। माय डिश टीवी एप्लिकेशन के भीतर नई जोड़ी गई वॉयस सर्च फीचर ने गूगल की प्रगत आवाज पहचान प्रौद्योगिकी और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण कार्यक्षमता का उपयोग किया है, जो उपभोक्ताओं के लिए अलग अनुभव देने का वादा करती है। यह उनकी उपभोक्ता आवाज सुनकर न सिर्फ उसका उत्तर देता है बल्कि उपभोक्ता को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है। वॉयस सर्च फीचर के साथ, उपभोक्ता आसानी से एप्लिकेशन में नेविगेट कर सकते हैं, वॉइस कमांड के माध्यम से वे सीधे एप्लिकेशन पर पहुंच सकते हैं। सब्सक्राइबर्स अब सुविधाजनक टॉप-अप के लिए 'मेरा खाता रीचार्ज करें' या 'पैक बदलें' के ऑप्शन को चुनकर असुविधा रहित सदस्यता को चुन सकते हैं। इस पहल के बारे में टिप्पणी करते हुए, डिश टीवी के CEO, मनोज डोभाल ने कहा, डिश टीवी में हम अपने मूल्यवान सब्सक्राइबर्स को एक असाधारण मनोरंजन अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू इंट्रा वी70 पिकअप, इंट्रा वी20 गोल्ड पिकअप और ऐस एचटी+ लॉन्च किया



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में कमर्शल वाहनों के सबसे बड़े निर्माता टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू इंट्रा वी70, इंट्रा वी20 गोल्ड और ऐस एचटी+ को लॉन्च किया है। कंपनी ने माल या सामान को प्रभावी ढंग से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने की प्रतिबद्धता के साथ यह गाड़ियां पेश की हैं। इन नए वाहनों को भारी सामान कम लागत में लंबी दूरी तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इन वाहनों में अपनी श्रेणी के बेहतरीन फीचर्स हैं। इन गाड़ियों का प्रयोग कई कामों के लिए किया जाता है। यह शहरों और गांवों में ट्रांसपोर्टर्स को बेहतर मुनाफा और उत्पादकता मुहैया कराती है। टाटा मोटर्स ने लोकप्रिय इंट्रा वी50 और ऐस डीजल व्हीकल्स का नया वर्जन लॉन्च किया। इसे स्वामित्व की कम लागत के साथ ईंधन की कम खपत करने के लिए फिर से बनाया गया है। नई गाड़ियों के लॉन्च के साथ टाटा मोटर्स ने नए कमर्शल वाहन और पिकअप की बड़ी रेंज पेश की है। इससे उपभोक्ता अपनी जरूरतों के हिसाब से आदर्श वाहन पसंद कर सकते हैं। अब देश भर में इन वाहनों की बुकिंग टाटा मोटर्स सीवी डीलरशिप पर खुल गई है। टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने इन वाहनों को लॉन्च करते हुए कहा, तरह-तरह का सामान इधर से उधर ले जाने के लिए ये वाहन आदर्श समाधान मुहैया कराते हैं। हमारे छोटे कमर्शल वाहन और पिकअप उपभोक्ताओं को उनकी कमाई का साधन मुहैया कराते हैं।

# तंबाकू उद्योग युवाओं को लक्षित करने और विज्ञापन नियमों से बचने के लिए कर रहा है मेटावर्स, एडवरगेम्स और एमएफटी का इस्तेमाल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा संचालित मार्केटिंग मॉनिटरिंग करने वाली वाइटल स्ट्रैटेजीज टर्म की एक नई रिपोर्ट में पाया गया है कि तंबाकू कंपनियां घटती वैश्विक धूम्रपान दर और कठोर विज्ञापन नियमों से लड़ने के लिए मेटावर्स से लेकर पोडकास्ट और नॉन-फंगीबल टोकन जैसे नए डिजिटल मार्केटिंग टूल्स में निवेश कर रही हैं। इन अनियमित स्थानों पर युवा दर्शकों का वर्चस्व है, कुछ अनुमानों के मुताबिक 51त्न प्रतिवर्ष मेटावर्स प्रतिभागी 13 या इससे भी कम उम्र के हैं। नंदिता मुरुकुतला, वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल पॉलिसी और रिसर्च, वाइटल स्ट्रैटेजीज, ने कहा, दुनियाभर में तंबाकू का उपयोग घट रहा है और तंबाकू उद्योग को अपने मुनाफे को बचाने के लिए अगली पीढ़ी के नए यूजर्स को जोड़ने की सख्त जरूरत है, क्योंकि धूम्रपान करने वाले पुराने लोग मर रहे हैं। टर्म की ताजा रिपोर्ट में, हमनें देखा है कि उद्योग नए यूजर्स तक पहुंचने के लिए ऑनलाइन सबकुछ करने की कोशिश कर रहा है, इंटरनेट के हर कोने में विज्ञापन दिखाने के लिए अपने विशाल मार्केटिंग बजट का उपयोग कर रहा है, जहां नियम सबसे ज्यादा कमजोर हैं। सबसे चिंता की बात यह है कि जिन स्थानों को वे लक्षित कर रहे हैं, वे युवा दर्शकों से भरे हुए हैं। हमारे आंकड़े दिखाते हैं कि सरकार को कदम उठाने की जरूरत है: तंबाकू विज्ञापनों पर अंकुश लगाने के प्रयासों को मजबूत बनाने के लिए इन डिजिटल टूल्स द्वारा उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए स्मार्ट नीतियों ओर प्रवर्तन की तत्काल आवश्यकता है। हमें सभी जगह ध्यान रखना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि टेक्नोलॉजी निगरानी के दायरे से बाहर न रहे। तंबाकू विज्ञापनों को देखकर ही युवा धूम्रपान शुरू करते हैं, जिसमें से करीब आधे यूजर्स मर जाते हैं। यह बात सबको पता है कि तंबाकू को सोशल मीडिया पर बढ़ावा दिया जा रहा है, लेकिन अन्य उभरते डिजिटल स्थानों के बारे में कम जानकारी है। वाइटल स्ट्रैटेजीज के टोबैको एनफोर्समेंट एंड रिपोर्टिंग मूवमेंट इस बात के शुरुआती सबूत पेश करता है कि कैसे तंबाकू कंपनियां डिजिटल मंचों का फायदा उठाने के लिए कैसे इन मंचों का दुरुपयोग कर रही हैं।

# फिटजी टैलेंट रिवार्ड एग्जाम 24 दिसंबर एवं 7 जनवरी को, कक्षा पांचवी से ग्यारहवीं के छात्र होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




24 दिसंबर, 2023 और 07 जनवरी, 2024 को होने वाली एफटीआरई परीक्षा कक्षा पांचवी से ग्यारहवीं के विद्यार्थी दे सकते हैं। यह उनकी शैक्षणिक क्षमता जानने और सुधार के मुख्य क्षेत्रों को समझने का बड़ा अवसर होगा। विदित हो कि परीक्षा केवल ऑफलाइन होगी और उम्मीदवार अपनी सुविधा से तिथि चुन सकते हैं। एफटीआरई के उम्मीदवार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं या नजदीकी फिटजी सेंटर पर ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी करा सकते हैं। एफटीआरई रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि परीक्षा की चुनी गई तिथि से दो दिन पहले है। यानी 24 दिसंबर 2023 की परीक्षा के लिए 22 दिसंबर 2023 और 7 जनवरी 2024 की परीक्षा के लिए 5 जनवरी 2024।जगदीश कुमार तुलसवानी, मैनेजिंग पार्टनर ऑफ़ फिटजी, भिलाई और रायपुर सेंटर के अनुसार एफटीआरई परीक्षा देकर फिटजी में प्रवेश के साथ छात्रवृत्ति भी पाएं। इस परीक्षा से चुने हुए छात्रों को फिटजी क्लासरूम प्रोग्राम/इंटीग्रेटेड स्कूल प्रोग्राम/लाइव ऑनलाइन क्लासरूम प्रोग्राम में प्रवेश लेने का ऑफर मिलेगा। फिटजी देश में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले सर्वप्रमुख संस्थानों में एक रहा है। अपनी इस विरासत को मजबूत करते हुए यह वर्तमान में कक्षा पांचवी से ग्यारहवीं के छात्रों के लिए फिटजी टैलेंट रिवॉर्ड परीक्षा (एफटीआरई) का आयोजन कर रहा है। परीक्षा 24 दिसंबर, 2023 और 07 जनवरी, 2024 को होगी। उम्मीदवार अपनी सुविधा से एक तिथि चुन कर इसमें भाग ले सकते हैं। यह परीक्षा केवल ऑफलाइन होगी।

HDFC BANK
We understand your world

पंजीकृत कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (वेस्ट), मुंबई–400013 तथा रिटेल पोर्टफोलियो

मैनेजमेंट के रूप में इसका एक अन्य कार्यालय : एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, आई–थिंक टेक्नो कैम्पस, कंजूरमार्ग (ईस्ट), मुम्बई – 400042

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में बंधक रखी प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री की जानकारी और सार्वजनिक सूचना**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") के निम्न वर्णित कर्जदारों को एतद्द्वारा प्रतिभूतियों के ऐवज में ऋण/ओवरड्राट प्रकार की क्रेडिट सुविधाएं प्राप्त करने के लिए बैंक में बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में अधिसूचित किया जाता है।

कर्जदारों द्वारा सहमत ऋण शर्तों के अनुसार बकाया राशियों के प्रतिभुगतान में लगातार चूक किए जाने के कारण नीचे वर्णित ऋण खाते बकाया की स्थिति में हैं। बैंक ने इन कर्जदारों को एकाधिक सूचनाएं जारी की हैं, जिनमें निम्नवर्णित तिथि को अंतिम बिक्री सूचना शामिल है, जिसके द्वारा बैंक ने बंधक रद्द कर दिया था और कर्जदार को नीचे वर्णित खातों में पूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिन का समय दिया था, जिसमें असफल रहने पर, बैंक इस संबंध में आगे और कोई सूचना दिए बिना बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री करने हेतु स्वतंत्र होगा।

कर्जदारों ने सूचना की अनदेखी की है और बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतएव, बैंक ने बंधककर्ता के रूप में ऋण अनुबंध के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, बैंक द्वारा कर्जदारों से बकाया की वसूली के लिए 14 दिसम्बर, 2023 को अथवा पश्चात प्रतिभूतियों की बिक्री/निपटान करने का निर्णय किया है। कर्जदारों को यह भी अधिसूचित किया जाता है कि यदि किसी भी समय, बंधक प्रतिभूतियों के मूल्य में स्टॉक मार्किट के उतार–चढ़ाव के कारण और गिरावट आती है तथा बैंक वसूली मांग राशि में और कमी पैदा होती है, तो बैंक अपने विवेक के आधार पर बंधक प्रतिभूति की बिक्री एक (1) कलैण्डर दिवस के भीतर बेच देगा, जिसके लिए इस संबंध में अलग से कोई सूचना नहीं दी जाएगी। कर्जदार बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के समायोजन के पश्चात बकाया रह जाने वाली किसी भी राशि के प्रतिभुगतान के जिम्मेदार रहेगा/रहेंगे।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | कर्जदार का नाम | 04–12–2023 तक बकाया राशि | बिक्री सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | XXXX4585 | सावित्री बाई | 3,54,251.02 | 04–12–2023 |

तिथि : 07–12–2023
स्थान : छत्तीसगढ़
हस्ता./–
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

# जिले की सीमा में पकड़ाया महाराष्ट्र से लाया गया अवैध धान




पायनियर संवाददाता ✓ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन में खाद्य विभाग, एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा कोचियों बिचौलियों का धान समिति में न खपाया जा सके इस बात को ध्यान में रखते हुये लगातार धान खरीदी केन्द्रों एवं जिले की सीमा से लगे क्षेत्र का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान महाराष्ट्र की सीमा से लगे रामगढ में पिकप वाहन क्रं. MH33T 3406 को रोक कर पूछताछ की गई जिसमें धान का अवैध परिवहन होना पाया गया। वाहन के ड्राईवर मोहम्मद इरफान एवं उनके साथी सोम जी उइके द्वारा मुरूमगांव महाराष्ट्र से 60 बोरी में 24.00 क्विंटल धान भरकर एकटकन्हार मोहला निवासी मुकेश पाल के पास ले जाया जाना बताया गया। धान के संबंध में किसी भी प्रकार का दस्तावेज उनके पास नहीं पाया गया। छ.ग. शासन के नियमानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण की अनुमति के बिना अन्य राज्य से धान लाने पर प्रतिबंध है। इस आधार पर धान को जप्त कर वाहन के साथ थाना मोहला के सुपुर्द किया गया। इस कार्यवाही में खाद्य अधिकारी आशीष रामटेके, सहायक खाद्य अधिकारी संजय कौशिक खाद्य निरीक्षक विश्वनाथ, हेमंत नायक, संदीप कसेर एवं पटवारी कोसरे उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 के रबी फसलों के बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है। जिले के किसान अपने समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक भारतीय कृषि बीमा कंपनी, लोक सेवा केन्द्र एवं एआईडीई मोबाईल एप के माध्यम से भी अपने फसलों का बीमा करा सकते हैं। उप संचालक कृषि नागेश्वरलाल पाण्डे ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल चना अन्य फसल गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, राई, सरसों एवं अलसी का बीमा करा सकते हैं। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार सम्मिलित हो सकते हैं। जो किसान अधिसूचित ग्राम व राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो, योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी। ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं, उन्हें स्व हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन के अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्था में जमा करना होगा। विकल्प चयन न करने पर अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा।

# खैरागढ़ सुपर लीग की तैयारियां नेशनल लेवल की, टीमों ने नीलामी में खिलाड़ी खरीदे

## 9 टीमों ने खरीदे 108 खिलाड़ी, 10 से शुरू होगा मुकाबला

पायनियर संवाददाता ✓ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

फतेह मैदान में होने वाले रात्रिकालीन खैरागढ़ सुपर लीग के लिए आईपीएल की तर्ज पर टीमों के फ्रेंचाइजी मालिकों ने स्थानीय क्रिकेट खिलाड़ियों को लॉटरी नीलामी के तहत अपने-अपने टीमों में शामिल किया। दस दिसंबर से प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें 9 टीमों में लॉटरी से ऑक्शन कर 12-12 खिलाड़ियों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता के लिए शहर के 150 से अधिक युवा सहित अन्य क्रिकेट खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया था। मंगलवार को स्थानीय दिलीप सिंह मंगलभवन में आयोजित लॉटरी नीलामी में सभी फ्रेंज्राइजी टीमों के मालिक, मेंटर सहित कोच मौजूद रहे।

### ग्रुप में बांटकर की नीलामी

सुपर लीग प्रतियोगिता के लिए पंजीयन कराने वाले डेढ़ सौ क्रिकेटरों में से एक्शन के लिए 9 टीमों में 108 खिलाड़ियों को उनकी खासियत के आधार पर 12 ग्रुपों में बांटकर लाटरी से नीलामी कराई गई। इस दौरान बल्लेबाज, गेंदबाज, आलराऊंडर, बेस्ट फील्डर, कीपर के ग्रुप बनाए गए थे। हर फ्रेंचाइजी टीमों को लॉटरी से हर वर्ग के खिलाड़ियों की लॉटरी निकालकर ऑक्शन में दिए गए। इसके चलते सभी टीमों को बल्लेबाज, गेंदबाज, कीपर, सहित आलराऊंडर खिलाड़ी मिले हैं। ऑक्शन में बचे खिलाड़ियों को आगे किसी खिलाड़ी के चोटग्रस्त होने, बाहर होने पर अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में शामिल किया जाएगा। फिलहाल ऑक्शन में शामिल नहीं हो पाए खिलाड़ी प्रतियोगिता से बाहर रहेंगे।

### 39 मैच खेले जाएंगे

आईपीएल की तर्ज पर होने वाली इस प्रतियोगिता में 9 टीमों में खिलाड़ियों की नीलामी के बाद अब अभ्यास का दौर शुरू होगा। इस दौरान प्रतियोगिता में शामिल नौ टीमों में श्रीराम वारियर्स, महाशक्ति सेना, निहाल सुपर किंग्स, द इंजीनियर स्कवाड, नावेल्टी ब्लास्टर, बीबी ब्लास्टर, अनंत फाइटर, किंग आफ पिच, और द गली गूरूस द्वारा खिलाड़ियों के एक्शन के बादखिलाड़ियों का अभ्यास शुरू कराया जाएगा। खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी टीमों द्वारा ड्रेस, किट उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतियोगिता लीग चरण में खेली जाएगी जिसके तहत हर टीम एक दूसरे से मैच खेलेगी। ऑनलाइन स्कोरिंग और रनरेट के बाद टॉप की चार टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। प्रतियोगिता में कुल 39 मैच होंगे। प्रतिदिन चार मैच आयोजित किए जाएंगे।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत शिल्पकारों और कारीगरों को मिलेगी सहायता

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना घोषित की गई है। योजनांतर्गत कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा व टूल किट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राज मिस्त्री, डलिया-चटाई व झाड़ू बनाने वाले, पारंपरिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वालों को लाभान्वित किया जाएगा। सभी वर्गों को अपनी आईडी व पहचान पत्र के माध्यम से प्रशिक्षण, टूलकिट व डिजिटल मार्केटिंग सपोर्ट दिया जाएगा। साथ ही बैंक शाखाओं के माध्यम से पहले चरण में 1 लाख रूपए व दूसरे चरण में 2 लाख रूपए तक की सहायता राशि मात्र 5 प्रतिशत ब्याज पर दिया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्यालयीन समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र संयुक्त जिला कार्यालय भवन हॉल क्रमांक 1 कलेक्ट्रोरेट परिसर राजनांदगांव में संपर्क कर सकते हैं।

## आईटीआई राजनांदगांव में 13 एवं 14 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 13 एवं 14 दिसम्बर 2023 को सुबह 9 बजे से विजिन इंडिया सर्विस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सुजुगी मोटर गुजरात प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में चयनित अभ्यर्थियों को प्रति माह 21 हजार रूपए सीटीसी प्रदान किया जाएगा। व्यवसाय फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टूल एण्ड डाई, मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई (ऑटोमोबाइल), ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर सामान्य में वर्ष 2017 से 2022 के मध्य एससीवीटी और एनसीवीटी से आईटीआई पास 18 वर्ष से 24 वर्ष तक के केवल पुरुष उम्मीदवार अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

# डॉ. रमन से मिलकर की रेलवे के रुके विकास कार्यों की मांग

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को राजनांदगांव से चौथी बार सबसे बड़ी जीत हासिल कर विधायक बनने पर नगर की संस्था संस्कार श्रद्धांजलि के अध्यक्ष सतीश भट्टड़ ने अपनी पूरी टीम सहित रायपुर निवास में जाकर बधाई दी। इस मुलाकात में भट्टड ने चर्चा के दोरान दिव्यांगजनो को रेलवे कंसेशन यूनिक कार्ड शिविर राजनांदगांव स्टेशन में आयोजित करने के साथ ही पांच वर्ष से रुके हुए रेलवे विकास के तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए माल गोदाम में बनने वाले नए प्लेट फार्म, महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टापेज, राजनांदगांव को नागपुर जोन से हटाकर बिलासपुर जोन में शामिल के साथ ही उसलापुर रेल मार्ग खेरागढ़ कवर्धा रेलवे लाइन निर्माण को शीघ्रता से शुरू करने की मांग की। इस पर डॉ सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा की वे राजनांदगांव के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सभी अधूरे कार्य शीघ्रता से पूर्ण किए जायेंगे। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष दृष्टिहीन प्रो डी एल देवांगन, मनोज शुक्ला, सुधा पवार, नरेन्द्र तायवाढे, पदमा साहू, कुलदीप देवांगन उपस्थित थे।

# समाज ने की दलेश्वर साहू व भोलाराम साहू से मुलाकात





पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव में विधायक निर्वाचित होने पर साहू समाज के दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव एवं भोलाराम साहू विधायक खुज्जी से सामाजिकजनों ने भेंट मुलाकात कर बधाई दी। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त दोनों विधायक तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। उक्त दोनों के विधायक निर्वाचित होने से जिले में साहू समाज गौरवान्वित है। इस मौके पर पुर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष हेमंत साहू, धनराज साहू, रामप्रकाश साहू, सुरेन्द्र साहू, मूलचंद साहू, धर्मेन्द्र साहू, लविंद्र साव, पुरुषोत्तम साहू, सुंदरलाल साहू, गिरीश साहू, बेलस साहू, गुमान साहू, युवराज साहू, केडी साहू, इन्द्रसेन साहू, भुवन साहू, महेश साहू, दयाल दास साहू, भागवत साहू, बरातू साहू, बिजेलाल साहू, पोवादास साहू, हिरामन साहू, भगवान दास साहू, कीर्ति साहू, सत्यप्रभा साहू, लेखा साहू, भागवत साहू सहित अन्य शामिल थे।

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत 11 दिसम्बर को विशेष शिविर

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत सोमवार 11 दिसम्बर 2023 को सुबह 11 बजे से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र हॉल क्रमांक 1 संयुक्त जिला कार्यालय भवन कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। योजनांतर्गत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार स्थापना हेतु बैंकों के माध्यम से व्यवसाय हेतु अधिकतम 2 लाख रूपए, सेवा क्षेत्र हेतु 10 लाख रूपए एवं उद्योग स्थापना हेतु 25 लाख रूपए ऋण प्रदान किया जाता है। साथ ही योजनांतर्गत 25 प्रतिशत अनुदान भी दिया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक युवा निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दो प्रतियों में आवश्यक सहपत्र आधार कार्ड या निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता, लागू हो तो जाति प्रमाण पत्र एवं परिवार की वार्षिक आय का शपथ पत्र के साथ कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

## सड़क जीर्णोद्धार के लिए 1 लाख की स्वीकृति

**राजनांदगांव ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमित कुमार ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अण्डी में कच्ची सड़क जीर्णोद्धार कार्य चिददों से सोरीटोला पहुंच मार्ग के लिए 1 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। सीईओ जिला पंचायत ने स्वीकृत कार्य को समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी व मेला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ छुरिया
www.dailypioneer.com




स्थानीय रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल में भव्या विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य आकर्षण चंद्रयान-3 रहा। प्रदर्शनी में कबाड़ से विज्ञान को विकसित करना, पर्यावरण की सुरक्षा करना, जल जंगल व जमीन की सुरक्षा जैसे मुख्य स्थाई व चलित माडल की सराहना की गई। निर्णायकगण अतिथि सहायक प्राध्यापक दीपिका धुर्वे ,गेंदलाल सोनकर व्याख्याता रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया एवं रॉयल किड्स कान्वेंट राजनांदगांव के देवेंद्र सार्वा तथा तृप्ति मेश्राम रहे। इस अवसर पर संस्था के निदेशक संजय बहादुर सिंह, आईके वैष्णव तथा प्रशासकीय निदेशक मधुसूदन नायर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजन का संचालन हुआ।

## दैनिक वेतन भोगियों की अनदेखी, कांग्रेस को पड़ी भारी

**छुरिया।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पूर्ण बहुमत हासिल करने पर कहा कि प्रदेश में सभी विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी/अनियमित कर्मचारी/संविदा कर्मचारी नियमितीकरण की मांग वर्षों से करते रहे हैं। तब वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के पूर्व तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस भूपेश बघेल एवं तत्कालीन नेताप्रतिपक्ष टीएस सिंहदेव ने दैनिक वेतन भोगियों के धरना-प्रदर्शन स्थल पर आकर दैनिक वेतन भोगियों को अपना समर्थन दिया एवं विश्वास दिलाया था कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर दस के अंदर नियमितीकरण किया जाएगा। बकायदा घोषणा पत्र जारी कर बिना छंटनी के नियमितीकरण करने का वादा भी किया लेकिन चुनाव जीतने के बाद अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों को सिरे से नकारते रहे। जिससे दैनिक वेतन भोगी /अनियमित कर्मचारी/संविदा कर्मचारियों ने भूपेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने की ठान लिया था।

# कमला कॉलेज क्रीड़ा विभाग में वैल्यू एडेड कोर्स का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के क्रीड़ा विभाग द्वारा 15 दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का उद्घाटन दिनांक 5 दिसंबर 2023 को मुख्य अतिथि अम्बर सिंह भारद्वाज द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण दिनांक 5 से से 19 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने बताया कि महाविद्यालय में पिछले कई वर्षों से आत्मरक्षा हेतु जूड़ो कराटे का निःशुल्क प्रशिक्षण छात्राओं को दिया जा रहा है। सत्र 2021 से इसे वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत कराया जा रहा है, ताकि छात्राएं इसमें एडवांस ट्रेनिंग लेकर इसे कैरियर के रूप में भी अपना सके। मुख्य अतिथि अंबर सिंह भारद्वाज जो कि वर्तमान में पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि जूड़ो कराटे से न सिर्फहम आत्मरक्षा के गुर सिखते है, अपितु यह व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास बढ़ाने में भी सहायक होता है एवं हम किसी भी विषम परिस्थिति का सामना करने में समर्थ रहते हैं। इस वैल्यू एडेड कोर्स के उद्घाटन समारोह में राजनांदगांव रनर टीम के सदस्य नवीन जैन, निकुंज सिंघल एवं राहुल आदि उपस्थित थे। नवीन जैन ने 07.01.2024 में राजनांदगांव में आयोजित होने वाले हॉफ मैराथन दौड़ की जानकारी छात्राओं को दी एवं अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु छात्राओं को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, ज.मा.शि, स्ववित्तीय शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

### अतिक्रमण करने वाले अवैध छोटे-बड़े कब्जों पर होगी सख्त कार्रवाई, अवैध चौपाटी व चखना सेंटरों पर चलेगा बुल्डोजर

# अतिक्रमण करने वाले अवैध छोटे-बड़े कब्जों पर होगी सख्त कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने अवैध छोटे-बड़े कब्जों पर कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं। अवैध कब्जा एवं चखना सेंटरों को हटाने जिला प्रशासन ने सभी नगरीय निकायों को दिए निर्देश।

बैठक में सभी नगरीय निकाय के अधिकारियों को यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए अवैध चौपाटियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा अवैध ठेले गुमटियों व चौपाटियों पर भी कार्रवाई करने कहा। कुछ लोगों द्वारा पक्के मकान व दुकानें बना बैठे हैं, जबकि कुछ लोगों ने अन्य जगह पर अवैध कब्जा किया हुआ है। जिला प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से उक्त स्थानों पर अभियान चलाकर बुल्डोजर मशीनों को साथ लेकर उक्त स्थान से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई शुरू करने को कहा। कलेक्टर ने चखना दुकानों पर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। शराब दुकानों के आसपास चखना दुकानों की वजह से राह चलने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चखना दुकानों को चिन्हित करके कार्रवाई करने को कहा। सड़क किनारें स्थित सभी छोटे-बड़े कब्जों को हटाया जाएगा। यातायात को बाधित करने वाले ठेला तथा दुकान के बाहर साइन बोर्ड हटाकर सड़क को बाधा मुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा रोड़ पूरी तरह खाली एवं व्यवस्थित दिखना चाहिए। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्तों एवं सभी निकायों के नगर पालिका अपनी उपस्थिति में अवैध कब्जों पर कार्रवाई करें। साथ ही उन्होंने नगर निगम आयुक्तों को सड़क किनारे फल व सब्जी ठेलों को हटाने को कहा। सड़कों के किनारे खड़ी ठेलो और दुकानों के बाहर बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं होल्डिंग्स को हटाने कहा, जिससे यातायात सुव्यवस्थित हो सके। सड़क खाली एवं व्यवस्थित दिखाई देना चाहिए। फुटपाथ पर कब्जा जमाए हुए हैं उन सभी को हटवाकर दुबारा न लगाने की समझाईश दी जाए। सड़क के किनारे व्यवसाय कर रहे सर्विस रोड किनारे से अतिक्रमण कर सड़क पर से अवैध कब्जा हटाने को कहा, नही हटाए जाने पर जुर्माने एवं सामान जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। ठेलों को व्यवस्थित करने आयुक्त नगर निगम को निर्देश दिए। उन्होंने आयुक्तों से जगह चिन्हांकित कर ठेलों को शिफ्ट करने को कहा। उन्होंने कहा कि ठेलों को वेडिंग जोन में रखना संभव न हो तो सड़क किनारे स्थान जहां ठेला लगाया जा सके उसे स्थान पर ठेलों को व्यवस्थित करने को कहा। बैठक के दौरान सड़कों पर घुमंतु भिक्षुओं को चिन्हांकित करने एवं सड़क किनारे पड़ी कंडम गाड़ियों की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि घुमंतु भिक्षुओं को चिन्हांकित किया गया है एवं कंडम गाड़ियों को व्यवस्थित किया जा रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर एवं नगर निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास, नगर निगम दुर्ग आयुक्त लोकेश चंद्राकर, नगर निगम रिसाली आयुक्त आशीष देवांगन, अपर कलेक्टर गोकुल रावटे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन सहित नगरीय निकाय के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

# अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, न्यायालय एवं धार्मिक संस्थाओं के 100 मीटर की परिधि में कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र की घोषणा

## कलेक्टर ने जारी किया आदेश

पायनियर संवाददाता ✓ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन ने माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा पारित आदेश के परिपालन में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा के प्रावधानों के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, न्यायालय एवं धार्मिक संस्थाओं के 100 मीटर की परिधि के क्षेत्र में कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है। जारी आदेशानुसार दिन के समय सुबह 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत 75 डेसिबल ध्वनि सीमा, वाणिज्य क्षेत्र में 65, आवासीय क्षेत्र में 55 डेसिबल की ध्वनि सीमा निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत 70 डेसिमल, वाणिज्य क्षेत्र के अंतर्गत 55, आवासीय क्षेत्र के अंतर्गत 45 डेसिमल ध्वनि सीमा निर्धारित किया गया है। कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र साइलेंट जोन क्षेत्र अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, न्यायालय, धार्मिक संस्थाएं आदि के काम से कम 100 मीटर दूरी तक पटाखे ना फोड़े जाने के आदेश जारी किया गया है। इसी प्रकार इस क्षेत्र के अंतर्गत 100 मीटर की दूरी तक प्रेशर हॉर्न या म्यूजिकल हार्न या अन्य किसी भी प्रकार के साउंड एमप्लीफायर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

# डबल इंजन सरकार से जशपुरवासियों की उम्मीदें डबल, इस कार्यकाल में ही रेलवे और मेडिकल कॉलेज के दर्शन की मांग

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार से जुड़े भाजपा के नेता जब भी किसी राज्य में चुनावी दौरे में भाषण देने जाते हैं तो वे डबल इंजन की सरकार का जिक्र जरूर करते हैं। इसका मतलब उनका यही होता है कि केंद्र में अगर भाजपा की सरकार है तो राज्य में भी भाजपा की सरकार बनाईये। दो इंजन हो जाने से विकास की रफ्तार तेज हो जाएगी। छत्तीसगढ़ में पहले भी 4 साल डबल इंजन की सरकार 2014 से 2018 तक रही है। बावजूद इसके जशपुर जिला विकास से अछूता रहा है। केंद्र सरकार के 10 साल पूरे होने को हैं और अबतक यहां एनएच-43 का कार्य अधूरा है। डबल इंजन के दौरान टेंडर हुए पर कार्य में प्रगति नहीं आ सकी नतीजा यह है कि जिलावासी अब भी अच्छी सड़क के लिए तरस रहे हैं। इस बार एक बार फिर प्रदेश की जनता ने डबल इंजन सरकार को चुना है और इसमें जशपुर जिला की महत्वपूर्ण भूमिका है। जशपुर जिला के मतदाताओं ने तीनों विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाई है और इंजन का पॉवर बढ़ाने का काम किया है। अब उनकी डबल अधूरी उम्मीदें हैं जिसे पूरी होने की सभी बाट जोह रहे हैं।

### सड़क, पर्यटन, स्वास्थ्य और अधोसंरचना से जुड़े क्षेत्र विकास की जोह रहे बाट





### अच्छी सड़क प्रमुख मांग

जशपुर जिला वासियों की पहली प्राथमिकता अच्छी सड़क है। शंख लोदाम से कुनकुरी तक एनएच-43 की निर्माण पूरा हो चुका है। लेकिन कुनकुरी से पत्थलगांव तक की स्थिति बेहद जर्जर और दयनीय है। इस सड़क का समय से निर्माण हो जाए यह मांग जशपुरवासियों की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। दरअसल यह सड़क जशपुर जिला के लिए जीवन रेखा सड़क है। यहीं से होकर प्रदेश की राजधानी और अन्य कारोबारी शहर के लिए लोग व्यापार और ईलाज और शिक्षा व शादी विवाह के लिए आना जाना करते हैं।

### रेल की मांग बरसों पुरानी

जशपुरवासियों की प्राथमिकताओं में रेल भी शामिल है। रेल यात्रा के लिए जशपुरवासियों को अपने शहर से 150 किलोमीटर का सफर झारसुगड़ा, 210 किमी रायगढ़, 150 रांचीख 150 किमी अंबिकापुर का सफर तय करना पड़ता है। मरीजों और बुजुर्गों को ट्रेन तक ले जाने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। रेल संघर्ष समिति के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ अधिवक्त । अखिलेश सहाय बताते हैं, संघर्ष को शुरू किए अब 50 साल पूरा होने वाला है। सरकार सर्वे करा चुकी है, फंड के लिए पत्राचार किया जा रहे है, बजट में रेल लाइन को अबतक शामिल नहीं किया गया है। सिर्फ सर्वे के पत्र को ही सोशल मीडिया में घुमा-घुमाकर श्रेय लेने की होड़ मची है। डबल इंजन की सरकार से सबको उम्मीदें हैं कि इस बार उन्हें जशपुर में रेल देखने को मिल जाएगा।

### मेडिकल कॉलेज की घोषणा पर अमल

17 नवंबर के मतदान से पहले 30 अक्टूबर को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जशपुर के बलराम मंच में प्रचार के लिए जशपुर आए थे। हजारों की भीड़ में रमन सिंह ने जनता को यह आश्वासन दिया है कि आप भाजपा को विजयी बनाईये आपके जशपुर में मेडिकल कॉलेज की सौगात देने की जिम्मेदारी मेरी है। इस संबंध में स्वास्थ्य मामलों को लेकर गरीबों के लिए सामने आकर प्रशासन से मदद दिलाने का काम करने वाले युवा नेता दीपक गुप्ता से पूछने पर उन्होंने कहा, मेडिकल कॉलेज जल्द से जल्द बने इसके लिए हम अपनी सरकार से नियमित मांग करते रहेंगे।

# अंचल में 2 मंजिला इमारत में लगी आग

■ किचन में रखे फ्रिज के कंप्रेसर फटने को बताया जा रहा हादसा की वजह

## ब्लास्ट के वक्त घर पर मौजूद थे लोग

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा अंचल के कोतवाली थाना क्षेत्र में श्याम मंदिर के पास एक मकान के दूसरे माले में भीषण आग लग गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना दमकल वाहन को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आग फ्रिज के कंप्रेसर फटने की वजह से लगी है। मिली जानकारी के मुताबिक आशा देवी शर्मा अपने दो बेटा, बहू और उसके बच्चों के साथ निवास करती है। मंगलवार की शाम 6 बजे घर में लगभग आशा शर्मा और उसकी बहू और बच्चे मौजूद थे। दोनों बेटे किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अचानक किचन पर रखे फ्रिज का कंप्रेसर फट गया और भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि कंप्रेसर फटने की आवाज इतनी जबरदस्त थी कि पूरा परिवार बाहर भाग खड़ा हुआ। लोगों ने आग की की सूचना 112 और दमकल वाहन को दी। घटना की सूचना के बाद मौके पर नगर निगम, सीएसईबी, बालको समेत पांच दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया। जिला अग्नि समन अधिकारी पी.बी. सिदार ने बताया कि नगर सेना की दमकल वाहन मौके पर पहुंची थी, आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल कोई जनहानि की खबर नहीं है। सभी लोग सुरक्षित हैं।

## लंबित मामलों को निपटाने थाना-चौकियों का निरीक्षण करेंगे जिला पुलिस अधीक्षक



**कोरबा।** कोरबा जिले में पुलिसिंग में कसावट लाने के साथ-साथ व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए कई स्तर पर काम किया जा रहा हैं। अब हर बुधवार को पुलिस अधीक्षक थाना और चौकी का भ्रमण करने के साथ जनता की शिकायत सुनने के साथ उनका निराकरण करेंगे। इसके साथ ही लंबित मामलों का निराकरण करने का प्रयास भी किया जाएगा। वर्ष 2023 की विदाई के लिए लगभग 3 सप्ताह का समय बचा है। इस स्थिति में पुलिस के सामने लंबित मामलों को निपटाने की चुनौती है। अलग-अलग प्रकार से संबंधित लंबित अपराधों के बारे में जानकारी लेकर निराकरण करने के लिए अब विशेष रूप से अभियान पर काम होगा। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि वर्ष की समाप्ति से पहले इस दिशा में पुलिस आवश्यक कार्रवाई करेगी। चुनावी वर्ष होने के कारण पुलिस पिछले दो-तीन माह से लगातार व्यस्त रही। विभिन्न क्षेत्रों में रैली सभा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल को बाहर भेजना पड़ा। इसके कारण थाना चौकिया में कामकाज पर असर पड़ा।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसम्बर को सैनिकों के कल्याण के लिए दान की अपील

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




सशस्त्र सेना झंडा दिवस प्रति वर्ष भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में हमारे देश में 07 दिसम्बर को हर्ष के साथ मनाया जाता हैं। इस परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला बोर्ड जशपुर डॉ. रवि मित्तल द्वारा जिले के सभी नागरिक से अपील की गई है कि शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत् सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें। गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समस्त नागरिकों के लिये अपनी सेना में विषम एवं दुर्गम इलाकों में सेवारत् सैनिकों, वीर शहीदों के परिवार व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का उत्तम अवसर है, जिसमें सभी नागरिक दिल खोलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में बढ़ चढ़कर योगदान दे सकते हैं। झंडा दिवस की यह राशि घायल सैनिकों के पुनर्वास, शहीद सैनिकों के परिवार को आर्थिक सहायता एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों हेतु कल्याणकारी योजनाओं एवं पुनर्वास में उपयोग की जाती है। विदित हो कि दान की गई समस्त राशि, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 के अंतर्गत आयकर से मुक्त होगी।

उपरोक्त दान राशि नगद जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जशपुर को या डिमाड़ ड्राफ्ट बनाकर से सहयोग किया जा सकता है।

# जिले के 4,50,453 भेड़-बकरियों में रोग नियंत्रण को लेकर विशेष अभियान किया जा रहा है टीकाकरण

## सघन पी.पी.आर.टीकाकरण अभियान 20 दिसम्बर तक

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले के पशु पालकों के भेड़-बकरियों में सघन पी.पी.आर. टीकाकरण अन्तर्गत रोग नियंत्रण को लेकर विशेष टीकाकरण अभियान 21 नवम्बर 2023 से 20 दिसम्बर 2023 तक टीकाकरण अभियान किया जाएगा। पशु चिकित्सा सेवायें जिला जशपुर के उप संचालक डॉ.ए.के. मरकाम ने जानकारी दी कि जिले के 4,50,453 भेड़-बकरियों में रोग नियंत्रण को लेकर विशेष अभियान के तहत् 21 नम्बर से टीकाकरण कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसे लेकर पूरे जिले में 57 दल गठन किया गया है, पुरे प्रदेश में सर्वाधिक भेड़-बकरियों की संख्या जशपुर जिले में है। विकासखण्ड स्तर पर गठित दल के द्वारा प्रत्येक ग्राम भेड़-बकरियों प्रजाति के पशुओं को निःशुल्क टीकाकरण का कार्य संपादन किया जा रहा है।

समस्त पशु पालकों से अनुरोध है कि अपने-अपने भेड़-बकरियों में पी.पी. आर. का टीका अवश्यक लगवा लेवें। पी.पी. आर. एक विषाणु जनित संक्रमित रोग है, जिसे गोट प्लेग भी कहा जाता है, जो कि भेड़-बकरियों में होती है, ऐसे भेड़-बकरी जिनका टीकाकरण नहीं किया गया है या टीका नहीं लगाया जा रहा है, उन भेड़-बकरियों में पी.पी.आर. रोग फैल सकता है, एवं पशु पालकों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती।

# जिला चिकित्सालय में कैंसर संबंधी विकास हेतु निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर 10 दिसम्बर को

## कैंसर सर्जन डॉक्टर भारत भूषण देगें अपनी सेवाएं




पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशास जशपुर एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त प्रयास से जिला चिकित्सालय में कैंसर संबंधी विकास हेतु 10 दिसम्बर 2023 को निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में कैंसर सर्जन डॉ. भारत भूषण उक्त तिथि को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक अपनी सेवाएं देगें। शिविर में कैंसर से संबंधित बीमारियों की जांच एवं परामर्श, मुंह में ना ठीक होने वाले छाले, शरीर में गांठ होना और त्वचा के बहार से महसूस होना, मेनोपॉज के बाद भी ब्लीडिंग, स्तन में गांठ होना, पेट का कैंसर, स्तर का कैंसर, हेड एंड नेक कैंसर इत्यादि बीमारियों का जांच किया जाएगा। जिला चिकित्सालय जशपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने इस प्रकार की बीमारी से ग्रसित लोगों को शिविर में उपस्थित होकर इलाज कराने की अपील की गई है।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी, अंतिम तिथि 30 दिसम्बर तक

■ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी कर सकते हैं आवेदन

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महा विद्यालय, विश्व विद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलि टेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तिकी पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि अनुसार राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) 28 नवम्बर से 30 दिसम्बर 2023 तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 15 दिसंबर से 20 जनवरी 2024 तक एवं संस्कृति लॉक करने 15 दिसंबर 2023 से 24 जनवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात जिला सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृति नहीं किए जाएंगे। लॉक अथवा।स्वीकृति करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः ही जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनके द्वारा दर्ज किया गया बैंक खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडिंग बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें।

# जिले के कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में हुआ हादसा-हसदेव पुल घाट में पलटी कार

■ डायल 112 के जवान व चालक ने कार में फंसे नवदंपति को निकाला बाहर

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले के कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में हसदेव पुल घाट के समीप एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। नवदंपत्ति कार के भीतर फंस गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। दंपत्ति को यात्री बस में कटघोरा रवाना किया गया। घटना रात लगभग 9.40 बजे की बताई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर में रहने वाला युवक अपनी पत्नी के साथ परिजनों से मिलने जा रहा था। वे कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 में हसदेव पुल घाट के पास पहुंचे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित हो गयी। अनियंत्रित कार सड़क किनारे खाई में पलट गई। नव दंपत्ति कार के भीतर ही फंस गए। जिसकी सूचना राहगीरों ने डायल 112 के कंट्रोल रूम में दी। सूचना मिलते ही डायल 112 के बांगो कोबरा 01 में तैनात आरक्षक 679 शिव चौहान चालक नीरज पांडेय के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने भारी मशक्कत के बाद कार में फंसे नव दंपत्ति को बाहर निकाला। घटना में नव दंपत्ति को मामूली चोटे आई थी। उन्हें यात्री बस से रात्रि विश्राम के लिए कटघोरा रवाना किया गया। मामले की सूचना मोरगा पुलिस को दी गई है। पुलिस कार को निकालने के बाद वैधानिक कार्रवाई करेगी।

# एसआईएस सुरक्षाकर्मी के लिए पंजीयन एवं मोबलाईजेशन शिविर आयोजन के लिए तिथि निर्धारित

## बेरोजगारों को रोजगार दिलाने हेतु भर्ती की तैयारी पूरी

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जशपुर के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार एस. आई. एस. लिमिटेड द्वारा जिले में 12 से 21 दिसम्बर तक भर्ती की जाएगी। भर्ती से संबंधित सारी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। भर्ती टीम प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर से अपनी पुरी तैयारी कर चुकी है। इस भर्ती शिविर में 350 सुरक्षा जवान, 25 सी.आई.टी. एवं 50 सुरक्षा सुपरवाइजर का चयन एस.आई.एस. के द्वारा किया जायेगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को एस.आई.एस. के 22 ट्रेनिंग सेन्टरो में से एक प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर में एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिसमें पी. टी., डील, ड्रील थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा भी.आई. पी. सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कम्प्यूटर, बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादी का प्रशिक्षण प्रदान करके एस.आई.एस. लिमिटेड में नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी। भर्ती शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए कमांडेंट कुमार शिवेन्द्र ने बताया की भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार, उम्र 21 वर्ष से 37 वर्ष, योग्यता 10वीं पास या फेल, लम्बाई 168 से. मी. वजन 55 से 100 किलो तक की होनी चाहिए साथ ही भर्ती अधिकारी ने बताया कि एस.आई.एस. द्वारा देश भर में अनेक प्रकार के पाठयक्रम का संचालन किया जाता है तथा सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए प्रथम बार एस.आई.एस. द्वारा रोजगार पाठयक्रम का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत एस.आई.एस. न्यू दिल्ली द्वारा जिलेवार बेरोजगार नवयुवको को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। जिस हेतु प्रशिक्षण कैंप का आयोजन 12 दिसम्बर को जनपद पंचायत बागीचा, 13 दिसम्बर को जनपद पंचायत मनोरा, 14 दिसम्बर को जनपद पंचायत फरसाबहार, 15 दिसम्बर को जनपद पंचायत पत्थलगांव, 16 दिसम्बर को जनपद पंचायत कुनकुरी, 18 दिसम्बर को जनपद पंचायत कांसाबेल, 19 दिसम्बर को जनपद पंचायत दुलदुला, 20 दिसम्बर को जनपद पंचायत जशपुर एवं 21 दिसम्बर को जिला परियोजना लाईबलीहुड कॉलेज, डोड़काचौरा जशपुर में किया जायेगा। नवयुवको को चयन किया जायेगा भर्ती स्थल पर शारीरिक मापदण्ड एवं लिखित परिक्षा लिया जायेगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतू नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी जवानों को एस. आई. एस. लि. जो आई. एस. ओ. 90015 मानक विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा।

# हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

थाना भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम गोरदी निवासी आरोपी तुलाराम बघेल पिता दशरथ (मूल निवासी ग्राम हरिनभठ्ठा) को अपनी पत्नी महेशिया बाई को हाथ मुक्के से मारपीट कर जमीन मे सिर के बल पटक देने से गंभीर चोट के कारण मृत्यु हो जाने के आरोप सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा शेख अशरफ ने आजीवन कारावास एवं 500 रुपये आर्थिक दण्ड से दंडित किया गया है। अपर लोक अभियोजक भाटापारा न्याजी खान ने बताया कि प्रार्थी मृतिका के पिता द्वारा थाना मे उपस्थित होकर यह रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी बड़े लड़की की शादी आरोपी से 12 वर्ष पूर्व हुआ था जो उन लोगों के साथ ही रहते थे। आरोपी शराब पीने का आदि है जो अपनी कमाई का पूरा रकम शराब मे उड़ा देता है। 26-10-22 को सुबह 10.00 बजे आरोपी शराब पीकर आया और अपशब्द गाली देने लगा, जिसे सुनकर उसकी पत्नी ने मना किया तो आरोपी ने उसे गली देते हुए हाथ मुक्के से मारपीट कर जमीन मे सिर के बल पटक दिया, जिससे सिर मे गंभीर चोट लगने से सिर के पीछे खून निकलने लगा। वह जमीन मे बेहोश पड़ी थी जिसे ईलाज हेतु 108 एंबुलेंस से शासकीय अस्पताल भाटापारा लाये, जहाँ डॉक्टर ने चेक कर महेशिया बाई को मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना को उसकी लड़की और आसपास रहने वाले देखे सुने हैं जो उक्त रिपोर्ट पर विवेचक विनोद मंडावी द्वारा विवेचना में घटना स्थल का नक्शा तैयार कर, पंचनामा, आरोपी तुलाराम को गिरफ्तार कर गवाहों के कथन लेखबद्ध कर संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय मे प्रस्तुत हुआ। न्यायालय के समक्ष अभियोजन साक्षियों के बयान पूर्ण होने पर अपर लोक अभियोजक न्याजी खान ने आरोपी को इस आपराध के लिए कठोर दंड से दंडित किये जाने का निवेदन किया। अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा शेख अशरफ द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते पर आरोपी द्वारा किया अपराध सिद्ध होना पाया इसलिए आरोपी तुलाराम बघेल को धारा 302 भा. द. संहिता के तहत आजीवन कारावास एवं 500 रुपये की सजा से दंडित किया गया है। शासन की ओर से पैरवी न्याजी खान एवं प्रकरण की विवेचना निरीक्षक विनोद मंडावी द्वारा किया गया है।

# इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल स्पर्धा में विप्र कॉलेज महिला और पुरुष दोनों वर्गों में बनी विजेता

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में नेताजी सुभाष कॉलेज द्वारा अभनपुर में आयोजित इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के महिला और पुरुष दोनों वर्गों में विप्र कॉलेज ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में विप्र कॉलेज ने यूटीडी को 4-1से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में नेताजी सुभाष कॉलेज को 4-2 से पराजित कर विप्र कॉलेज ने इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का खिताब हासिल किया। महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर को 8-2 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में विप्र कॉलेज ने डागा कॉलेज को एक तरफा मुकाबले में 12-0 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र कॉलेज ने इस सत्र में लगातार छठे खेल में चैंपियन बनी है।विप्र कॉलेज में खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण का लाभ उठाते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों का सभी इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा और प्रतिवर्ष लगभ 50 से 60 विभिन्न प्रतियोगिताओं में रविवि विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने की तिथि निर्धारित

**जशपुरनगर।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-78 के अनुसार निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचनों के परिणाम घोषणा होने के 30 दिन के अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्ययों के लेखो का सही प्रतिलिपि दाखिल करना है। निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने में असफल रहने पर संबंधित अभ्यर्थी को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10 के के अधीन किसी सदन का सदस्य या सदस्य चुने जाने के लिए तीन साल के लिए निरर्हित किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जशपुर ने तीनों विधान सभा क्षेत्र जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव के लिए चुनाव लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थी हेतु निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर व समस्त व्हाउचर को जमा करने के लिए तिथि निर्धारित किया है।

# बालको ने दिव्य ज्योति स्कूल के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

पायनियर संवाददाता ‹ बालकोनगर
www.dailypioneer.com




वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने समावेशिता को बढ़ावा देने और दिव्यांग बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। कंपनी ने दिव्यांग बच्चों के लिए माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन और कपड़ा सिलाई पर प्रशिक्षण सहित कई सत्रों को आयोजित किया। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को प्रेरक कहानियों और हस्त चित्रों के साथ इन बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

दिव्यांग किशोरों को अक्सर माहवारी और दिव्यांगता से जुड़े दोहरे चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। बालको ने माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष रूप से डिजाइन किए गए शिक्षण मॉड्यूल को शुरू किया। यह मॉड्यूल बालको की नई किरण परियोजना के अंतर्गत शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य माहवारी संबंधी मिथकों और भ्रांतियों के प्रति लोगों में जागरूकता और क्षमता निर्माण के माध्यम से माहवारी के दौरान स्थायी स्वच्छता प्रथाओं का विकास करना है। दिव्यांग बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए निर्देशित इस मॉड्यूल में विशेष रूप से माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन पर दिव्यांग किशोरों को शिक्षित करने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई शिक्षण सामग्री और तरीके उपलब्ध कराए गए हैं।

बालको ने 'स्टिच माई ओन पैड' नामक एक विशेष क्षमता-निर्माण कार्यक्रम भी संचालित किया। आर्थिक रूप से कमजोर और माहवारी से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करते हुए कंपनी द्वारा संचालित प्रशिक्षण ने अलग-अलग दिव्यांग किशोरियों को अपने स्वयं के पुनः प्रयोज्य कपड़े के पैड सिलने के लिए सशक्त बनाया। बालको ने उनकी माहवारी संबंधी जरूरतों के लिए एक स्थायी और स्वच्छ समाधान प्रदान किया।

कंपनी के मॉड्यूल से मूक, श्रवण और दृष्टि बाधित बच्चों और संवेदी चुनौतियों का सामना करने वाले इन व्यक्तियों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। कर्मचारी की स्वयंसेवा भावना के माध्यम से कंपनी ने अपने कर्मचारियों के साथ परिचर्चा सत्र का आयोजन किया, जिसने इन दिव्यांग बच्चों में आशा और प्रेरणा पैदा की। कई कर्मचारी प्रेरणादायक कहानी सुनाने और हाथ से पेंटिंग बनाने जैसी गतिविधियों के माध्यम से इन बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के लिए सरकारी संस्थान, दिव्य ज्योति स्कूल, कोरबा छत्तीसगढ़ के 120 से अधिक दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको समावेशिता की शक्ति और समाज के समग्र विकास पर इसके सकारात्मक प्रभाव में विश्वास करता है। बालको में हम ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो सभी को समान अवसर दे। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर हमें अपनी पहल के साथ एक समावेशी समाज के निर्माण में योगदान करने पर गर्व है, जिसका उद्देश्य न केवल शिक्षा और सहायता प्रदान करना है, बल्कि सभी लोगों में सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देना भी है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से हम बाधाओं को तोड़ने और सभी के लिए अधिक न्यायसंगत भविष्य बनाने की उम्मीद करते हैं। कार्यक्रम में बालको के दिव्यांग कर्मचारी श्री आकाश कौशिक ने कहा कि इस पहल के लिए स्वयंसेवा करना अविश्वसनीय अनुभव रहा है। मुझे अपने व्यक्तिगत जीवन और करियर दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अनुभव को बच्चों के साथ साझा करने का अवसर मिला। यह दर्शाता है कि हमारी दिव्यांगता हमारी रूकावट नहीं है, बल्कि विशिष्ट क्षमताएं हैं। बालको के साथ मिलकर हमने विविधता की एक कथा चित्रित की, जिसमें रूढ़िवादिता को तोड़ते हुए हमने यह साबित किया कि प्रत्येक अपनी विशिष्ट क्षमताओं के साथ प्रगति करती दुनिया में योगदान कर रहे हैं। एक समान कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता के रूप में बालको विविधता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए कई पहल करता है। संवेदीकरण कार्यशालाओं और प्रशिक्षण का आयोजन कर बेहतर कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देता है जो समझ और सम्मान पर पनपती है। कंपनी एक समावेशी नियुक्ति दृष्टिकोण अपनाते हुए योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। कंपनी सक्रिय रूप से विविध पृष्ठभूमि, अनुभव और क्षमता युक्त प्रतिभा की तलाश करती है, जिससे विविधता और समावेशन की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। कंपनी ने अब तक अपने यहां 18 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों और 5 दिव्यांग कर्मचारियों को नियोजित किया है।

## बंगाल की खाड़ी पर बना चक्रवर्ती तूफान सक्रिय

### मौसम वैज्ञानिकों ने जारी की चेतावनी



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

बंगाल की खाड़ी पर बना चक्रवर्ती तूफान उत्तर की तरफ बढ़ रहा है और इसका असर आंध्र प्रदेश उड़ीसा तेलंगाना के क्षेत्र के साथ-साथ दक्षिण छत्तीसगढ़ के बस्तर में भी दिखाई दे रहा है। बीते दो दिनों से आसमान में बादल छाए हुए हैं और रुक-रुक कर हल्की बारिश हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 24 घंटे में बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान सर्द हवा के साथ तापमान में भी गिरावट का अनुमान है। बारिश के चलते जहां रेल मार्ग पर लैंडस्लाइड की घटना सामने आई है, वहीं विजिबिलिटी की अभाव में हैदराबाद से जगदलपुर आ रहे विमान को वापस लौटना पड़ा। बता दें कि अगले दो दिनों तक जगदलपुर से यात्री सेवाएं भी प्रभावित रह सकती हैं। हालांकि अधिकारियों ने कुछ घंटे पहले ही इस बात की जानकारी देने की बात कही है। लगातार हल्की बारिश की वजह से धान के किसानों की परेशानी बढ़ी है। फसल काटने को तैयार किसान चिंतित दिखाई दे रहे हैं जिन किसानों ने अपनी फसल काटी है उन्हें इन्हें सुरक्षित रखने में दिक्कत आ रही है।

## विभागीय कार्यों की ओर लौटे अधिकारी

### कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा



पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

विधानसभा निर्वाचन-2023 के आदर्श आचरण संहिता समाप्ति के उपरांत कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा, कलेक्टर जनचौपाल, पी.जी.एन. के लंबित प्रकरण और सारथी एप में प्राप्त आवेदनों की निराकरण के संबंध में विभागवार जानकारी ली। उन्होंने जिले में विधानसभा निर्वाचन के कार्यों को सुव्यवस्थित संपादन के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। साथ ही अधिकारियों को अब विभागीय रूटिंग कार्यों को प्राथमिकता के साथ प्रारंभ करने कहा। कलेक्टर ने कलेक्टोरेट परिसर सहित अन्य स्थानों एवं सड़कों पर अवैध कब्जा हटाने त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया। उन्होंने सभी एस.डी.एम. और धान खरीदी से जुड़े संबंधित विभाग के अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों में खरीदे गए धान को बारिश से बचाव हेतु कारगार पहल करने कहा। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग और नगरीय निकायों के अधिकारियों को सड़कों में वाहन क्रासिंग हेतु चौराहों को ओपन रखने तथा एक किलोमीटर पश्चात् डिवाइडर सड़क को पुनः ओपन रखने कहा। दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने डिवाइडर के बीच में खुले मार्ग को बंद किया जाए। उन्होंने क्षेत्र से संबंधित एस.डी.एम. को सड़क ओपनिंग की निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है। बैठक में ए.डी.एम. अरविंद कुमार एक्का, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर गोकुल रावटे एवं योगिता देवांगन सहित सभी नगरीय निकाय के आयुक्त, सभी एस.डी.एम. एवं विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में रैली निकली

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में छत्तीसगढ़ के राजपूत क्षत्रीय समाज ने विरोध प्रदर्शन किया। राजस्थान के जयपुर के 5 दिसंबर को राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी। गोगामेड़ी की हत्या को लेकर छत्तीसगढ़ में भी राजपूत समाज में आक्रोश नजर आ रहा है। राजपूत क्षत्रिय समाज के सदस्यों ने पहले तेलीबांधा में धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद रैली निकालकर राजभवन पहुंचे, जहां राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर हत्या के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। समाज के लोगों ने राजभवन से कलेक्ट्रेट परिसर तक रैली निकाली। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि राजपूत सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेंदी की दिन दहाड़े हत्या से देश भर में राजपूत समाज और सनातनी हिंदू समाज में आक्रोश है। इसमें बड़ा षडयंत्र है। मामले में पूरी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों की मांग है कि हत्यारों को तत्काल गिरफ़्तार कर कड़ी सजा दी। सरकार हमारी मांगों पर सुनवाई नहीं करती तो आगे समस्त हिन्दू समाज उग्र आंदोलन करेगा।

राइट्स
इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ
राइट्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
शिखर, प्लॉट सं. 1, सेक्टर-29, गुड़गांव-122001

निम्नलिखित पद(पदों)/विधा(ओं) में योग्य प्रोफेशनल्स की आवश्यकता है:

| वीसी सं. | पद | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 397/23 | टीम लीडर (जयपुर, राजस्थान में साक्षात्कार) | 01 |
| 398/23 | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) (गुवाहाटी, असम में साक्षात्कार) | 01 |
| 399/23 | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) (गुवाहाटी, असम में साक्षात्कार) | 01 |
| 400/23 | सहायक प्रबंधक (सिविल) (गुवाहाटी, असम में साक्षात्कार) | 01 |

पद, वेतनमान, योग्यता, आयु, तिथि और स्थान, चयन प्रक्रिया आदि के बारे में विवरण के लिए, उम्मीदवार करियर सेक्शन के तहत राइट्स की वेबसाइट www.rites.com पर पोस्ट किया गया विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403